# देशबन्धु

महाशिवरात्रि आज

जबलपुर, रविवार 15 फरवरी 2026 । वर्ष – 70 । अंक – 89 पृष्ठ – 12 मूल्य – 3.00 रु.

■ गांव को गांव ही रहने... ■ हंसी की कीमत... 04
■ मोदी स्टाइल में तारिक रहमान ने की चाय... ■ पाक रक्षामंत्री के बयान पर क्यों पाकी... 09
■ बदल गए यूपीआई के बड़े नियम, क्या... ■ भारत के गोल्ड रिजर्व में बड़ी गिरावट... 11
■ भारत के धुरंधर... ■ ऑस्ट्रेलिया को... 10

## सार संक्षेप

### म्यूनिख में जी7 के विदेश मंत्रियों से मिले एस जयशंकर

**म्यूनिख।** म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी7 समूह के अपने समकक्षों संग अहम बैठक की। यहां उन्होंने भारत के यूएनएससी को सहयोग समेत साझा हितों पर बात की। उन्होंने एक्स कुछ तस्वीरों के साथ पोस्ट लिख इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, म्यूनिख में जी7 के विदेश मंत्रियों से बात करके खुशी हुई। एजेंडे में यूएनएट80 था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए भारत के पूर्ण सहयोग की बात मैंने दोहराई।

### नवागत आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी श्री मनीष सिंह ने शनिवार को आयुक्त जनसंपर्क एवं प्रबंध संचालक, म.प्र. माध्यम के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे परिवहन सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक माध्यम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँचाना विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दिशा में समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे। आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक माध्यम श्री सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जनहित के कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार और समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया।



### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-एक लाख करोड़ का शहरी चुनौती कोष मंजूर हुआ है।**

**चुहिया- हां प्रिये- ये तो ठीक है पर असल चुनौती तो पुराने कोष के हिसाब की है।**

# एक लाख करोड़ के शहरी चुनौती कोष को मंजूरी




♦ उच्च गुणवत्ता वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा बढ़ावा
♦ 25 फीसदी हिस्सा सहायता के रूप में दिया जाएगा

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत शहरों में उच्च गुणवत्ता वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए कुल एक लाख करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता (सीए) दी जाएगी।

कैबिनेट ने बताया कि शहरी चुनौती कोष उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक-केंद्रित सुधारों का लाभ उठाएगा। इस कोष का उद्देश्य लचीले, उत्पादक, समावेशी और जलवायु-अनुकूल शहरों का निर्माण करना है ताकि शहर देश के आर्थिक विकास के अगले चरण के प्रमुख चालक बन सके।

इसके तहत शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना की लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा केंद्रीय सहायता के रूप में दिया जाएगा, बशर्ते परियोजना लागत का न्यूनतम 50 प्रतिशत हिस्सा बाजार से जुटाया जाए।

### स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को भी मंजूरी

सरकार ने देश में बढ़ते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए 10 हजार करोड़ रु. के स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप इकाइयों के लिए उद्यम पूंजी कोष को अधिक सुलभ बनाना है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना भारत के स्टार्टअप सफर के अगले चरण को तेज़ करने के लिए तैयार की गई है। वर्ष 2016 में शुरू की गयी स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत शुरू किए गए इस कोष के बारे में सरकार ने कहा है, 'इस कोष के गठन का उद्देश्य दीर्घकालिक घरेलू पूंजी को आकर्षित करना, वेंचर कैपिटल इकोसिस्टम को मजबूत बनाना और देशभर में नवाचार-आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना है।'

### ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे बनेगी ट्विन ट्यूब सुरंग

असम में ब्रह्मपुत्र नदी से नीचे दो ट्यूब वाली सुरंग बनेगी जिसके एक ट्यूब से सड़क और दूसरी से रेलवे लाइन गुजरेगी। यह सुरंग असम में राष्ट्रीय राजमार्ग 715 पर नुमालीगढ़ और राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर गोहपुर को जोड़ेगी। परियोजना की कुल लंबाई 33.77 किमी और ट्वीन ट्यूब सुरंग की लंबाई 15.79 किमी होगी। इसकी अनुमानित लागत 18,662 करोड़ रुपए है और इसे पांच साल में पूरा किया जाना है।

### चार लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा

इससे अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा, जो अनुदान आधारित वित्तपोषण से हटकर बाजार से जुड़े, सुधार-उन्मुख और परिणाम-उन्मुख इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की ओर भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है।

कैबिनेट ने कहा कि यह कोष वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक परिचालन में रहेगा, जिसकी कार्यान्वयन अवधि वित्त वर्ष 2033-34 तक बढ़ाई जा सकती है। यह बजट 2025-26 में घोषित सरकार के उस दृष्टिकोण को साकार करती है जिसके तहत शहरों को विकास केंद्र, शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास और जल एवं स्वच्छता से संबंधित प्रस्तावों को लागू किया जाना है। इस कोष के अंतर्गत परियोजनाओं का चयन परिवर्तनकारी प्रभाव, स्थिरता और सुधार उन्मुखीकरण सहित चुनौतियों पर आधारित रूपरेखा के माध्यम से किया जाएगा। कोष का आवंटन सुधारों, लक्ष्यों और स्पष्ट रूप से परिभाषित परिणामों से जुड़ा होगा। सुधारों की निरंतरता आगे कोष जारी करने के लिए एक पूर्व शर्त होगी। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के एकल डिजिटल पोर्टल के माध्यम से परियोजनाओं और सुधारों की कागजरहित निगरानी को सुगम बनाया जाएगा।

# बहनों को प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूहों से जोड़ना और मेहनत की सही कीमत देना प्राथमिकता : मुख्यमंत्री



♦ मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को सिंगल क्लिक से जारी किए 1836 करोड़
♦ 5 लाख स्व-सहायता समूह की 62 लाख बहनें हुईं आत्मनिर्भर
♦ खंडवा में 608 करोड़ के कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनें मध्यप्रदेश की लक्ष्मी हैं, अन्नपूर्णा हैं, उनके लिए जितना करें, उतना कम है। सनातन संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोपरि है। महा शिवरात्रि के पावन पर्व से पहले प्रदेश की लाड़ली बहनों को 1500 रुपए सम्मान राशि की अद्भुत सौगात मिल रही है। बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार बहनों के कल्याण के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में हमारी प्राथमिकता है कि बहनों को प्रशिक्षण मिले, उन्हें स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जाए और मेहनत की सही कीमत मिले। बहनें एक बगिया मां के नाम योजना और स्व-सहायता समूहों से जुड़कर अपनी आय बढ़ा रही हैं। हमारी बहनें लखपति दीदी के साथ अब ड्रोन दीदी भी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 5 लाख स्व-सहायता समूह के माध्यम से अब तक 62 लाख बहनें आत्मनिर्भर हुई हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को खंडवा जिले के पंधाना में लाड़ली बहनों को योजना की 33वीं किस्त की सौगात देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए अंतरित किए। इस योजना में अब तक लाड़ली बहनों को 52,304 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और लाड़ली बहनों पर पुष्प वर्षा कर प्रदेश के कल्याण के लिए उनका आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर खंडवा के चहुंमुखी विकास के लिए 608 करोड़ रुपए से अधिक के 13 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इसमें 255 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं 353.82 करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने खंडवा जिले में 301 करोड़ लागत की निर्मित भाम सिंचाई परियोजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयोगशाला और पंधाना के नवीन शासकीय सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति नारी प्रधान है। घर में माताओं-बहनों के हाथ में पैसे आएं तो वे उन्हें परिवार की सुख समृद्धि में लगाती हैं। बहनों की जिंदगी बदलने के लिए हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार कपास आधारित उद्योग में >>शेष पृष्ठ 2 पर

### व्यापार समझौते पर राहुल ने सरकार को फिर घेरा

# झूठ बोलने में माहिर है मोदी सरकार

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर मोदी सरकार कपास उत्पादक किसान और कपड़ा निर्यातक दोनों को गहरा झटका दिया है।



श्री गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, '18 प्रतिशत टैरिफ बनाम जीरो प्रतिशत-आइए समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस पर भ्रम फैला रहे हैं और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'बंगलादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर शून्य प्रतिशत टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है - शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बंगलादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया -'अगर यही फायदा हमें भी चाहिए तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी।' आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई। और, ये कैसी नीति है। क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है - या फिर 'आगे कुआं, पीछे खाई' की हालत में फंसाने वाला जाल।'

### हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे

कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा और अब बंगलादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है।

भारत में कपड़ा उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं। करोड़ों लोगों की रोज़ी-रोटी इन्हीं पर टिकी है। इन क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोज़गारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। उन्होंने कहा, 'एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जो कपास किसानों और कपड़ा एक्सपोर्टर्स - दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती, लेकिन इसके ठीक उलट, नरेंद्र 'सरेंडर' मोदी और उनके मंत्रियों ने ऐसा समझौता किया है जो दोनों क्षेत्रों को गहरी चोट पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।'

# प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र पर बने पुल का किया उद्घाटन



♦ 3,030 करोड़ रुपए की लागत से हुआ तैयार
♦ राजमार्ग पर ईएलएफ का भी उद्घाटन किया

**गुवाहाटी, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया। यह आधुनिक पुल गुवाहाटी को नॉर्थ गुवाहाटी से जोड़ता है और क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई गति देता है।

करीब 2.86 किलोमीटर लंबा यह 6-लेन एक्स्ट्राडोज्ड प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) पुल लगभग 3,030 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है। यह पूर्वोत्तर भारत का पहला एक्स्ट्राडोज्ड पुल है। इसके चालू होने से गुवाहाटी और उत्तर-गुवाहाटी के बीच यात्रा समय घटकर मात्र 7 मिनट रह जाएगा।

भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए पुल में बेस आइसोलेशन तकनीक का उपयोग किया गया है, जिसमें फ्रिक्शन पेंडुलम बेयरिंग्स लगाए गए हैं। पुल की मजबूती और दीर्घकालिक प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए हाई-परफॉर्मेंस स्टे केबल्स लगाए गए हैं। साथ ही ब्रिज हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम (बीएचएमएस) भी लगाया गया है, जो रियल-टाइम निगरानी, शुरुआती क्षति पहचान और सुरक्षा में सुधार सुनिश्चित करेगा।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने डिब्रूगढ़ जिले के मोरान में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) का भी उद्घाटन किया। यह पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी तरह की पहली सुविधा है। उद्घाटन के बाद भारतीय वायु सेना ने भव्य एयर शो प्रस्तुत किया, जिसमें राफेल, सुखोई और मिग लड़ाकू विमान शामिल रहे। इन विमानों ने सफलतापूर्वक हाईवे स्ट्रिप पर उड़ान भरी और लैंडिंग की।

अपर असम में स्थित यह सुविधा पूर्वोत्तर में भारत की सैन्य क्षमता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम मानी जा रही है। 4.2 किलोमीटर लंबा यह कंक्रीट स्ट्रेच सैन्य और नागरिक दोनों प्रकार के विमानों के लिए आपातकालीन रनवे के रूप में काम कर सकता है। यह डिब्रूगढ़ एयरपोर्ट या >>शेष पृष्ठ 2 पर

# तारिक रहमान ने देशवासियों का आभार जताया

### जवाबदेही का भरोसा दिलाया

**ढाका, (एजेंसियां)।** बांग्लादेश चुनाव में मिली बंपर जीत के बाद पहली बार बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चीफ तारिक रहमान ने मीडिया के सामने देशवासियों का आभार जताया। उन्होंने इसे देश, लोकतंत्र और जनता की उम्मीदों की जीत करार दिया।

बांग्ला संबोधन में रहमान ने कहा, 'यह जीत बांग्लादेश की है, डेमोक्रेसी की है, और लोगों की उम्मीदों की है। मैं बांग्लादेश के लोगों को डेमोक्रेसी स्थापित करने में आई रुकावटों को पार करने के लिए बधाई देता हूं।'

उन्होंने आगे कहा, 'फासीवादी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अनदेखी नाकाम हो गई है। हमारी सरकार अब पूरे देश में कानून और पक्की सुरक्षा व्यवस्था करेगी।'







### विश्व कप में भारत का पलड़ा रहा है भारी, मुकाबले को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित

# भारत-पाकिस्तान में हाई-वोल्टेज मुकाबला आज

**कोलंबो, (एजेंसियां)।** भारत और पाकिस्तान के बीच आर प्रेमदासा स्टेडियम में रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का हाई-वोल्टेज मैच खेला जाना है। फैंस मुकाबले को लेकर बेहद उत्साहित हैं, लेकिन बारिश परेशानी का सबब बनी हुई है। रविवार को इस हाई-इंटेंसिटी मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है।

मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक रविवार को कोलंबो में बारिश की 76 प्रतिशत आशंका है। शाम के समय आसमान पर 100 प्रतिशत बादल छाए रहने पर यह आशंका घटकर 13 प्रतिशत रह जाएगी। टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक कुल 8 मैच खेले गए हैं, जिसमें मेन इन ब्लू का पलड़ा भारी रहा है। टीम इंडिया ने 7 मुकाबले अपने नाम किए हैं, जबकि पाकिस्तान को साल 2021 में इकलौती जीत मिली थी। भारत ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में साल 2009 से अब तक 15 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 11 जीते और सिर्फ 4 मुकाबलों में हार मिली। ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में भारत



शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर शीर्ष पर है। टीम इंडिया ने यूएसए के खिलाफ अपना पहला मैच 29 रन से जीता था, जिसके बाद नामीबिया को 93 रन से रौंदा। दूसरी ओर, ग्रुप-ए की अंकतालिका में दूसरे पायदान पर मौजूद पाकिस्तान ने भी अपने शुरुआती दोनों मुकाबले गंवाए हैं। इस टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ पहला मैच 3 विकेट से जीता था, जबकि यूएसए ने अपने पहले मैच को 32 रन से जीता। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के बाद भारतीय टीम 18 फरवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगी, जबकि पाकिस्तानी टीम का सामना 18 फरवरी को नामीबिया से होगा।

**भारत की टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान की टीम:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

(विस्तृत खबर खेल पृष्ठ 10 पर)


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2024-2025

# देश-विदेश

## भारत की कठपुतलियों पर आठ स्मारक डाक टिकट

**नई दिल्ली।** डाक विभाग ने 'भारत की कठपुतलियां' विषय पर शुक्रवार को आठ स्मारक डाक टिकटों का एक सेट जारी किया है। डाक विभाग ने शनिवार को बताया कि विभाग की सचिव वंदिता कौल ने समारोहपूर्वक इन टिकटों को जारी किया और कहा कि डाक टिकट हमारे राष्ट्र की विरासत के लघु दूत हैं। भारत की समृद्ध और विविध कठपुतली परंपराओं की विशेषता को दर्शाने वाले इस विशेष अंक के माध्यम से हम उन अमर कहानीकारों को सम्मानित करते हैं जिन्होंने पीढ़ियों से हमारी लोककथाओं, मूल्यों और सामूहिक स्मृति को संरक्षित रखा है।

### कानपुर में 369 करोड़ की टैक्स चोरी का भंडाफोड़

## 425 फर्जी फर्में पकड़ीं, 4 गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर में राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) विभाग ने 425 फर्जी फर्मों के जरिए 369 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) और टैक्स हेराफेरी का बड़ा खुलासा किया है। विभाग ने 309 फर्मों के पंजीयन निरस्त कर दिए हैं, 36 को निलंबित किया है और चार लोगों को गिरफ्तार कर मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की है।

अपर आयुक्त ग्रेड-2, एसआईबी कानपुर जोन द्वितीय कुमार आनंद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में केंद्रीय क्षेत्राधिकार की फर्मों की रेकी, भौतिक सत्यापन, डाटा विश्लेषण और पंजीयन दस्तावेजों की जांच के दौरान बड़े पैमाने पर फर्जी फर्मों के संचालन का पता चला। ये फर्में कागजों पर स्क्रैप, आयरन और स्टील के कारोबार में संलिप्त दिख रही थीं, जबकि वास्तविक रूप से माल का कोई परिवहन नहीं किया जा रहा था।

**425 मामले केंद्रीय अधिकारियों को भेजे गए**-जांच में सामने आया कि बिलों का आदान-प्रदान केवल फर्जी आईटीसी लेने और आगे ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। वर्ष 2025-26 में अब तक 425 मामले केंद्रीय अधिकारियों को भेजे जा चुके हैं। 309 फर्मों के पंजीयन निरस्त किए गए हैं, जिनमें लगभग 369 करोड़ रुपये की आईटीसी और टैक्स हेराफेरी शामिल है। शेष मामलों में भी कार्रवाई की तैयारी है।

### 72 करोड़ की आईटीसी में गड़बड़ी पहले भी पकड़ी गई

अधिकारियों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 36 फर्मों का पंजीकरण निरस्त कर 72 करोड़ रुपये की आईटीसी में गड़बड़ी पकड़ी गई थी। वर्तमान कार्रवाई के तहत कुमार इंटरप्राइजेज और केटी ट्रेडर्स समेत आठ फर्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कुमार इंटरप्राइजेज प्रकरण में चार लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है। 24 अन्य मामलों में अलग-अलग थानों में तहरीर दी गई है।

### सीए के पते का दुरूपयोग, नोटरी सील का गलत इस्तेमाल

जांच में खुलासा हुआ कि स्वरूपनगर स्थित एक प्रतिष्ठित सीए के आवासीय पते पर 'कुमार इंटरप्राइजेज' नाम से फर्जी फर्म पंजीकृत कराई गई थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 56.27 करोड़ रुपये की खरीद दिल्ली और बिहार की फर्मों से दर्शाई गई, जबकि संबंधित खरीद जीएसटीआर-2ए में प्रदर्शित नहीं थी और कई फर्मों का पंजीयन पहले ही निरस्त था।

इसके बावजूद जीएसटीआर-3बी में 155.89 करोड़ रुपये की बिक्री दर्शाकर आईटीसी का लाभ लिया गया। अप्रैल 2025 में भी बिना वास्तविक खरीद के 54.83 करोड़ रुपये की बिक्री दर्शाई गई। निरीक्षण में घोषित व्यापार स्थल आवासीय भवन निकला। बिजली बिल, किराया समझौता और नोटरी दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। केरल निवासी अधिवक्ता की नोटरी सील के दुरुपयोग की भी पुष्टि हुई है। फर्म संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच एसआईटी को सौंप दी गई है। विभाग का कहना है कि पूरे नेटवर्क की गहन पड़ताल जारी है और आगे भी बड़ी कार्रवाई की संभावना है।

## अमेरिका ने कैरेबियाई सागर में नौका पर हमला किया, तीन की मौत

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना ने कैरेबियाई सागर में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक नौका पर हमला किया। अमेरिका के दक्षिणी कमान ने बताया कि यह नौका तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मार्ग से जा रही थी। हमले में तीन लोगों की मौत हुई।

सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में नौका पानी में जाते हुए दिखाई देती है और अचानक उसमें आग लगने के बाद विस्फोट हो जाता है। अमेरिका ने बताया कि यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई और अब तक कैरेबियाई सागर और प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से में तस्करी के लिए इस्तेमाल होने वाली नौकाओं पर कम से कम 38 हमले किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 133 लोगों की मौत हो चुकी है।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील संतुलित, निर्यात केंद्रित वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा : पीयूष गोयल

**मुंबई, (आईएएनएस)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को विपक्ष के उन दावों को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता घरेलू हितों को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता संप्रभुता को छोड़े बिना उपभोक्ता हितों और निर्यात-आधारित विकास के बीच संतुलन बनाने के लिए तैयार किया गया है।

गोयल ने कहा कि 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होने के चलते हमने इस समझौते में मजबूत स्थिति में डील की है और अपने देश के आत्मनिर्भर सेक्टर्स को सुरक्षित रखा है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस आंतरिक समझौते को निष्पक्ष और संतुलित बताते हुए कहा कि पांच वर्षों में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामान (ऊर्जा, विमान, प्रौद्योगिकी) खरीदने का लक्ष्य केवल एक इरादा है, बाध्यकारी दायित्व नहीं, और यह भारत की वास्तविक व्यावसायिक आवश्यकताओं से प्रेरित है।

उन्होंने आगे कहा, अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर रेसिप्रोकल टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। इससे भारत को चीन (35 प्रतिशत) और बांग्लादेश/वियतनाम (20 प्रतिशत) जैसे प्रतिस्पर्धियों पर स्पष्ट लाभ प्राप्त होता है। कई प्रमुख भारतीय क्षेत्रों को अब शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि चावल, गेहूं, मक्का, बाजरा और दुग्ध जैसे संवेदनशील कृषि उत्पादों को इस समझौते से बाहर रखा गया है, ताकि इस ट्रेड डील का कोई नकारात्मक असर न हो।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, अमेरिका को दुग्ध, मुर्गी पालन, मांस, गेहूं, चावल, मक्का और सोयाबीन पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, भारत ने केवल उन वस्तुओं के लिए चुनिंदा पहुंच की अनुमति दी है जिनकी उसे आवश्यकता है या जिनका वह अधिशेष उत्पादन नहीं करता है, जैसे अखरोट, पिस्ता और कुछ विशेष प्रकार की शराब, जिन पर न्यूनतम आयात मूल्य लागू है।ङ्घ केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारतीय कपास उद्योग के लिए विशाल और उज्ज्वल भविष्य की भविष्यवाणी करते हुए कहा कि व्यापार समझौता उत्पादकों को नुकसान पहुंचाने के बजाय मांग को बढ़ाएगा।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताया कि भारत को अगले पांच वर्षों में लगभग 100 अरब डॉलर मूल्य के बोइंग विमान, इंजन और स्पेयर पार्ट्स आयात करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि विमानन क्षेत्र में इस वृद्धि से दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और संभवत: भारतीय नागरिकों के लिए हवाई किराया कम हो जाएगा।

## अमेरिका हमें टॉयलेट पेपर की तरह छोड़ गया : पाक रक्षामंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ़ की अमेरिका के साथ उनके देश के संबंधों पर की गई टिप्पणी पर चर्चा तेज़ हो गई है। ख्वाजा आसिफ़ बीते सोमवार नेशनल असेंबली में अफ़ग़ानिस्तान के युद्धों में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने अमेरिका पर अपने रणनीतिक हितों के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल करने और फिर उसे 'टॉयलेट पेपर' की तरह छोड़ देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अफ़ग़ानिस्तान की ज़मीन पर लड़ी गई दो जंगों में कोई इस्लाम या मज़हब की मोहब्बत के लिए हिस्सा नहीं लिया था। ख्वाजा आसिफ़ ने कहा कि ये कोई जिहाद नहीं था। वो एक सुपरपावर की जंग थी।

ख्वाजा आसिफ़ ने इस आम धारणा से असहमति जताई कि अफ़ग़ानिस्तान की जंगों में पाकिस्तान की भागीदारी धार्मिक या इस्लामी कारणों से प्रेरित थी। उन्होंने देश के दो सैन्य तानाशाह (ज़िया-उल हक और परवेज़ मुशर्रफ़) पर अमेरिका के साथ दिखने के लिए अफ़ग़ानिस्तान की जंगों में शामिल होने का आरोप भी लगाया। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री 1979 में शुरू हुई सोवियत अफ़ग़ान जंग का ज़िक्र करते हुए बोले, 'सोवियत यूनियन काबुल में जो हुकूमत थी उसके इनविटेशन पर अफ़ग़ानिस्तान आया था, ये कोई आक्रमण नहीं था। ये अमेरिकी थ्योरी है।

'वो कोई जिहाद नहीं था। वो एक सुपरपावर की जंग थी और हमने इसके लिए अपना करिकुलम चेंज कर दिया, जिसे हम अब तक वापस पुराने जैसा नहीं बना सके, जैसा हमने 1960 या 70 के दशक में पढ़ा था। उन्होंने कहा, 'हमारे राजनीतिक और धार्मिक मूल्यों, परंपराओं तक में बदलाव किए गए।

## असम मुख्यमंत्री सरमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग, सुको 16 को सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार, 16 फरवरी के दिन सुनवाई करने जा रहा है। यह याचिका सीपीआई नेता एनी राजा की ओर से दायर की गई है। इस मामले की सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी है।



**'मियां मुस्लिम' बयान और वायरल वीडियो का हवाला**-याचिका में हिमंता बिस्वा सरमा के 'मियां मुस्लिम' बयान और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उस वीडियो का हवाला दिया गया है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री को मुस्लिम टोपी पहने कुछ लोगों पर बंदूक से निशाना साधते हुए दिखाया गया है। इस वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया था और इसे साम्प्रदायिक तनाव बढ़ाने वाला बताया गया।

**आपत्तिजनक बयानों को लेकर दूसरी याचिका पर भी सुनवाई**-इसी से जुड़ा एक अन्य मामला भी सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध है। देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों द्वारा मुस्लिम समुदाय को लेकर दिए जा रहे आपत्तिजनक बयानों के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 17 फरवरी को सुनवाई करेगा।

**पूर्व नौकरशाहों और शिक्षाविदों की याचिका में गाइडलाइन बनाने की मांग**-यह दूसरी याचिका पूर्व नौकरशाहों, राजनयिकों, शिक्षाविदों और सिविल सोसायटी के सदस्यों द्वारा दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि संवैधानिक और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को भड़काऊ और समुदाय-विशेष को निशाना बनाने वाले बयानों से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट गाइडलाइंस तैयार करें।


कोर्ट विद्यमान आयुक्त, कामगार नुकसान भरपाई कायदा, तथा मा. न्यायाधिश, द्वितिय कामगार न्यायालय, नागपूर.

केस नंबर : Misc. (W.C.A.) No : (B) १६/२०२६
पेशी तारीख २४/०२/२०२६
अर्जदार : श्रीमती बबिता मनिष यादव
-विरूध्द-
जाबदेणार : पिन्याकल कन्सस्ट्रक्शन

जाहीर सूचना

आम जनतेस कळविण्यांत येते की, मृतक मनिष देवालाल यादव यांचा अपघात मृत्यु प्रकरणी नुकसान भरपाई म्हणून गैरअर्जदार यांनी रक्कम रुपये १४,६४,८००/- (चौदा लाख चौशट हजार आठशे रुपये) गैर अर्जदार क्र.२. आतुल दिलीप वानखेडे, राहणार, प्लॉट नं. ८१२, जवळ पवा बौध्द विहार बोरगांव रोड, गोरेवाडा, नागपूर कोर्टात जमा केले आहे. त्यांचे वारस म्हणून १. बबिता मनिष यादव (पत्नी), २. शौर्या मनिष यादव (मुलगा), ३. कु. दिव्या मनिष यादव (मुलगी), सर्व राहणार, ततारी बॉल्क, वार्ड नं. ०८, खेमला मोहल्ला, ता. नयनपूर, जिल्हा मंडला, मध्येप्रदेश या अर्जदाराने रक्कम मिळण्याकरिता दावा दाखल केला आहे. त्याशिवाय कुणी वारस असल्यास दिनांक २४/०२/२०२६ रोजी लेखी पुराव्यासह न्यायालयात हजर रहावे, अन्यथा रकमेचे भुगतान उपस्थित वरील अवलंबितदारास करण्यांत येईल याची नोंद घ्यावी.

आदेशान्वये
शिक्का
स्वाक्षरी/- न्यायालय लिपीक, कामगार न्यायालय, नागपूर.

Prasanna Publicity 9326927622


## किन्नौर के भावानगर में भीषण सड़क हादसा: चार की मौत, एक घायल

**किन्नौर।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिला के भावानगर उपमंडल में शनिवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घायल का छोल्टू अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7 बजे जानी संपर्क मार्ग पर टापरी से जानी की ओर जा रही कार (एचपी 26 बी 8999) अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उस समय वाहन में पांच लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी।

हादसे में हिमेश कुमार (19) पुत्र नरेश कुमार निवासी जानी निचार, कृष्णा (42) पत्नी नरेश कुमार, सुषमा (47) पत्नी रोशन लाल निवासी ग्रांगे निचार और इंद्र लाल (30) पुत्र हरि लाल निवासी जानी की मौत हो गई।

## टेक्सास के नेवल एयरबेस पर क्रैश हुआ अमेरिका का एफ-35 फाइटर प्लेन

**फोर्ट वर्थ (टेक्सास):** अमेरिका के टेक्सास राज्य में दुनिया में सबसे ताकतर फाइटर प्लेन में से एक माना जाने वाला एफ-35 B प्लेन क्रैश हो गया। यह घटना टेक्सास के नेवल एयर स्टेशन जॉइंट रिजर्व बेस फोर्ट वर्थ पर हुई। पायलट ने खुद को क्रैश लैंडिंग के बाद इजेक्ट किया और किसी तरह जान बचा ली। वीडियो में देखा जा रहा है कि एफ-35B लाइटनिंग II फाइटर जेट के क्रैश लैंडिंग के दौरान पायलट ने खुद को इजेक्ट कर रहा है।



यह घटना वर्टिकल लैंडिंग (के दौरान हुई, जब जेट अचानक नियंत्रण खो बैठा और रनवे पर तेजी से गिरकर क्रैश हो गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, पायलट ने इमरजेंसी में इजेक्ट सीट का इस्तेमाल किया। पैराशूट खुलने के कुछ सेकंड बाद ही वह सुरक्षित जमीन पर उतर आए। वीडियो फुटेज में दिखा कि स्न-35क्क हॉवर करते हुए लैंडिंग की कोशिश कर रहा था, लेकिन अचानक नाक नीचे की ओर झुक गई, रनवे पर बाउंस हुआ, स्पिन हुआ और घास पर जा गिरा। धुआं उठने के साथ पायलट ने खुद को सफलतापूर्वक इजेक्ट किया। जेट का मालिक और निर्माता लॉकहीड मार्टिन ने पुष्टि की कि पायलट सुरक्षित है और जांच शुरू हो चुकी है।

**पहले भी इसी एयरबेस पर हो चुकी है ऐसी ही घटना**-यह घटना एफ-35B के लिए दुर्लभ नहीं है। दिसंबर 2022 में इसी बेस पर ऐसी ही घटना हुई थी, जहां वर्टिकल लैंडिंग फेल होने पर पायलट ने खुद को इजेक्ट किया था। तब भी पायलट को मामूली चोटें आई थीं। मई 2024 में न्यू मैक्सिको के किर्टलैंड एयर फोर्स बेस पर भी स्न-35क्क क्रैश हुआ था, जिसमें पायलट गंभीर रूप से घायल हुआ, लेकिन स्थिर था।स्न-35क्क अमेरिकी मरीन कोर के लिए विशेष शॉर्ट टेकऑफ/वर्टिकल लैंडिंग क्षमता वाला स्टेल्थ फाइटर है। यह हादसा तकनीकी खराबी, पायलट त्रुटि या सिस्टम फेलियर के कारण हो सकता है।

**अमेरिकी रक्षा विभाग ने बैठाई जांच**-अमेरिकी रक्षा विभाग ने घटना के बाद कारणों की जांच करने के लिए टीम गठित की है, जिसमें लॉकहीड मार्टिन और मरीन कोर शामिल हैं। किसी के घायल या मौत की खबर नहीं है, लेकिन जेट को भारी नुकसान पहुंचा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बहनों को प्रशिक्षण....

काम करेंगी तो उन्हें 5 हजार रुपए महीना अलग से दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद परिवार की बेटियों का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हो रहा है। सामूहिक कन्यादान योजना में 55 हजार रुपए प्रति जोड़ा राशि दी जाती है। सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में विवाह संस्कार सबसे बड़ा संस्कार है। यह परिवार में अमरता का संस्कार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पात्र हितग्राही परिवार की बेटियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था करा रही है, जिससे वे पढ़-लिखकर प्रदेश और परिवार का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना में प्रदेश की 25 लाख बहनों को 111 करोड़ की राशि भी निरंतर भेजी जा रही है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश की 7 लाख से अधिक हितग्राहियों बहनों को 385 करोड़ की राशि दी गई है।

खेती में महिलाओं की भागीदारी से सशक्त होगी अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य में दूध का उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिला है। गेहूं का समर्थन मूल्य भी 2700 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा। खेती में महिलाओं की भागीदारी जितनी मजबूत होगी, गांव, किसान परिवार और प्रदेश की अर्थव्यवस्था उतनी ही सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के लिए फिर से सर्वे कराया जा रहा है, जिससे वंचित पात्र हितग्राहियों को भी पक्के मकान मिल पाएं। राज्य सरकार गांव-गांव तक नल जल योजना से शुद्ध पेय जल उपलब्ध करवा रही है।

### प्रधानमंत्री ने....

छाबुआ एयर फोर्स स्टेशन के अनुपलब्ध होने की स्थिति में वैकल्पिक लैंडिंग विकल्प देगा और संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करेगा।

**कांग्रेस देश का बंटवारा करना चाहती है**-प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की कांग्रेस ऐसे लोगों और विचारों का साथ दे रही है जो देश के खिलाफ सोचते हैं। जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं या ऐसे नारे लगाते हैं, वे कांग्रेस के लिए सम्मानित बन गए हैं। पीएम ने कहा,

आजादी के समय मुस्लिम लीग ने देश का बंटवारा कराया। आज की कांग्रेस मुस्लिम लीग बनकर देश का बंटवारा करना चाहती है। यहां के नौजवानों को कांग्रेस का कुशासन याद नहीं होगा, कांग्रेस की सरकार चाहे असम की हो या दिल्ली की उन्होंने असम को अपने हाल पर छोड़ दिया था।

**नॉर्थ ईस्ट हमारे लिए अष्टलक्ष्मी: मोदी**-प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बजट के बाद असम का नार्थ ईस्ट का मेरा ये पहला दौरा है, जिस नॉर्थ ईस्ट को कांग्रेस ने हमेशा नजर अंदाज किया उसकी हम सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा-नॉर्थ ईस्ट हमारे लिए अष्टलक्ष्मी है। बजट में ज्यादा फोकस नार्थ ईस्ट को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर है। असम को टैक्स की हिस्सेदारी के रूप में करीब 50 हजार करोड़ रुपए मिलने वाले हैं।


In The Court of VI Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur
Presiding Officer: मेघा पुरोहित
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/ 0001365/ 2025)
नीलेश दीक्षित................वादी
Vs
बैंक मैनेजर एचडीएफसी बैंक ..... प्रतिवादी
Process Id-2025
पेशी दिनांक 10/03/2026

प्रेषिती
(1) मसरूर आलम पिता स्व. सईद आलम पता- पजा प्लाट नं. 58 न्यू रामपुर अमखेरा रोड गोहलपुर जबलपुर मध्यप्रदेश 482002

यह कि प्रार्थी नीलेश दीक्षत ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए दावा वास्ते वादी के उपर अधिरोपित फर्जी लोन राशि को शून्य अप्रवर्तनीय घोषित करने हेतु उदघोषणा बावत एवं तत्संबंध में वादी के पक्ष में प्रतिवादीगणों को विरूद्ध स्थायी निद्वषेधाज्ञा जारी करने बावत के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 04 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते वादी के उपर अधिरोपित फर्जी लोन राशि को शून्य अप्रवर्तनीय घोषित करने हेतु उद्घोषणा बावत एवं तत्संबंध में वादी के पक्ष में प्रतिवादीगणों को विरूद्ध स्थायी निषेधाज्ञा जारी करने बावत अंतर्गत विशिष्ट सहायता अनुतोष अधिनियम 1963 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें: 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(मेघा पुरोहित)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड)
जबलपुर (म.प्र)
र.नं. 3693



न्यायालय तहसीलदार तहसील बैहर
जिला बालाघाट
रा.प्र.क्र. 0971/ अ-6 वर्ष/ 2025-26
मौजा-करेला, प.ह.नं.-20
राजस्व निरीक्षक मण्डल बैहर
इश्तेहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता जबलपुर जिला जबलपुर को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका श्री शुजाउर्र रहमान खॉं पिता स्व. अजीमुर्र रहमान खॉं जाति मुसलमान निवासी मकान नम्बर- 1145 मॉडल रोड जहॉंगीराबाद पण्डित भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड वर्तमान सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड जबलपुर म.प्र.के द्वारा अपने चाचा स्व. अताउर्र रहमान खॉं पिता स्व. अब्दुल रहमान खॉं की स्वअर्जित शामिल सरीख भूमि मौजा करेली प.ह.नं. 20 राजस्व निरीक्षक मण्डल बैहर तहसील बैहर जिला बालाघाट में स्थित भूमि खसरा नम्बर 44/1/6 रकबा 2.691 हे. भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार बैहर के न्यायालय में आवेदक के चाचा स्व. अताउर्र रहमान खॉं पिता स्व. अब्दुल रहमान खॉं के अविवाहित लाऔलाद फौत होने के कारण आवेदक शुजाउर्र रहमान खॉं पिता स्व. अजीमुर्र रहमान खॉं के द्वारा उक्त भूमि के संबंध में नामान्तरण किये जाने तथा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों से अताउर्र रहमान खॉं पिता स्व. अब्दुल रहमान खॉं का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त खसरा नम्बर की भूमि के नामान्तरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति विशेष, संस्था को दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह दिनांक 27/02/2026 तक मेरे न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा एवं आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।
सील
तहसीलदार
बैहर



नाम परिवर्तन सूचना

मैं विजय कुमार उम्र 62 वर्ष पिता श्री नाथूराम वसोर निवासी - म.नं. 15, भगत सिंह वार्ड बड़ा पत्थर जे.डी.ए. कॉलोनी रांझी जिला जबलपुर (म.प्र.) 482005, मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश नाथूराम वसोर दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड, परिचय पत्र एवं पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम नाथूराम दमदेरिया (NATHURAM DAMDERIYA) अंकित है! अंकित नाम नाथूराम वसोर को संशोधित कर नाथूराम दमदेरिया (NATHURAM DAMDERIYA) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढा जावें !
पिता का पुराना नाम
नाथूराम बसोर
पिता का नया नाम -
नाथूराम दमदेरिया
(NATHURAM DAMDERIYA)



नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपने नाम में परिवर्तन किया है। मेरे पहचान दस्तावेज कक्षा 5वी की अंक सूची एवं मेरे दोनों पुत्रों के स्कूलों में रिकार्ड में मेरा नाम कामिनी पटेल (KAMINI PATEL) दर्ज है. एंव मेरे आधार कार्ड पेन कार्ड एवं वोटर आई डी एवं मेरे बैंक पास बुक में मेरा नाम वंदना पटेल (VANDNA PATEL) दर्ज है। दोनो ही नाम मुझ प्रार्थी के है। मैं अपने पुत्रों के स्कूल दस्तावेज के रिकार्ड के अनुसार मैं अपना नाम कामिनी पटेल नाम को विधिवत स्वीकार करती हूँ। वंदना पटेल मेरा घरेलू नाम है, मैं उक्त दोनों नामों की एक ही महिला हूँ अतः राजपत्र में प्रकाशन उपरांत भविष्य में मेरे सभी दस्तावेजों पर मेरा सही नाम श्रीमती कामिनी पटेल (KAMINI PATEL) पति ओमकार पटेल लिखा एवं पढ़ा जाये एवं मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व दर्ज किया जाये।
पुराना नाम
वंदना पटेल
(VANDNA PATEL)
नया नाम -
श्रीमती कामिनी पटेल
(KAMINI PATEL)
पति श्री ओमकार पटेल
पता-मकान नं. 92/1, पटेल मोहल्ला रेल्वे पानी की टंकी के पीछे, जबलपुर जिला - जबलपुर म.प्र. मो-8815876170
र.नं. 3694



FOR CHANGE OF NAME

I, BHAWESH KUMAR GONTIA S/O KOMAL PRASAD GONTIA R/o H.No. 150/2, Bhikhampur, Niwas, Mandla (M.P.) 481885, have changed the name of my minor daughter DNYANESHWARI GONTIA, aged about 5 years and she shall hereafter be known as DAKSHITA GONTIA. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
BHAWESH KUMAR GONTIA
[Signature of Gurdian]
र.नं. 3696



FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, RAJ KUMAR PATEL S/O SUGRIV PRASAD PATEL, employed as Line Mistry (MCM), Personal No.66479 in F-5 Section of Ordnance Factory Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005, residing at H.No.2042, Adarsh Nagar, Behind Lakhera Aata Chakki, Manegaon, Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005, declare that name of mine has been wrongly written as RAJKUMAR in my Service Record. The actual name of mine is RAJ KUMAR PATEL, which may be amended accordingly.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
(RAJ KUMAR PATEL)
Applicant
र.नं. 3696



FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, SAYEEDUL ZAFAR KHAN S/o ABDUL SAYEED KHAN, employed as Line Mistry/HS-1, Personal No. 68333 in F-2 Section of Ordnance Factory Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005, residing at H.No.1402, Raddi Choki, Near Panchsheel School, Gohalpur, Amkhera, Jabalpur (M.P.) 482004, declare that name of mine has been wrongly written as MUHAMMED SAYEEDULL ZAFER KHAN in my Service Record and MUHD SAYEEDULL ZAFEE KHAN in my PRAN Number 110023096017 of National Pension System (NPS). The actual name of mine is SAYEEDUL ZAFAR KHAN, which may be amended accordingly.It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection
(SAYEEDUL ZAFAR KHAN)
Applicant
र.नं. 3696


## अमेरिका में एक और भारतीय छात्र लापता

**वॉशिंगटन।** सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत ने बर्कले में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के 22 साल के भारतीय स्टूडेंट के गायब होने पर गहरी चिंता जताई है। स्थानीय अधिकारी पूर्व बे क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी रखे हुए हैं। बता दें, इससे पहले भी अमेरिका से कई भारतीय छात्रों के लापता होने की खबर सामने आई है। 'कॉन्सुलेट ने आगे कहा, 'वाणिज्य दूतावास स्टूडेंट का पता लगाने के लिए परिवार और संबंधित स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है।

# देश-प्रदेश

उवाच

**धार्मिक पर्यटन का अद्भुत केंद्र बनकर उभरेगा निमाड़**

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खंडवा दादा धूनीवाले दादा, क्रांति सूर्य जननायक टंट्या मामा और सुप्रसिद्ध गायक किशोर कुमार की धरती है। राज्य सरकार ने टंट्या मामा के नाम पर खरगौन में विश्वविद्यालय स्थापित किया। साथ ही जनजातीय महापुरुषों को सम्मान देने के लिए कार्यक्रमों की रचना भी की है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर मालवा और निमांड़ अंचल की पहचान है। उन्होंने वाराणसी के काशी विश्वनाथ सहित अनेक मंदिरों को भव्यता प्रदान की। बहुत जल्द खंडवा से ओंकारेश्वर और ओंकारेश्वर-इंदौर के बीच नई रेल लाइन की शुरुआत होगी।



## राज्यपाल से प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव की सौजन्य भेंट



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा ने शनिवार को लोकभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल श्री पटेल का प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. मिश्रा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। राज्यपाल श्री पटेल ने डॉ. मिश्रा को अंग वस्त्रम् और साँची स्तूप की प्रतिकृति स्मृति स्वरूप भेंट की।

## मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने की मुलाकात

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने शनिवार देर शाम समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. मिश्रा ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी डॉ. मिश्रा को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं बाबा महाकाल की प्रतिकृति स्मृति स्वरूप भेंट की।



मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर जिले को दी 80 विकास कार्यों की सौगातें, कई घोषणाएं की

# बुरहानपुर में बनेगा मिनी एयरपोर्ट, शाहपुर को बनाएंगे नगर पालिका

- सहकारी सूत मिल श्रमिकों को होगा बकाया राशि का भुगतान
- केला उत्पादकों के लिए स्थापित होगी वैल्यू एडिशन, भण्डारण एवं प्रसंस्करण इकाई




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का चहुंमुखी विकास ही सरकार का एकमात्र लक्ष्य है। आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में हर नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबको साथ और विश्वास में लेकर हम ऐसे नये मध्यप्रदेश का निर्माण करेंगे, जहां विकास केवल अवसर नहीं, यहां के हरेक नागरिक का अधिकार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को बुरहानपुर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 696 करोड़ 37 लाख रुपये लागत के 80 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर बुरहानपुर जिले के समग्र विकास को नई गति दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बुरहानपुर का विकास हमारी प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर में मिनी एयरपोर्ट बनाने की घोषणा की। उन्होंने बुरहानपुर में केला उत्पादक किसानों के हित में वैल्यू एडिशन, भण्डारण एवं प्रसंस्करण के लिए इकाई स्थापित करने, बुरहानपुर में कृषि आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में नगर परिषद शाहपुर को परीक्षण उपरांत नगर पालिका का दर्जा दिया जाएगा। बुरहानपुर में वारकरी समुदाय का कीर्तन केंद्र बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हॉर्टीकल्चर सब्जेक्ट अब प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में पढ़ाया जाएगा। उन्होंने खामनी से दही हांडी तक खामनी से रायगांव एवं शाहपुर से सुखपुरी तक सड़क बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुरहानपुर में युवाओं के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रारंभ किए जाएंगे। राज्य सरकार बुरहानपुर सहकारी सूत मिल श्रमिकों के बकाया भुगतान कराएगी और यहां नए उद्योग-धंधे भी स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कृषि, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों की 2 वर्ष की उपलब्धियों और भावी विकास योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ कर विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया।

### बुनकरों का शहर है बुरहानपुर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि से लेकर कपड़ा निर्माण तक, दवा से लेकर फर्नीचर उद्योग तक, पाइप निर्माण से लेकर कृषि उपकरण निर्माण तक बुरहानपुर का जवाब नहीं। यह जिला पावरलूम उद्योग का प्रमुख केन्द्र है और कपड़ा उत्पादन के कारण बुनकरों के शहर के रूप में बुरहानपुर के नाम से विख्यात है। यहां का केला उत्पादन, फसल विविधता और परिश्रमी किसान, यही हमारे कृषक कल्याण वर्ष की असली ताकत हैं। कार्यक्रम को जल संसाधन एवं बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट,खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक बुरहानपुर एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस ने भी संबोधित किया।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शनिवार को नवपदस्थ आयुक्त जनसम्पर्क एवं प्रबंध संचालक मप्र माध्यम मनीष सिंह ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की।**

## मनीष सिंह ने जनसंपर्क आयुक्त का कार्यभार संभाला



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मनीष सिंह ने शनिवार को आयुक्त जनसंपर्क एवं प्रबंध संचालक, म.प्र. माध्यम के पद पर कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। कार्यभार संभालने के बाद मनीष सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँचाना विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दिशा में समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे। आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक माध्यम श्री सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जनहित के कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार और समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया।

## एसआईआर : दावे आपत्ति की सुनवाई पूरी, 21 को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत प्रारुप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति पर सुनवाई पूरी हो गई है। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश में विभिन्न श्रेणियां में एक करोड़ से अधिक नोटिस जारी किए गए थे।संयुक्त मुख्य निर्वाचन रामप्रताप सिंह जादौन के मुताबिक, एसआईआर के तहत चल रहे दावे आपत्तियों और जारी नोटिसों की सुनवाई का काम तय समय में पूरा कर लिया गया है। चुनाव आयोग के तरफ से जारी कार्यक्रम के अनुसार, सुनवाई का काम 14 फरवरी तक पूरा कर लिया जाना था। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश के सभी जिलों में शत-प्रतिशत सुनवाई पूरी कर ली गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तय कार्यक्रम के मुताबिक 21 फरवरी को कर दिया जाएगा। वैसे पूरे प्रदेश में 22 जनवरी तक 15 लाख से अधिक लोगों ने दावे आपत्तियां आई थीं।

प्रदेश भर में फॉर्म-6 करीब नौ लाख प्राप्त हुए थे। वहीं, फॉर्म -7 करीब डेढ़ लाख प्राप्त हुए थे। जबकि फॉर्म-8 सवा पांच लाख से अधिक प्राप्त हुए थे। ग़ौरतलब है कि प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद प्रदेश में 5 करोड़ 31 लाख 31हजार 983 मतदाता रह गए हैं। एसआईआर शुरू होने के पहले प्रदेश में 5 करोड़ 74 लाख छह हजार 143 मतदाता थे।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के 4 अधिकारी इधर से उधर

**भोपाल, देशबन्धु।** सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 4 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग के मुताबिक, शुजालपुर जिले के अपर कलेक्टर भुरला सिंह सोलंकी को स्थानांतरित करते हुए आगर मालवा जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह छतरपुर जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर मिलिंद कुमार नामदेव को खरगोन जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। बुरहानपुर जिले के अपर कलेक्टर वीर सिंह चौहान को स्थानांतरित करते हुए उन्हें जिला पंचायत भिंड का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। उधर, अब तक इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के उप महाप्रबंधक रहे राकेश शर्मा को स्थानांतरित करते हुए मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल का मुख्य महाप्रबंधक बनाया गया है।

भाई की लाईसेंसी बंदूक से की खुदकुशी

## पूर्व विधायक के भांजे ने खुद को मारी गोली

**अशोकनगर, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी के के भांजे 26 वर्षीय गुरतेज संधू ने खुद को गोलीमार खुदकुशी कर ली। उन्होंने इंगलखेड़ा ग्राम स्थित अपने आवास पर बड़े भाई की लाईसेंसी बंदूक से खुद पर गोली चलाई। घटना उस वक्त हुई जब परिवार के सभी सदस्य एक सगाई समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे।

बताया गया कि शुक्रवार को घटना के वक्त देहात थाना क्षेत्र स्थित इंगलखेड़ी गांव में गुरतेज घर पर अकेला था। बताया जा रहा है कि उसने अपने बड़े भाई की 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक की नाल अपने माथे पर रखी



और गोली चला दी। धमाके की आवाज सुनकर घर में काम कर रहा नौकर घबरा गया। वह दौड़कर कमरे में पहुंचा, तो उसने देखा कि गुरतेज खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था।

गुरतेज की हालत देखकर घबराया कर्मचारी बदहवास हालत में वहां से बाहर आया और वह ट्रैक्टर स्टार्ट किया और सीधे उस होटल पहुंचा, जहां सगाई कार्यक्रम चल रहा था। होटल पहुंचकर जब उसने यह सूचना दो, तो खुशियों का माहौल चीख पुकार में बदल गया और परिजन तत्काल घर पहुंचे। फिलहाल आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हो सकता है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

भाजपा फॉर विकसित केरलम के तहत जनप्रतिनिधियों ने भोपाल में मुख्यमंत्री और ग्वालियर में विस अध्यक्ष से की मुलाकात, कई स्थानों का किया भ्रमण

# केरल में भाजपा व एनडीए का परचम लहराएगा : डॉ. यादव





**भोपाल/ग्वालियर, देशबन्धु।** ''भाजपा फॉर विकसित केरलम '' कार्यक्रम के तहत आज केरल के निकायों के जनप्रतिनिधि आज 2 दिवसीय प्रवास पर भोपाल और ग्वालियर पहुंचे। केरल के जनप्रतिनिधियों ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से मुलाकात की। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर योजनाओं का किया अवलोकन किया। भोपाल आए 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर डॉ. यादव से मुलाकात की। डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के संघर्षों से आने वाले समय में केरल में भाजपा व एनडीए का परचम लहराएगा।

इसके अलावा भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों से संवाद किया। भाजपा पदाधिकारियों ने पार्टी संगठन की कार्यप्रणाली से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय का भ्रमण कर संगठन के कार्यों को समझा। तुलसी नगर स्थित नगर निगम ग्रीन भवन का भ्रमण कर प्रस्तुतिकरण देखा। सुभाष नगर से रानी कमलापति तक मेट्रो ट्रेन का भ्रमण कर कार्यप्रणाली को समझा। स्मार्ट सिटी कमांड सेंटर का निरीक्षण, ट्रेंचिंग ग्राउंड भानपुर खंती का भ्रमण भी इस दल द्वारा किया गया। इन जनप्रतिनिधियों ने ग्वालियर में फूलबाग स्थित लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके बाद 13 सदस्यी प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर से मुलाकात कर संवाद किया। बाद में मुरार स्थित आदर्श गौशाला का भ्रमण कर जलालपुर स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट देखा और मानपुर पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों का अवलोकन किया।

### केरल निकायों में मिली सफलता से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह

डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास में केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की सेवा में जुटे हुए हैं। केरल के निकायों में भाजपा व एनडीए के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में विजय यह स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि प्रधानमंत्री के प्रति केरल की जनता का अटूट विश्वास है। केरल निकायों में मिली सफलता से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह, नया संकल्प और आगे बढ़ने का विश्वास और मजबूत किया है।इस अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

### ठाकरे और राजगोपाल का अनुशरण करें कार्यकर्ता : तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने ग्वालियर में केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का बहुत लंबा इतिहास है। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के पितृ पुरूष श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे और ओ राजगोपाल के विचारों व कार्यों से सीखना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए बताया कि भाजपा कैसे संगठनात्मक कार्यों को करती है। एक कार्यकर्ता को कैसा जीवन व्यतीत करना चाहिए, कैसे राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश और समाज के लिए कार्य करना चाहिए।

## वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल मुंबई में वाग्धारा नवरत्न सम्मान से अलंकृत

**मुंबई, देशबन्धु।** मप्र के वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल को आज



यहाँ पत्रकारिता में अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रतिष्ठित वाग्धारा नवरत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी के मुख्य आतिथ्य और और प्रदेश के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित एक गरिमामयी समारोह मे ये सम्मान दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री कोश्यारी ने विकास के साथ विरासत पर ज़ोर देते हुए कहा कि बिना भारतीय आध्यात्म और दर्शन का अध्ययन किए एआई अधूरी है.वाग्धारा के अध्यक्ष डॉ वागीश सारस्वत ने अतिथियों का स्वागत किया और फ़िल्म जगत के युवा कलाकार रवि यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। हिन्दुस्तानी प्रचार सभा के सभागार में आयोजित इस समारोह में देश के वरिष्ठ पत्रकार विश्वनाथ सचदेव को वर्ष 2025 का वाग्धारा जीवन गौरव सम्मान% तथा जाने माने लेखक व निर्देशक रूमी जाफ़री को %वाग्धारा जूरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।कालनिर्णय के जयराज सालगांवकर को भाषा सेतु, डॉ.संजय दुधाट को स्वास्थ्य व चिकित्सा, डॉ.अर्चना शर्मा (रायपुर) को विज्ञान व आधुनिक तंत्र, डॉ.कृष्णकुमार मिश्र को शिक्षा, विजय पंडित को रंगमंच, अरविंद बब्बल को सिनेमा और टेलीविजन, जयंतीमाला मिश्रा को नृत्य, नाशिक के शंकर कनौजिया एवं दतिया के आलोक सोनी को समाजसेवा के लिए वाग्धारा नवरत्न सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में अचल परिवार की ओर से श्रीमती पुष्पा शर्मा, सुधांशु शर्मा, नीतू शर्मा और आरव शर्मा भी उपस्थित थे।

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
**क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 165**
**2025-2026 दिनांक 09/02/2026**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्री शमित वर्मा, 2. श्री विक्रम वर्मा दोनों के पिता- स्व. श्री डॉ. आर.के.वर्मा भवन क्रं. 1013/5 आर संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360824 जलकर पिन नं.............. विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती कुमुद वर्मा, पति- स्व. श्री डॉ. आर.के.वर्मा, वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु., निर्मित भूतल 1160 व.फु. आर.सी.सी., खसरा नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति **कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
**क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 166**
**2025-2026 दिनांक 09/02/2026**

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्री शमित वर्मा, 2. श्री विक्रम वर्मा दोनों के पिता- स्व. श्री डॉ. आर.के.वर्मा भवन क्रं. 4/आर, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361286 जलकर पिन नं.............. विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - डॉ. आर.के.वर्मा, वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड , निर्मित भूतल 1600 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 800 व.फु. आर.सी.सी., खसरा नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति **कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

## डिजिटल जनगणना 1 मई से, 33 सवालों के घेरे में होगा हर परिवार

**भोपाल, देशबन्धु।** देश की पहली डिजिटल जनगणना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर प्रशिक्षण कार्यशाला में रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बड़ा ऐलान किया. अब आम नागरिक पहली बार स्व-गणना विकल्प के जरिए अपने मोबाइल, लैपटॉप या डेस्कटॉप से खुद जानकारी दर्ज कर सकेंगे. मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने इस दौरान एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा कि जनगणना में 'मजरे-टोलों' का अलग कॉलम जोड़ा जाए. इससे प्रदेश के 1.27 लाख मजरे-टोलों में रहने वाली आदिवासी आबादी के लिए सटीक योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी.प्रथम चरण (1 से 30 मई): इसमें मकानों की सूची, स्थिति, सुविधाओं और परिसंपत्तियों का विवरण लिया जाएगा.

### दो चरणों में होगा महाभियान- जनगणना का कार्य दो मुख्य चरणों में पूरा किया जाएगा

द्वितीय चरण (फरवरी 2027): इस चरण में व्यक्तियों की गणना होगी, जिसमें आयु, लिंग, धर्म, साक्षरता और जातिगत डेटा एकत्र किया जाएगा.

**स्मार्ट सॉफ्टवेयर रोकेगा गलतियां-** इस बार की जनगणना के लिए एक विशेष मोबाइल ऐप तैयार किया गया है. मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि सॉफ्टवेयर में ऐसे 'इनबिल्ड एप्लीकेशन' हैं जो डेटा फीडिंग के दौरान होने वाली मानवीय गलतियों को तुरंत पकड़ लेंगे और सतर्क करेंगे.

**तैयार रखिए इन 33 सवालों के जवाब-**जनगणना के दौरान आपसे कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें मुख्य हैं। घर की निर्माण सामग्री (दीवार, छत, फर्श). डिजिटल पहुंच (इंटरनेट, लैपटॉप, स्मार्टफोन). संपत्ति (साइकिल, कार, टीवी, रेडियो). परिवार के मुखिया की जानकारी और जातिगत श्रेणी. घर में खाया जाने वाला मुख्य अनाज.

## आलीराजपुर में मां ने तीन बेटियों को जहर देकर किया मौत के हवाले

**आलीराजपुर।** मध्य प्रदेश के आलीराजपुर जिले से एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिले के अडवाड़ा गाँव के माफीदार फलिया में शुक्रवार शाम एक माँ ने अपनी तीन मासूम बेटियों को कीटनाशक (जहर) पिलाने के बाद खुद भी जहर निगल लिया। इस भयावह घटना में तीनों बच्चियों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल माँ ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।पति गुजरात में था मजदूरी करने पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका नूरीबाई के पति मुकेश गुजरात में मजदूरी करते हैं। घटना के समय मुकेश गुजरात में ही था, जहाँ उसने खेती के लिए जमीन किराए पर ले रखी है। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में माँ और तीनों बच्चियों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने एक बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अन्य दो बच्चियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुजरात के दाहोद रेफर किया गया, लेकिन उन्होंने भी रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# साहित्य

# गाँव को गाँव ही रहने दो



■ उषा किरण खान

चांदनी छिटकी है चहुँ ओर दो दिनों से मेघ उमड़–घुमड़ रहा है पर जेठ की पूनो तिमिर का सीना चाक कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही थी। उमा बहू लाठी टेकती तालाब के मुहाने पर पहुँच गई थी। नीरो देवी एक अपेक्षाकृत जवान स्त्री के कंधों पर हाथ रखे चली आ रही थी। उमा बहू ने स्मित हास्य से उन्हें देखा। चाँदनी इतनी शफ्फाक है कि उनकी सफेद झुर्रियों की एक एक रेखा साफ दीख रही है। तालाब की पक्की सीढ़ी तक पहुँच कर लाठी हौले से रखा और साड़ी समेट कर बैठ गई। घूंघट पहले ही सरका लिया था अब पूरा कपाल अनावृत्त था। नीरो देवी और रीता भी पास आकर बैठ गई थी। दोनों वृद्धाओं की हँफनी कम हुई।

''आज नहीं लगता था कि हम मिल पायेंगे।'' – नीरो देवी ने कहा।

''मेघ तो आकाश को घुड़दौड़ का मैदान बनाकर अभी भी दौड़ रहे हैं। देखो।''– उमा बहू ने कहा।

''हाँ ठकुराइन, कब बरस पड़े कौन जाने। अगली पूनो को मिल न पायें रास्ते सारे डूबे जायेंगे। तो लीजिये, हम अपना शौक पूरा करें।'' – नीरो देवी ने कुरती की जेब से माचिस और ढोलक छाप बीड़ी का बन्डल निकाला। नीरो जीरादेई की बेटी है। चौदह बरस की बाली उमर में उसकी शादी हुई थी। दूल्हा सत्रह साल का था।। बाइसी रोग में चल बसा। एक बार ससुराल गई थी नीरो। बाल विधवा हो गई। गरीब कायस्थ की बेटी थी पिता राजेन्द्र बाबू के घर में एक प्रकार से मुंशी थे। नीरो भी उनके ही घर में रहती थी। उमाकान्त सिंह के शहीद होने के बाद जो जनसमुह नरेन्द्रपुर में उमड़ा था उसके साथ नीरो भी थी। अपनी पीड़ा से दुःखी नीरो उमा बहू के पास चली आई। वे बार–बार बेहोश हो जा रही थी, एक तो पन्द्रह साल की छोटी उम्र में माँ बनना दूसरे यह वज्राघात। उन्हें अपने पति के जाने को उत्सव समझ में नहीं आ रहा था — ''जब तक सूरज चाँद रहेगा, उमाकान्त तेरा नाम रहेगा।''

वे एक सामान्य विधवा नहीं थीं जिसकी चूड़ियाँ, तोड़ी जा रही थी, सिन्दूर मिटाये जा रहे थे। यह तो होता ही था, नीरो सब की गवाह थी, वह इस प्रक्रिया से गुजर चुकी थी। लेकिन जीरादेई की होने के नाते उसे पता था कि उसके पति की मृत्यु और शहीद हो जाने में बड़ा फर्क है। उमा बहू के प्रति आकर्षण था जो प्रतिदिन नीरो भागी–भागी आ जाती। धीरे–धीरे सहेलियापा बढ़ गया। वही सहेलियापा बरकरार है आजतक।

''लाओ, सुलगाओ, महीने में एक दिन हम शौक पूरा करती हैं। घर में तो हुक्का चलता है।'' — उमा बहू ने कहा।

''हुक्का ? अभी भी चलता है ?'' — यह रीता थी जो पहली बार कुहुकी। रीता नीरो के भाई की बेटी है। नीरो के छोटे भाई बब्बन की छः बेटियों में सबसे छोटी। पांच बहनों की जैसे तैसे शादी कर दी थी बब्बन ने, रीता की न कर सके। रीता ने बी.ए. तक पढ़ लिया था, गांव के सरकारी स्कूल में शिक्षिका हो गई थी। एक दुर्घटना में बब्बन और उसकी पत्नी गुजर गये। तब से नीरो और रीता एक दूसरे के सहारे है।

''अरे नहीं रे, चलता था, हम छुपा के बीड़ी मंगाते और पीते। एक बार सासु मां ने देख लिया तब पूरा बन्द।रीता ने माचिस जलाकर दो बीड़ियाँ सुलगाकर दोनों वृद्धाओं को थमा दिया।

''सिगरेट का जमाना है चाची, ई बीड़ी काहे पीती हो ?''

''तुम तो दोनों में से कुछ नहीं पीती हो, तुम्हें क्या पता कि किसका स्वाद कैसा होता है, बीड़ी में सोंधी सुगंध होती है।'' — नीरो देवी ने कहा। रीता हँस पड़ी। ''ऐ छोकरी, ठहाके न लगा गांव के लोग सुनेंगे तो ? रात निसबद्द है दूर तक आवाज जायेगी। चुप बैठ।''

''क्या होगा, समझेंगे कोई चुड़ैल है।'' — दोनों वृद्धा में इतमीनान से बीड़ी के कश लेकर धुँआ उड़ाने लगी।

''ठकुराइन, अन्दर से सब कुछ खोखला सा लगता है, हौलाफ कब टपक जाउँ नहीं पता। इस रिरिया का का होगा ? सोचती हूँ।''

''अपनी उमिर वैसी ही है मुंशियाइन, का करें।''

''मेरी छोड़ो दादी, अब जरा बैठो संभल के पश्चिम कोने से बाबूजी और नटवर काका चले आ रहे हैं।'' — रीता ने धीमे से कहा। दोनों वृद्धायें संभलकर बैठ गई। मुंशियाइन ने आँचल कपाल तक खींच लिया, उमा ठाकुराइन ने लगभग घूंघट ही निकाल लिया। सामने पश्चिम कोने से सफेद बुर्राक धोती गोलगंजी में बाबूजी और सफेद पैन्ट शर्ट में नटवरलाल चले आ रहे हैं। रीता के शरीर में सिहरन व्याप गई, रोम रोम कंटकित हो उठा।

''रीता, तुम्हारे बाबा नहीं आये इनके साथ।'' उमा ठकुराइन का उदास स्वर सुनाई दिया। ''मैं यहाँ आपसे पहले से आकर बैठा हूँ दुल्हिन।'' — ठाकुर साहब की धीमी गंभीर आवाज सुन तीनों जनी इधर उधर देखने लगीं। ठाकुर साहब हौले से हँस पड़े। हँसी की आवाज का अनुसरण करने पर देखा कि इनसे थोड़ी दूर पर ठाकुर उमाकान्त सिंह आलती पालती मार कर बैठे हैं। उन्होंने सफेद कमीज और पाजामा पहन रखा था। उनके सर पर पगड़ी थी और गले में पड़ी शिवगेंदा की ताजा माला। वही माला जिसे आज ही डॉ. राजेन्द्र प्रसाद माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने पहनाया था। प्रत्येक ग्यारह अगस्त को स्कूली बच्चे तथा शिक्षक आते, कुछ भाषण इत्यादि होते और मालायें पहनाकर मानों शहीदों को याद करने की ड्यूटी पूरी करते। वही माला सूखकर झरने तक इनके गले की शोभा बढ़ाती। ग्यारह अगस्त के बाद पन्द्रह अगस्त को भी मुखिया सरपंच या ब्लॉक के अधिकारी माला पहनाने का अपना कर्तव्य पूरा कर जाते हैं। तब संगमर्मर की उनकी मूर्ति धो धाकर साफ शफ्फाक कर ली जाती है। घेरे में लगी फूलों की क्यारियाँ साफ कर दी जाती। घेरे में लगे अमलतास को गाय भैंस बाहर से चरने की कोशिश करता पर वह बढ़ता और फैलता ही रहा। अमल्तास की उपस्थिति जोरदार है। जब वह फूलता है तब मुर्तिवत् उमाकान्त सिंह को लगता है वे ही दूल्हा बन बैठे हैं। फूल की पीली लड़ियाँ बेहद कोमल सेहरा है जिसके स्पर्श को वे तरसते होते हैं। पत्थर की मूरत न हिल पाते न डोल।

राजेन्द्र बाबू के पास खड़े होते ही नीरो देवी ने धरती पर तीन बार माथा टेका, धीमें स्वर में कहा — ''गोर लागऽतानी भइया''

''सभे ठीक बा नू?'' — भइया ने आशीष दिया।

''अपने के असीस बनल रहे, का कहें सब समझते ही हैं।'' — नीरो देवी ने कहा। आजकल जीरादेई के घर की देखभाल सरकार कर रही है। बिल्डिंग बचाने वाली महकमा ही देखभाल कर रहा है। एक महकमा फूलपत्ती भी देखता है। कुल ठीके बा। नीरो सोचती है, बाबू भैया समझ जाते हैं।

''तुम क्या चाहती हो नीरो, हम सब देख समझ रहे हैं, तुम लोगों की उदासी, तुम्हारी विपदा पर कुछ कर नहीं सकते हैं। जब किसी के मन को नहीं बदल सकते तो तन की कौन कहे।''

''बाबूजी आप चाहे तो जरूर बदल सकता है।''—नटवर लाल ने कहा

''कैसे?'' — बाबू जी थे।

''हृदय में बसकर।''

''रहने दो नटवर, मेरे रहते तुमने स्थान को कलंकित किया, मैंने क्या कर लिया क्या तुम्हारे हृदय में थोड़ी देर के लिए भी मेरा ख्याल आया अब क्या कहते हो?'' — बाबूजी ने गहरी, साँस ली।

''बाबूजी, यह हमारा दुर्भाग्य कि बदल न सके या कि अपनी अक्ल का दुरूपयोग करते रहे।'' — नटवर का स्वर डूब गया।

''आपलोगों की बातें सुन मैं बुत एकबारगी घायल हो जाता हूँ। ऐसा क्या था कि बाबूजी के आह्वान पर हम शहीद हो गये आप कुचाल न छोड़ सके।'' — उमाकान्त सिंह ने कहा

''फितरत उमा, फितरत! नहीं बदलती। नटवर कहते हैं कि वे बड़े भावुक हैं। किसी की बेटी की शादी अटक रही हो, किसी का जनाजा उठ रहा हो इनसे देखा न जा रहा था क्या करते बैंक लूट लाते। तुम से कहा जाता तो तुम अपनी जमीन या दुलहिन का गहना रेहन रख देते, मैं अपनी कमाई दे देता या बेटी की ससुराल को समझा आता यह नहीं कर पाये। भावुक हैं।''

''तभी तो आपके साथ याद किये जाते हैं।'' — नटवरलाल ने कहा।

''आपने देखा है आपका घर मिट्टी में मिल गया है, बिल्ली भी वहाँ रोने नहीं जाती। कोई आपका नाम भी नहीं लेता। शुक्र है कि आपकी बेटी लौट कर नहीं आई वरना आपका गुस्सा उस पर उतारते लोग। बात करते हैं। अरे परलोक गये अब तो सुधरिये। यहाँ आपसे मिलने नहीं आते हैं लोग, काहे बाबूजी से लटक के चले आते हैं ?'' — रीता ने आक्रोश में भरकर कहा। तीनों चौंक गये। एक दिन अचानक चाँदनी रात को बाबूजी की आत्मा गाँव सिमान भ्रमण करने आई। साथ में न जाने क्यों नटवरलाल लग गये। भोले भाले सीधे सज्जन बाबूजी कुछ न बोले। मूर्ति से गुजरकर आ रहे थे सो उमाकान्त सिंह भी साथ हो लिये। बाबूजी की आत्मा गांव में ही रहती थी। उमाकान्त सिंह की तो नाल ही गड़ी थी और नटरवरलाल पिछलगू हो अपना पाप धो रहा था। तीनों के सपने आने शुरू हो गये उमा बहू और नीरो को फिर तो सभी पूनों को मिलने का वादा सा हो गया।

''दरअसल हम भूल गये कि किससे मिलने आये थे? बताओ बेटा रीता तुम जिस स्कूल में पढ़ाती हो वह ठीक चलता तो है?'' — स्निग्ध स्वर में पूछा बाबूजी ने।

''स्कूल की कक्षाओं में नियमानुसार, सिलेबस अनुसार पढ़ाई होती है। मुझसे पूछ रहे हैं तो मैं कहूँगी कि इस गांव को इस स्कूल को मॉडल बनाना चाहिए, आखिर भारतरत्न का गांव है।''

''भारतरत्न के गांव के खेतों में सरसों फूल रही है, आम के पेड़ मंजरों से भरे हैं, कोयल कूक रही है, चहुँओर हरियाली है मेरा मन राष्ट्रपति भवन की चारदीवारी में बेचैन था, बिहार विद्यापीठ में सुकून था अब गांव में विश्रान्ति है।'' — बाबूजी ने कहा।

''हमारे यहाँ जड़कन टूट रही है, परिवर्तन तो है। दुलहिन, आपने लम्बा जीवन जीया मेरे बगैर, सच बताइयेगा कैसा है इन दिनों ? क्या मेरी शहादत व्यर्थ गई ?'' — उमाकान्त बाबू ने पूछा।

उमा बहू ने पहलू बदला, घूंघट को थोड़ा और नीचे सरकाया और सँभल कर बोलने लगी। ''मालिक, मुझे तो किसी ने बुक्का फाड़कर रोने भी न दिया। गरभ से जो थी। बबुआ घुटरून चलने लगे तभी से फूलमाला, शंख टीका लगाने, झंडा फहराने लगे आजाद जो हो गये थे। इत्ता बड़ा शामिल घर था कि कहाँ फुरसत थी ? ऊब जी अब गया है, ले चलिये।'' — वे द्रवित हो चलीं। ''सबका समय आता है दुलहिन। इस त्रिकोण को रीता बेटी ही मॉडल बनायेगी, परिवर्तन का माद्दा है। गांव को गांव रहने देना इसे नगर न बनाना वरना यह खो जायेगा तो ढूँढें न मिलेगा।'' — बाबूजी ने समझाया। ''क्या अब हमें लौटना चाहिए?'' — उमाकान्त सिंह ने कहा। सब कहीं अनायास लुप्त हो गये। रीता ने ठकुराइन को सहारा दिया, नीरो देवी को लाठी पकड़ाई और तालाब की सीढ़ियाँ उतरने लगीं हौले हौले। स्थिर जल में अपना चेहरा उन्हें साफ नजर आता फिर हौले से चुल्लू भरकर पानी चेहरे पर मारतीं तरो ताजा हो उठतीं। अपने अपने ठिकाने पर लौटतीं सबों के दिलो—दिमाग में एक ही आवाज गूँजती रही —

''परिवर्तन हो पर गांव को गांव ही रहने देना।''

व्यंग्य

# फफक-फफक कर रोया बजट...!

■ डॉ.सूर्यकांत मिश्रा

'बजट' जिसे मैं अपनी भाषा में महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज मानता हूं । वह इसलिए कि इसी के आधार पर वर्ष भर देश और देश की जनता के लिए उसी तरह कार्य किए जाते हैं , जिस तरह एक परिवार का मुखिया अपने परिवार के लिए करता है । भारतवर्ष की केंद्रीय सरकार प्रतिवर्ष फरवरी माह में देशवासियों के लिए सदन में अपना लेखा – जोखा प्रस्तुत करती है । इसी लेखे – जोखे को हम ' आम बजट ' के नाम से जानते हैं । वैसे तो देश की बहुत बड़ी आबादी बजट और बजट के मुद्दों से दूर रहती है या यह भी कह सकते हैं कि उसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता । हमारे देश के ही कुछ ऐसे लोगों को इस बजट का बेसब्री से इंतजार भी रहता है । इन लोगों में विशेष रूप से विपक्ष में बैठी राजनैतिक पार्टियां शामिल होती हैं । साथ ही ऐसे लोगों की भी कमी नहीं रहती जो इसी बजट के बहाने समाचार पत्रों में अपना मुखड़ा छपवाना चाहते हैं ! बजट के दिन हर चाय और नाश्ते की होटल / टपरी और सोशल मीडिया पर अचानक से जन्में नए – नए अर्थशास्त्री देश की अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा तय करने में व्यस्त देखे जा सकते हैं ! बजट दस्तावेजों को पढ़े बिना ऐसे अर्थशास्त्री जी डी पी , महंगाई और जी एस टी पर इस तरह भाषणबाजी और बयानबाजी कर रहे होते हैं , मानो पूरा वित्त मंत्रालय इन्होंने ही स्थापित किया हो !




भारत के इस बार के बजट ने ऐसे ही अर्थशास्त्रियों के लिए और अधिक मुश्किलें पैदा कर दीं । वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने इस बार अच्छे – अच्छों की खोपड़ी से ऊपर जाने वाला केवल अर्थशास्त्रियों की समझ वाला बजट प्रस्तुत किया ! इस बार के बजट ने ' चाय पर अर्थशास्त्र ' को स्पष्ट कर दिखाया । बिना आंकड़ों और बिना समझ के सिर्फ अपनी जेबों के अनुभव पर जुगाली करने वाले देश की आर्थिक नीति पर बे –वजह की माथा पच्ची करते देखे गए । यह नजारा भी सामने आया जिसमें समाचार पत्रों में बजट पर चार लाइन लिखते या कहते हुए अपना मुखड़ा छपवाने वाले अर्थ तंत्र के ' अधजल गगरी छलकत जाए ...' कहावत को चरितार्थ करते हुए आम बजट को ' खास ' या ' बर्बादी ' बताकर विश्लेषण करते रहे ! मुझे तो ऐसा लगने लगा है जैसे आम बजट के आते ही छपास रोगी विशेष , राजनैतिक दलों में छोटे ओहदे से लेकर बड़े पदों पर आसीन लोग इस पर प्रतिक्रिया देना अपना मौलिक अधिकार समझने लगे हैं ! ऐसे लोगों में वे भी शामिल हैं जो दो जमा दो कुल चार कक्षाओं तक ही पढ़ें हैं या फिर अक्षर ज्ञान से उनका दूर- दूर तक नाता नहीं रहा है ! मै यही कह सकता हूं कि अनपढ़ भी बन रहे अर्थशास्त्री ! हमारे लिए अच्छा तो यह हुआ कि ऐसे लोग प्रोफेसर एडम स्मिथ और कौटिल्य के युगी में पैदा नहीं हुए ,अन्यथा हमें दूसरे रूप में अर्थशास्त्र ग्रन्थ मिला होता ! देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट के आंकड़े और योजनाओं ने लैपटॉप के भीतर ही उनके विषाणुयुक्त विश्लेषण पर बिलखना शुरु कर दिया !

मदारीनुमा अर्थशास्त्री देश की जी डी पी को माइनस में पहुंचाकर बड़ी शान से विकास का ऊंचा ग्राफ खींचने में माहिर दिखाई पड़ रहे हैं । महंगाई पर ' अनपढ़ ज्ञान ' के मेंढक रेपो रेट , रिवर्स रेपो रेट , मुद्रा स्फीति , मुद्रा संकुचन का नाम सुनते ही उल्टियां करने की स्थिति में टरटराने लगते हैं ! ऐसे लोग बड़ी शान के साथ महंगाई को मदारी के डमरू बजाने की तर्ज पर तर्क को टाल जाते हैं ! देश के हर गली – मोहल्ले और झोपड़पट्टी पर अर्थशास्त्री देश की अर्थव्यवस्था पर इस तरह तर्क – कुतर्क करते दिखाई पड़ते हैं मानो उसके अर्थतंत्र को वित्तमंत्री ने तहस – नहस कर दिया हो ! भले ही ऐसे अर्थशास्त्री ने कभी बैंक खाता न देखा हो या फिर बैंक की जमा पर्ची और राशि आहरण पर्ची को भी किसी अन्य से भरवाया हो ! यह कहा जा सकता है कि अज्ञान के सहारे ही आज के ' आर्थिक विशेषज्ञ ' बड़े गंभीर लेख लिख रहे हैं ! कारण यह कि ज्ञान के आधार पर तो सिर्फ डर पैदा होता है और अज्ञान से विश्वास ! जब बजट सदन में पेश किया जाता है तब ऐसे विश्लेषण कर्ताओं का सुषुप्त जागरण होता है और एक कुशल अर्थशास्त्री इनके ज्ञान के आगे अपनी डिग्री को आग के हवाले कर डालता है ! एक कहावत बड़ी प्रसिद्ध है – ' बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना..' । बुरी आदत कोई भी हो – ब–आसानी नहीं जाती ! आदतन बैंड बाजा देखते और आवाज सुनते ही कंधे उचकने और पांव थिरकने लगते हैं । बस ! फिर क्या चार लाइन लिखा और फोटो के साथ पहुंच गए अखबार के दफ्तर !

जब से अर्थव्यवस्था ने अपना सब कुछ खोलकर रखना शुरू किया है तब से हवा भी थोड़ी बदल गई है ! अब बजट में आम आदमी की जिंदगी बदल डालने जैसा कुछ भी नहीं होता है ! वास्तव में देखा जाए तो बजट आने पर अब न तो आम आदमी उछल पड़ता है और न ही गुस्से में लाल – पीला होता है ! जो थोड़ी बहुत उत्तेजना होती भी है वह शाम की चाय के साथ खत्म हो जाती है ! यह वैसा ही दृश्य होता है जैसे – बजट भाषण खत्म , मजा हजम ! मंत्रालय को खुश करने वाले एक्सपर्ट्स कह रहे होते है – ' टू थम्स अप ' इसके विपरीत आम आदमी – मेरे लिए कुछ नया नहीं है!

बजट की सेहत बिगाड़ने वाले झोलाछाप अर्थशास्त्री जितनी छेड़छाड़ बजट के साथ कर सकते थे , उन्होंने कर ली । रिल्स भी खूब बनी – बनाई और वायरल की गई ! अलग – अलग तरह के अर्थशास्त्रियों की नासमझी भरी टिप्पणियों को सुन – सुनकर निर्मला सीतारमण जी का बजट ' फफक – फफक कर रोने लगा ।' मानो वह कह रहा हो अब अगली बार से या तो बजट ही न बनाना या फिर ऐसे लोगों के मुंह पर पहले से ही क्विक फिक्स का प्लास्टर चढ़ा देना !

# हंसी की कीमत

■ अर्चना त्यागी



बेटे के बारे में सोच सोच कर हम दोनों पति पत्नी बहुत परेशान थे। बारहवीं कक्षा के साथ साथ तनिष्क कोचिंग भी कर रहा था। बल्कि दसवीं कक्षा में अच्छा प्रतिशत आ जाने के कारण हमने उसे कोचिंग भेज दिया था। उसका दाखिला शहर के शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय से हटाकर एक ऐसे विद्यालय में करवा दिया था जहां पर केवल परीक्षाएं देने ही जाना पड़ता था। उपस्थिति अनिवार्य नहीं थी।

ग्यारहवीं का साल तो जैसे तैसे निकल गया। तनिष्क परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया तो राहत मिली। ग्यारहवीं कक्षा के नंबरों से बारहवीं कक्षा के परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला था इसलिए किसी ने भी इस बात को गंभीरता से नहीं लिया।

बारहवीं कक्षा में तनिष्क के दिमाग़ पर अत्यधिक दबाव आ गया। दिन भर यह सोच कर परेशान रहता कि अच्छा प्रतिशत नहीं आया तो अच्छा कॉलेज मिलने के अवसर से चूक सकता है। कोचिंग में भी जल्दी कोर्स पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय लेकर कक्षाएं लगाई जा रही थीं। इसी कारण से उसे बारहवीं कक्षा के कोर्स को पढ़ने के लिए समय ही नहीं मिल पाता था। कई बार तनाव उस पर इस तरह सवार हो जाता कि घर में किसी के भी ऊपर अपना गुस्सा निकाल देता। बहुत बार तो अपना सामान ही उठाकर फेंकने लगता। उसके कमरे की हालत भी ऐसी हो गई थी कि देखने का मन नहीं होता था। हर तरफ़ किताबें बिखरी हुई पड़ी रहती। बिस्तर पर कपड़ों का ढेर लगा रहता। धुलने वाले कपड़े भी कभी बाथरूम तक नहीं ले जाता था। जूते कहीं और मौजे कहीं।

कमरा भी अस्त व्यस्त और वह भी त्रस्त। दिन भर मोबाइल में नजरें गड़ा कर बैठा रहता। पूछने पर एक ही जवाब कि मुश्किल प्रश्नों के जवाब देख रहा था। कोई दूसरा प्रश्न पूछ लिया तो कई बार तो मोबाइल फोन भी फेंक दिया जाता था।

पूरे साल ऐसे ही परेशान और दिशाहीन घूमता रहा। परीक्षाओं के पास आने पर तो हालत यह कि घर में सबसे बात करना ही छोड़ दिया। खाना पीना भी नाम मात्र। डॉक्टर भी स्ट्रेस और एंजाइटी के सिवा तीसरा शब्द नहीं बोल रहा था। जैसे तैसे बारहवीं की परीक्षाएं हुई और फिर इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा। दो महीने के भीतर ही परिणाम भी घोषित हो गया। रिपोर्ट कार्ड लेने भी ज़िद करके अकेले ही गया अपने स्कूल में। प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम पहले ही आ चुका था। लेकिन घर में किसी को बताया नहीं था। उसकी हालत देखकर किसी ने पूछा भी नहीं।

स्कूल से घर आया तो बहुत खुश था। हम दोनों को लगा कि पार हो गया है। पर बात तो कुछ और ही थी। हम उसका इंतज़ार कर रहे थे कि वो क्या बताने वाला है। रात को खाने की मेज़ पर बैठा तो बहुत खुश। बात भी ख़ुद ही शुरू और हंसना भी ख़ुद ही शुरू।

'मम्मी, आपने पूछा नहीं कि क्या परिणाम रहा है....? '

मैंने भी हंसते हुए कहा।

'लग तो रहा है जैसे उम्मीद से अच्छा आया है....तुम इतने खुश जो लग रहे हो। '

तनिष्क ने ठहाका लगाया। उसके साथ साथ उसके पापा भी हंस पड़े।

'बात कुछ और है, मां। बारहवीं कक्षा भी पार नहीं हो पाई और इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा भी नहीं पास हुई। सब चला गया। सब छूट गया तो मैंने भी गुस्से को अलविदा कह दिया। बस अब यही हंसी और गुस्सा बिलकुल भी नहीं। ' पति मेरे जवाब का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे। उन्हें देखकर मुझे अहसास हो गया कि वो पहले से सब जानते थे। 'तुम्हारी हंसी की कोई भी कीमत मुझे मज़ूर है, बेटा। जो तुमने छोड़ा है, गुस्सा, वो ज़हर से भी ज़्यादा खतरनाक था। जब तक शरीर में रहता तुम्हें जीने तो देता ही नहीं। इसलिए जो साल गया सो गया बस इस हंसी को रोके रखना। बस यही हमारी पूंजी है। '

**'तुम्हारी हंसी की कोई भी कीमत मुझे मजूर है, बेटा। जो तुमने छोड़ा है, गुस्सा, वो ज़हर से भी ज़्यादा खतरनाक था। जब तक शरीर में रहता तुम्हें जीने तो देता ही नहीं। इसलिए जो साल गया सो गया बस इस हंसी को रोके रखना। बस यही हमारी पूंजी है। '**

## ग़ज़ल

**1**

लर्ज़िश–ए–पर्दा–ए–इज़हार का मतलब क्या है
है ये दीवार तो दीवार का मतलब क्या है
जिस का इंकार हथेली पे लिए फिरता हूँ
जानता ही नहीं इंकार का मतलब क्या है
एक बार उस ने अगर दे ही दिया साफ़ जवाब
फिर उसी बात पे इसरार का मतलब क्या है
बेचना कुछ नहीं इस ने तो ख़रीदार हैं क्यूँ
आखिर इस गर्मी–ए–बाज़ार का मतलब क्या है
उस की राहों में बिखर जाए ये ख़ाकिस्तर–ए–चश्म
और अपने लिए दीदार का मतलब क्या है
ब्त बाक़ी नहीं अल्फ़ाज़ ओ मआनी में 'ज़फ़र'
क्या कहें उस से कि इस प्यार का मतलब क्या है
----
थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते
कुछ और थक गया हूँ आराम करते करते
अंदर सब आ गया है बाहर का भी अंधेरा
ख़ुद रात हो गया हूँ मैं शाम करते करते
ये उम्र थी ही ऐसी जैसी गुज़ार दी है
बदनाम होते होते बदनाम करते करते
फँसता नहीं परिंदा है भी इसी फ़ज़ा में
तंग आ गया हूँ दिल को यूँ दाम करते करते
कुछ बे–ख़बर नहीं थे जो जानते हैं मुझ को
मैं कूच कर रहा था बिसराम करते करते।

**2**

यूँ भी होता है कि यक दम कोई अच्छा लग जाए
बात कुछ भी न हो और दिल में तमाशा लग जाए
हम सवालात का हल सोच रहे हों अभी तक
और माथे पे मोहब्बत का नतीजा लग जाए
अभी दीवार उठाई भी न हो दिल की तरफ़
लेकिन इस में कोई दर कोई दरीचा लग जाए
क्या सितम है कि वही दूर रहा हो तुम से
और उसी शख़्स पे इल्ज़ाम तुम्हारा लग जाए
पूरी आवाज़ से इक रोज़ पुकारूँ तुझ को
और फिर मेरी ज़बाँ पर तिरा ताला लग जाए
और तो इस के सवा कुछ नहीं इम्कान कि अब
मेरे दरिया में कहीं तेरा किनारा लग जाए
मैं ने और दिल ने इसी बाब में सोचा है कि हम
काम कुछ भी न करें कोई वज़ीफ़ा लग जाए
क्या तमाशा है कि बाक़ी हो समुंदर का सफ़र
और साहिल से किसी रोज़ सफ़ीना लग जाए
ये भी मुमकिन है कि इस कार–गह–ए–दिल में 'ज़फ़र'
काम कोई करे और नाम किसी का लग जाए

■ ज़फ़र इक़बाल

## "दुआ"

दुआ है मेरी तेरी जिंदगी खुशियों से भर जाए
हर पल तेरे प्यार और सुख से गुलजार हो।
दुआ है मेरी तेरी हर ख्वाहिश पूरी हो,
तेरी जिन्दगी में कभी कोई गम न आए।
दुआ है मेरी तू सदा खुश रहे,
तेरे दिल में प्यार और शांति का दीप जले
दुआ है मेरी तू सदा आगे बढ़े
तेरे सपनों को सच आकार मिले।
तेरी जिंदगी में हर सुबह नई हो,
अपनों का प्यार मिले
हर शाम खुशियों से भरी हो।
तेरे रास्तों में कोई कांटा न आए,
तेरी जिन्दगी सदा प्यार और
खुशियों से भरी हो।
दुआ है मेरी तू सदा हंसती/हंसता रहे
तेरे दिल में सदा प्यार और शांति का
वास हो।
तेरी जिन्दगी में सदा सुख और समृद्धि हो
तेरी हर इच्छा मेरी दुआ से पूरी हो।

- मोहन सुरजन

# नगर निगम के कैश काउंटर्स पर क्यूआर पेमेंट ठप्प

## चेक और कैश ही किया जा रहा स्वीकार, करदाता हो रहे परेशान



### ऑनलाइन सिस्टम कभी भी हो जाता है फेल

क्यूआर की तरह ऑनलाइन सिस्टम भी कभी भी फेल हो जाता है। कई मर्तबा तो करदाताओं की पेमेंट भी फस चुकी होती है। ऐसे में लोगों के मन में ऑनलाइन टैक्स जमा करने को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियां फैल गई हैं और अधिकांश लोग सीधे कैश काउंटर्स पर जाकर ही टैक्स जमा करना मुनासिब समझ रहे हैं, लेकिन वहां भी उन्हें क्यूआर सिस्टम फेल ही मिल रहा है।

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम राजस्व विभाग का काम पटरी पर लौट ही नहीं पा रहा है। एक के बाद एक समस्याएं आए दिन खड़ी हो रही हैं। अब पिछले दो-तीन दिनों से क्यूआर पेमेंट सिस्टम फेल हो गया है, जिससे करदाताओं सहित कैश काउंटर्स की संभालने वाले कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डिजिटल पेमेंट के इस युग में निगम में पिछले कुछ दिनों से सिर्फ और सिर्फ कैश और चेक के माध्यम से ही पेमेंट स्वीकार की जा रही है।

परेशानी इस बात की है कि वित्तीय वर्ष को खत्म होने में महज एक माह ही शेष रह गया है, ऐसे में पेमेंट सिस्टम का आए दिन ठप्प रहना निगम के खजाने के लिहाज से बिल्कुल भी सही नहीं है। यदि जल्द ही इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो निश्चित ही राजस्व की क्षति होगी। कैश काउंटर्स पर काम करने वाले कुछ कर्मचारियों ने बताया कि जब क्यूआर पेमेंट मोड काम नहीं करता, उस वक्त कुछ ऐसे करदाता भी आते हैं जो कि विवाद पर उतारु हो जाते हैं, जिन्हें समझाना बहुत मुश्किल हो जाता है।

ऐसे में किसी दिन किसी करदाता और कर्मचारी के बीच बड़े विवाद की अशंका भी बनी हुई है। खास बात यह है कि जिम्मेदार इस समस्या से भलीभांति अवगत हैं लेकिन इसके बावजूद भी स्थाई समधान खोजने का कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं।

### मायूस होकर लौटना पड़ता है वापस

कैश काउंटर्स पर बैठने वाले कुछ कर्मचारियों ने बताया कि आजकल युवा वर्ग अपने पास कैश कम ही रखता है, ऐसे में वे टैक्स जमा करने भी इस उम्मीद से आते हैं कि क्यूआर पेमेंट कर देंगे। ऐसे लोगों को पिछले कुछ दिनों से मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। क्योंकि क्यूआर पेमेंट एक्सेप्ट हो ही नहीं रही है। वापस लौटने वालों में से कुछ लोग जहां कैश लेकर वापस लौट रहे हैं तो वहीं कुछ वापस ही नहीं आ रहे हैं, जिससे निगम को राजस्व की हानि भी हो रही है।

## अधिवक्ता परिषद की 'न्यायपथ' कार्यशाला संपन्न

# मध्यस्थता का मूल तत्व ही संवाद है, जिसकी संरक्षक देश की न्याय व्यवस्था है : जस्टिस माहेश्वरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** शीघ्र एवं प्रभावी न्याय का मार्ग प्रशस्त करने के लिये अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा होटल आईटीसी वेलकम, तिलवारा रोड में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीपति जस्टिस जेके माहेश्वरी एवं विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा ने कार्यशाला को संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यशाला में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति जस्टिस जेके महेश्वरी ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था में मध्यस्थता का प्रमुख स्थान रहा है। विवादों के त्वरित निराकरण का माध्यम मध्यस्थता से ही संभव है और मध्यस्थता का मूल तत्व ही संवाद है। संवाद को प्राथमिकता देकर मध्यस्थता के द्वारा प्रकरण का त्वरित निराकरण संभव है। देश में पूर्व में मध्यस्थता के माध्यम से ही त्वरित न्याय की व्यवस्था थी। आज भी यही विधि प्रभावी है और यही कारण है कि मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम में विवादों के निराकरण के लिये विशेष प्रावधान किये गए हैं।

जस्टिस जेके माहेश्वरी ने कहा कि मध्यस्थता विवादों को सुलझाने की एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है, जिसमें एक निष्पक्ष तीसरा पक्ष (मध्यस्थ) दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराता है। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव कुमार सचदेवा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मध्यस्थता एवं सुलह ही न्याय प्रदान करने का परंपरागत माध्यम रहा है। देश में पुरातनकाल से दो पक्षों के मध्य विवादों का निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से ही किया जाता रहा है। मध्यस्थ अधिनियम की धारा 11 में दिए गए विशिष्ट प्रावधान आपसी सहमति से मध्यस्थ चुनने का अधिकार देती है। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जबलपुर उच्च न्यायालय इकाई द्वारा आयोजित कार्यशाला को न्यायाधिपति विवेक रूसिया, आनंद पाठक एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधिपति संजय एस. अग्रवाल भारत सरकार के अतिरिक्त महान्यायवादी सुनील जैन, अधिवक्ता परिषद के महासचिव विक्रम दुबे ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में प्रदीप सिंह सैंगर क्षेत्रीय संयोजक अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, प्रांत महिला प्रमुख नीलम दत्त मंचासीन थे। इस अवसर पर तेज कुमार मोड़, हरीश अग्निहोत्री, लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, सुयश मोहन गुरु, एसपी सिंह, देवेन्द्र सिंह बघेल, सुनील गुप्ता, संदीप शुक्ला, जितेन्द्र बेन, नितिन कुशवाहा, प्रियंका मिश्रा, प्रीति सिंह, संजय पटेल, सुधाकर मनी पटेल, अरुण मिश्रा, गजेंद्र सिंह ठाकुर, संजय मालवीय, अच्युतेंद्र सिंह बघेल, आरती द्विवेदी, प्रशंसा बेस, सीमा साहू, नूपुर सुलेरे आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### नव निर्मित भवन का लोकार्पण सासंद सुमित्रा बाल्मिकी ने किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन केसीएसआर फंड से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा में निर्मित भवन एवं शौचालय का लोकार्पण राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीक एवं विधायक बरगी नीरज सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया। इस भवन के निर्माण के लिये राशि राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि के प्रयासों से उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक शुभांग दत्त पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री नामदेव, जिला महामंत्री श्रीमती जैन एवं क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सांसद वाल्मीक ने बताया कि वह भी इसी स्कूल से पढ़कर आगे निकली है और आज इस मुकाम तक पहुंची है। बच्चों को भी अथक लग्न एवं मेहनत से और अधिक ऊंचाइयों पर जाने की बात श्रीमती वाल्मिक ने कही।

### महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी का भव्य स्वागत



**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल तिराहे पर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बोरासी का उपनगरीय क्षेत्र आधारताल में प्रथम नगर आगमन होने पर रात्रि 9 बजे महिला कांग्रेस नेत्री कीर्ति सिंह, एवं कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चमन पासी के साथ ही सभी कांग्रेसजनों के द्वारा पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया गया, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बोरासी का स्वागत करने वालों के चमन पासी कीर्ति सिंह, मोना, संगीता सिंह, सुशीला कनौजिया, राजू तोमर, संतोष लोधी, पीपी पटेल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने भव्य स्वागत किया।

### सरकार की नाकामियों को उजागर करने सपा ने निकाली साइकिल रैली



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश की मोहन सरकार की विफलताओं को उजागर करने समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में साइकिल रैली निकालने का ऐलान किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव की अगुवाई में रैली की शुरूआत शनिवार दोपहर जबलपुर से किया गया। रैली का शुभारंभ अमखेरा बायपास स्थित कांग्रेस छोड़ सपा में आए दिग्गज नेता सत्येन्द्र यादव के निवास से की गई। यात्रा में सैकड़ों सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने हाथों में पार्टी के झंडे और पोस्टर लेकर विभिन्न गलियों तथा मुख्य मार्गो से होते हुए रैली निकाली। रैली रद्दी चौकी होते हुए बहोराबाग चौक पर पहुंची। जहां पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष इकबाल अंसारी ने प्रदेशाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में पार्टी का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। आने वाले चुवानों में पार्टी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने राज्य सरकार की विफलताओं को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सिर्फ प्रदेशवासियों को कर्ज के बोझ के तले लाद रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि जनता को सरकार की नीतियों से अवगत कराने और समाजवादी विचारधारा को फैलाने रैली निकाली जा रही है, जिसकी शुरूआत जबलपुर से की गई है।

# फिर लगा सड़क पर सदन, ठप्प पड़े विकास का मुद्दा गूंजा

## कांग्रेस पार्षद दल ने खोला नगर सरकार के खिलाफ मोर्चा



**जबलपुर, देशबन्धु।** जनता से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए कांग्रेस पार्षद दल लंबे समय से धारा-30 की बैठक आहूत करने की मांग कर रहा था, लेकिन बैठक आहूत नहीं की गई, जिसके बाद कांग्रेस ने सड़क पर ही सामानांतर सदन लगाकर विरोध शुरू कर दिया। नेता प्रतिपक्ष अयोध्या तिवारी, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी और सचेतक आयोध्या तिवारी ने बताया कि शहर में जहां-तहां विकार्स कार्य ठप्प पड़े हुए हैं, पार्षद निधि के काम हो नहीं रहे हैं।

इंदौर में हुई इतनी बड़ी घटना के बाद भी दूषित पानी की सप्लाई रोकने कोई ठोस प्लान बनाया नहीं जा रहा है। जिससे साफ जाहिर होता है कि नगर सरकार कुंभकर्णीय नींद में सो रही है, जिसे इस नींद से जगाने के लिए सड़क सदन लगाया जा रहा है। समानांतर सदन में नर्मदा में मिल रहे गंदे नाले, ठप्प पड़ी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था का भी पुरजोर विरोध किया गया। गुलौआ चौक पर लगाए गए सामानांतर सदन में पूर्व पार्षद संजय राठौर जहां महापौर की भूमिका में रहे तो वहीं अध्यक्ष की भूमिका अनुपम जैन ने निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्षद और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## घमापुर शासकीय स्कूल में शिक्षक- प्राचार्य सब परेशान

# बाउंड्रीवॉल कूदकर छात्र भाग रहे, चोर घुस रहे



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की नई बिल्डिंग के पीछे चार फीट की बाउंड्रीवॉल इन दिनों शिक्षक से लेकर प्राचार्य तक सभी के लिए सिरदर्द बन गई है। दीवार छोटी होने के कारण छात्र जहां दीवार कूंदकर बाहर भाग रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर रात में चोर और असामाजिक तत्व रात के वक्त उसी बाउंड्रीवॉल को कूंदकर अंदर आकर अनैतिक काम कर रहे हैं।

चार फीट की बाउंड्रीवॉल से स्कूल प्रबंधन इस कदर परेशान हो चुका है कि पिछले दिनों प्राचार्य मो. साबिर ने नगर निगम प्रशासन को यह समस्या बताते हुए बाउंड्रीवॉल को चार फीट और बढ़ाने की मांग की। उनका कहना है दीवार छोटी होने से जहां स्कूल का अनुशासन तार-तार हो रहा है वहीं असामाजिक तत्वों ने स्कूल परिसर को नशे का अड्डा बना दिया है।

### बड़ा नाला भी चिंता का विषय

स्कूल के प्राचार्य ने नगर निगम को एक ओर गंभीर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दीवार के पीछे ही एक बड़ा नाला भी है, ऐसे में जब बाउंड्रीवॉल फांदकर भागते हैं तो उनके नाले में गिरने का खतरा भी बना रहता है, ऐसे में यदि किसी दिन कोई छात्र नाले में गिरा तो बड़ी घटना घटित हो सकती है। इस बात को लेकर भी स्कूल प्रबंधन चिंतित है।


# बगैर हैलमेट छात्र और उनके परिजन को नहीं मिलेगा स्कूलों में प्रवेश

## अगले सत्र के लिए सीबीएसई, आईसीएसई व मप्र बोर्ड विद्यालयों की कलेक्टर ने ली बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में यातायात प्रबंधन एवं आगामी मार्च माह में आयोजित होने वाले पुस्तक मेले के संबंध में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सीबीएसई,आईसीएसई एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल से संबद्ध विद्यालयों के प्राचार्य, प्रबंधक एवं संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी विद्यालय यातायात प्रबंधन संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में बिना हेलमेट के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अन्य व्यक्तियों को प्रवेश न दिया जाए।

**15 वर्ष से अधिक पुराने व एलपीजी गैस से संचालित वाहन प्रतिबंधित-** आगामी सत्र से 15 वर्ष से अधिक पुराने तथा एलपीजी गैस से संचालित वाहनों का संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। सभी विद्यालय बसों में स्पीड गवर्नर अनिवार्य रूप से लगाए जाएं तथा बसों के पीछे विद्यालय का नाम एवं संपर्क नंबर अंकित हो, जिससे निर्धारित गति से अधिक होने पर सूचना दी जा सके।

**मार्च माह में लगेगा पुस्तक व गणवेश मेला-** मार्च माह में प्रस्तावित पुस्तक एवं गणवेश मेले में सभी विद्यालय अपनी पुस्तकों एवं यूनिफॉर्म की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक पीडीएफ भेजकर प्रिंट हेतु बाध्य न करें। कलेक्टर ने नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम विद्यालयों में अनिवार्य रूप से आयोजित करने, यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी नियमित काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे, स्टॉपर एवं प्रशिक्षित वालेंटियर की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गेहलोत, अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक यातायात अंजना तिवारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष शुक्ला,एडीपीसी गौतम बर्बे, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, प्रबंधक संचालक उपस्थित रहे।

### डॉ. सुमाली स्वप्न बोस को डॉक्टरेट की उपाधि



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुंबई विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग के अंतर्गत श्रीमती सुमाली स्वप्न बोस, अध्यक्ष, अंग्रेज़ी विभाग, ने अपने शोध प्रबंध का सफलतापूर्वक प्रतिरक्षण (डिफेंस) किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। वे स्वर्गीय शोभा चौधरी एवं संतोष कुमार चौधरी की सुपुत्री और श्री स्वप्न बल की धर्मपत्नी हैं। डॉ. सुमाली स्वप्न बोस की यह उपलब्धि उनके परिश्रम, समर्पण एवं अकादमिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। परिवार, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एसडीएम कोर्ट में होना पड़ेगा हाजिर

# डॉ. हेमलता की प्रॉपर्टी के मामले में पक्षकारों को समन

**जबलपुर, देशबन्धु।** राइट टाउन प्रेम मंदिर निवासी बुजुर्ग महिला डॉ. हेमलता श्रीवास्तव की प्रॉपर्टी विवाद को लेकर एसडीएम कोर्ट में होने वाली सुनवाई 27 फरवरी से शुरू होगी। इस मामले में जितने भी पक्षकार हैं, उनको नोटिस जारी कर उपस्थित होने व अपना पक्ष रखने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। इधर नगर-निगम ने भी विवाद से जुड़े दस्तावेज की जांच शुरु कर दी है।

ज्ञात हो कि डॉ. हेमलता के पति और बेटे की मौत के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गयी थी और उनकी जमीन को दान व वसीयत में दिए जाने को लेकर विवाद शुरू हो गया था। डॉ. हेमलता की प्रॉपर्टी के एक हिस्से की 11 हजार वर्गफीट जमीन सुमित जैन और उनकी पत्नी प्राची जैन को दान में देने व दूसरा हिस्सा जिसमें मकान बना है कि करीब 14 हजार वर्गफीट जमीन की वसीयत धार्मिक संस्था को कर दी गयी थी। मालूम हो कि आईएमए की आपत्ति के बाद कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जांच के आदेश दिए है।

**नगर-निगम की दिलचस्पी बढ़ी-** प्रॉपर्टी विवाद को लेकर कलेक्टर द्वारा ननि और पुलिस को पत्र लिखकर जांच करने कहा गया है। इस पत्र को लेकर नगर निगम के सम्पदा विभाग द्वारा जमीन की लीज व उससे जुड़े दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। वहीं सम्पदा विभाग द्वारा जमीन की लीज को किस तरीके से रद्द कराया जाए, इस संबंध में दस्तावेजी तैयारी पुख्ता की जा रही है। मालूम हो कि सभी पक्षों को कोर्ट में उपस्थित होने 15 दिन का समय दिया गया हैं।

### ट्यूबवेल और हैंडपंप का पानी भी पीने योग्य नहीं, लगाए चेतावनी के बोर्ड

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के विभिन्न जल स्त्रोतों से लोगों के घरों तक सप्लाई होने वाला पानी तो कई क्षेत्रों में कभी-कभार गंदा आ ही रहा है तो वहीं दूसरी ओर कई स्थानों पर भूमिगत जल स्त्रोत से भी दूषित पानी पहुंच रहा है। ऐसे कुछ हैंडपंप और ट्यूबवेल को चिन्हित कर नगर निगम ने वहां चेतावनी का बोर्ड लगा दिया है। कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के कई स्थानों पर हैंडपंप और ट्यूबवेल के सेंपल लिए गए थे, उनमे से कुछ की रिपोर्ट ठीक नहीं आई, जिसे देखते हुए जल विभाग ने वहां बोर्ड लगा दिया कि इस हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं है।



# रेलवे ने जीता कोऑर्डिनेशन कप 2026

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सीजीइडब्ल्यूसीसी के तत्वाधान में शनिवार को रेलवे स्टेडियम में पहला सेमीफाइनल मैच आरपीएफ और पोस्ट ऑफिस के बीच खेला गया। पोस्ट ऑफिस की टीम बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी एवं निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 72 रन बनाएं। पोस्ट ऑफिस की तरफ से श्री पांडे द्वारा चौकों की बरसात की गई। उसके बाद आरपीएफ की टीम मैदान में बल्लेबाजी करने उतरी। आरपीएफ टीम को रन बनाने में थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन उन्होंने लक्ष्य प्राप्त कर पोस्ट ऑफिस पर विजय प्राप्त की। दूसरा मैच नर्मदा क्लब स्टेडियम में रेलवे और सीपीडब्ल्यूडी के बीच खेला गया, जिसमें रेलवे द्वारा पहले टॉस जीता गया और उन्होंने क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सीपीडब्ल्यूडी की टीम 91 रन बना पाई, जिसमें सीपीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शर्मा द्वारा 41 रन का योगदान दिया गया।

दूसरी पारी में रेलवे बल्लेबाजी करने उतरी एवं उन्होंने 91 रन का लक्ष्य प्राप्त कर 7 विकेट से विजय प्राप्त की। रेलवे स्टेडियम पर फाइनल मैच में दो दिग्गज टीमे रेलवे और आरपीएफ के बीच भिड़ंत हुई। आरपीएफ ने टॉस जीता एवं पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। रेलवे की टीम द्वारा विशाल 161 रन का लक्ष्य रखा गया। जिसमें अखिल मेहता द्वारा 74 रनों का योगदान रहा। लेकिन इस विशाल लक्ष्य को प्राप्त करने में आरपीएफ टीम ना कामयाब रही और रेलवे टीम कोऑर्डिनेशन कप 2026 की विजेता के रूप में उभरी।

फाइनल मैच के उपरांत विजेता एवं उपविजेता टीम को डीआरएम कमल कुमार तलरेजा एवं प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स सविता बुंदास द्वारा ट्रॉफीया प्रदान की गई। मैन ऑफ़ द मैच का अवार्ड अखिल मेहता



को दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रिंसिपल कमिश्नर इन्कम टैक्स सविता बुंदास एवं विशिष्ट अतिथि डीआरएम कमल कुमार तलरेजा रहे।

समारोह मे अखिलेश कुमार पमरे, पीसीपीओ एसडी पाटीदार, पीएफ कमिश्नर राकेश सहरावत, ट्रेजरार अविनाश दुर्गे, डिफेंस ईस्टेट ऑफिसर नेहा गुप्ता, डायरेक्टर एयरपोर्ट आर आर पांडे, एडिशनल डायरेक्टर सीजीएचएस डॉ. सुधांशु, केवीएस से डिप्टी कमिश्नर दिग्गराज मीणा, सीनियर डीपीओ वरुण चतुर्वेदी, सीपीडब्ल्यूडी से एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सत्यदीप शर्मा, प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय टीएफआरआई प्रवीण नायडू, प्रिंसिपल केंद्रीय विद्यालय सीएमएम अनुपम शुक्ला ,नोडल अधिकारी स्टेनी जेवियर, रूप सिंह मरावी, विजय ठाकुर, जीएसटी से चिन्मय द्विवेदी एवं प्रशांत द्विवेदी आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व निदेशक दूरदर्शन एवं कोऑर्डिनेटर सीजीइडब्ल्यूसीसी अविनाश दुर्गे द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन नोडल ऑफिसर स्टेनी जेवियर द्वारा किया गया।

## संस्कारधानी के शिवालयों में आज गूंजेंगे बोल बम और हर हर महादेव के बोल, झूमेंगे भक्त और निकलेगी भोले की बारात

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर में महाशिवरात्रि का त्यौहार बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में पूजन अर्चन के विशेष आयोजन हो रहे हैं, और तड़के से ही शिवालयों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। भक्तजन भोर से भगवान शिव की आराधना पूरे मनोभाव से कर रहे हैं। कचनार सिटी टेंपल में 72 फीट ऊंची शिव प्रतिमा है, जो शहर का एक विशेष आकर्षण का केंद्र है, और शिवरात्रि में यहां आसपास के क्षेत्रों से भी भोले के भक्तों की भारी भीड़ दिनभर आती रहती है, संस्कारधानी में शिवरात्रि का विशेष आयोजन अतिप्राचीन शिवमन्दिर गुप्तेश्वर में होता है। इस साल महाशिवरात्रि में , शहर के विभिन्न मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे, जैसे कि शोभायात्रा, भजन, और फलाहारी भंडारे। रांझी में भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें आकर्षक झांकियां और अघोरी नृत्य दल शामिल होंगे।

धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक, शुभ योगों (महाशिवरात्रि शुभ मुहूर्त) में की गई पूजा का अक्षय फल मिलता है। महाशिवरात्रि के दिन शिव योग सुबह से ही शुरु होकर पूरे दिन बना रहेगा।

**प्रथम प्रहर:** 15 फरवरी शाम 06:11 बजे से रात 09:23 बजे तक करें।

**द्वितीय प्रहर:** 15 फरवरी रात 09:23 बजे से 16 फरवरी रात 12:35 बजे तक।

**तृतीय प्रहर:** 16 फरवरी रात 12:35 बजे से सुबह 03:47 बजे तक पूजन करें।



**चतुर्थ प्रहर:** 16 फरवरी सुबह 03:47 बजे से सुबह 06:59 बजे तक का मय।

**निशिथ काल ( महामुहूत ) :** रात 12:09 बजे से देर रात 01:00 बजे तक।

**अभिजित मुहूर्त :** दोपहर 12:13 बजे से 12:58 बजे तक।

जो भक्त महाशिवरात्रि (महाशिवरात्रि का त्योहार) का उपवास रख रहे हैं। वे अगले दिन 16 फरवरी को सुबह 06:59 बजे से दोपहर 03:24 बजे तक अपना व्रत खोल (पारण कर) सकते हैं।

**महाशिवरात्रि पूजन विधि**-संकल्प और शुद्धि: सुबह स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें और हाथ में जल, अक्षत व पुष्प लेकर पूरे दिन व्रत रखने का संकल्प लें। भगवान शिव से अपनी मनोकामना कहें।

अभिजित मुहूर्त दोपहर 12:13 बजे से 12:58 बजे तक।

जो भक्त महाशिवरात्रि (महाशिवरात्रि का त्योहार) का उपवास रख रहे हैं। वे अगले दिन 16 फरवरी को सुबह 06:59 बजे से दोपहर 03:24 बजे तक अपना व्रत खोल (पारण कर) सकते हैं।

**महाशिवरात्रि पूजन विधि**-संकल्प और शुद्धि: सुबह स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें और हाथ में जल, अक्षत व पुष्प लेकर पूरे दिन व्रत रखने का संकल्प लें। भगवान शिव से अपनी मनोकामना कहें।

**पंचामृत अभिषेक:** शिवलिंग पर सबसे पहले गंगाजल चढ़ाएं, उसके बाद दूध, दही, घी, शहद और शक्कर (पंचामृत) से अभिषेक करें। अंत में शुद्ध जल या गन्ने के रस से स्नान कराएं।

**विशेष सामग्री अर्पण:** महादेव को उनकी प्रिय वस्तुएं जैसे-बेलपत्र, धतूरा, भांग, शमी पत्र, सफेद चंदन और भस्म अर्पित करें। ध्यान रहे कि शिव पूजा में तुलसी, हल्दी और केतकी के फूल वर्जित हैं। मंत्र जप और आरती: पूजा के दौरान '? नम: शिवाय' मंत्र का निरंतर जप करें। शिव चालीसा का पाठ करें और अंत में कपूर जलाकर भोलेनाथ की मपूर्वक आरती वनिशिथ काल और प्रहर पूजा: संभव हो तो रात के निशिथ काल में विशेष पूजा करें।

## एपीएन महाविद्यालय में नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर आयोजित

**जबलपुर,देशबन्धु।** ए.पी. नर्मदा महाविद्यालय की एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और दांतों की बीमारियों का समय पर उपचार सुनिश्चित करना था।

शिविर में शहर के प्रसिद्ध दंत रोग डॉ अंशुल गुलाटी एम.डी.एस. पेरियोडोंटिस्ट और इम्प्लांटोलॉजिस्ट एवं डॉ परमजीत छावड़ा एम डी एस पेरियोडोंटिस्ट और इम्प्लांटोलॉजिस्ट विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। चिकित्सकों ने अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से मरीजों के दांतों की जांच की और उन्हें पायरिया, कैविटी तथा अन्य मुख रोगों से बचाव के तरीके बताए। शिविर के दौरान 250 से अधिक लोगों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयाँ एवं सलाह के साथ-साथ टूथपेस्ट किट वितरित किए गए। यह शिविर महाविद्यालय के डायरेक्टर चमन श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह एवं प्राचार्या डॉ. सोनल खरे एवं स्टेट



बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती विनाक्षी सेतिया खुराना आदि स्टाफ का सहयोग रहा। दंत चिकित्सकों की टीम ने बताया कि खान-पान की गलत आदतों के कारण युवाओं में दांतों की समस्याएँ बढ़ रही हैं, जिसके लिए नियमित जांच अनिवार्य है।

## दी क्वेश्चन एकेडमी' में युवा कवियों ने श्रोताओं को किया मंत्र मुक्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी के स्वर साहित्यिक मंच द्वारा जबलपुर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली संस्था 'दी क्वेश्चन एकेडमी' में युवा कवियों के द्वारा साहित्य अनुष्ठान संपन्न हुआ । आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बैजनाथ गौतम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वंदना सोनी विनम्र रही सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय बेशर्म ने की। आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष पूजन अर्चन से प्रारंभ हुआ। स्वागत उद्बोधन देते हुए अजय दुबे सर ने बताया कि भारत में प्रतियोगी परीक्षाएँ अब केवल चयन की औपचारिक प्रक्रिया नहीं रहीं, बल्कि वे युवाओं के सपनों, संघर्षों और संकल्प की वास्तविक कसौटी बन चुकी है। आमंत्रित कविगणों में डॉ सतेंद्र दुबे, डॉ प्रशांत मिश्रा, कवि अर्पित पांडे, अरिहंत जैन, अनुराग दुबे, काव्य खुसी, वैभव तिवारी ने एक से बढ़कर एक कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया आभार आदित्य नवेरिया ने आभार ज्ञापित किया गया।



## ट्रिपलआइटीडीएम में डीईडब्लयू का समापन, वक्ताओं ने इंडस्ट्री में सिम्बायोटिक एआई पर दिया व्याख्यान



**जबलपुर,देशबन्धु।** ट्रिपलआइटीडीएम में डीईडब्लयू का समापन किया गया। आयोजन में मानव-केंद्रित एआई की दृष्टि विषय पर वक्ताओं ने व्याख्यान दिया। तीन दिवसीय इस डिजाईन वर्कशॉप में इंडस्ट्री में सहजीवी कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर वक्ताओं ने मंथन किया। वक्ताओं ने जिनमें स्केलेबल और वास्तविक जीवन में लागू किए जाने वाले ए.आइ. समाधान व सहजीवी बुद्धिमत्ता रूपरेखाओं पर चर्चा की गई। प्रथम सत्र में इंजी. केसी लक्ष्मी नरसिम्हम ने व्यापार और संचार निगरानी के लिए स्केलेबल डेटा प्लेटफॉर्म पर एक केस स्टडी प्रस्तुत की। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर सुरक्षित, अनुपालन-आधारित और मजबूत प्रणालियों के निर्माण में एआई-आधारित विश्लेषण की भूमिका को रेखांकित किया।

**नवाचार के साथ समझाया उपयोग**-आयोजन में सीनियर सॉफ्टवेयर इंजी. राजेश्वर अग्रवाल ने उद्योग जगत से जुड़े सहजीवी एआई के केस स्टडी प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि मानव और एआई प्रणालियों के बीच सहयोगात्मक बुद्धिमत्ता किस प्रकार वास्तविक जीवन के निर्णय-निर्माण परिवेश में लागू की जा रही है, जिससे कार्यशाला की मूल थीम और अधिक सुदृढ़ हुई।

**समकालीन चुनौतियों पर चर्चा**-समापन सत्र में मानव-केंद्रित एआई प्रणालियों की आवश्यकता, उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत बनाने की आवश्यकता व भविष्य के लिए एआइ के उपयोग नैतिक एवं सामाजिक पहलुओं के एकीकरण का महत्व शामिल रहा। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और एआई-सक्षम डिज़ाइन एवं विनिर्माण के समकालीन चुनौतियों के समाधान में इस कार्यशाला की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजाइन नवाचार के नवीनतम विकासों को परिभाषित किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

## वेदी प्रतिष्ठा पर निकली विशाल जिनवाणी पालकी यात्रा



**जबलपुर,देशबन्धु।** सकल जैन समाज ने किया आत्मीय अभिनंदन - आज होगा तिलक महोत्सव जबलपुर - श्री तारण-तरण दिगंबर जैन चैत्यालय के निमित्त चल रहे रत्नत्राय महोत्सव वेदी प्रतिष्ठा के द्वितीय दिवस सम्यक ज्ञान की आराधना कर सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज के साथ वेदी सूतन कर्ता रामडिम मूरी परिवार ने विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लेकर धर्माराधना की।

मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया प्रात: काल की मंगल बेला पर सभी ने मंत्र जप के साथ दिन का शुभारंभ किया पश्चात मंदिर विधि के माध्यम से देव - शास्त्र - गुरु - भगवन्तों की आराधना कर दान प्रभावना की गई। जिसमें गुरु भाइयों ने अपूर्व उत्साह दिखाया और स्वर्ण कलशों सहित ध्वजारोहण की बोली लेकर अपनी चंचल लक्ष्मी का सदुपयोग किया। आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक लखन घनघोरिया, अभिलाष पांडे, अशोक रोहानी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भाई, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, विनय सक्सेना सहित अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए चैत्यालय के मार्ग को संत तारण तरण मार्ग एवं एक चौंक को तारण-तरण चौंक बनाने की घोषणा की जिसके लिए समाज ने उनका अभिनंदन किया।

**ये रहे सौभाग्यशाली** - राजू जैन परासिया ने बताया कि ं मंदिर के शिखर का स्वर्ण पॉलिश युक्त धर्मध्वज जिनेंद्र कुमार, आशीष कुमार, जतिन, केतन समैया भगत परिवार द्वारा समर्पित किया गया। रात्रि में सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद उस्मानपुर दिल्ली से पधारे जैन भजन गायक संजीव जैन के सुमधुर भजनों से समवशरण मंडप गुंजायमान हो उठा अपार जनसमुदाय ने नृत्यगान कर आनंद उत्सव मनाया।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 15 फरवरी 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। फाल्गुन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र- उ.षा.**

मेष- आज आप पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर घरेलू मामलों के संबंध में विचार विमर्श करेंगे। घर को नए सिरे से योजनाबद्ध करके आप उसे एक नया स्वरूप देंगे। ऑफिस में उच्च अधिकारियों के साथ चर्चा होगी।

वृषभ- आज आप विदेश में बसनेवाले मित्रों या स्नेहीजनों के अच्छे समाचार पाकर आनंद अनुभव कर सकेंगे। जो लोग विदेश जाना चाहते हैं, उनके लिए अच्छा समय है। प्रवास या धार्मिक स्थान पर जाने का योग है।

मिथुन- आज आपको काफी सावधानी रखने की जरुरत है। आज इलाज या शल्यचिकित्सा टालना बेहतर होगा। क्रोध से खुद की हानि कर लेंगे। दिमाग को शांत रखें। मानहानि न हो, इसका ध्यान रखिएगा। **क. 156-269**

कर्क- वैभवी जीवन शैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे। व्यापार में आप को लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा या प्रवास का आयोजन कर सकेंगे।

सिंह- मानसिक चिंता से मन चिंतित रहेगा। शंका और उदासी भी मन पर छाई रहेगी, इसलिए आज मन भारी रहेगा। किसी कारणवश दैनिक कामों में विघ्न आ सकते हैं। व्यवसाय में सहकर्मियों का सहयोग आज नहीं के बराबर मिलेगा।

कन्या- आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी। शेयर-सट्टे से संभलकर चलिएगा। मन में खिन्नता का अनुभव होगा। आज बौद्धिक चर्चाओं में न उतरना आपके लिए हितकारी रहेगा।

तुला- आपके लिए समय शुभ है। किसी बात को लेकर मन ज्यादा इमोशनल रहेगा। शारीरिक ताज़गी का अभाव रहेगा। मानसिक चिंता भी रहेगी। धन और यश की हानि हो सकती है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आज आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य वृद्धि भी होगी। स्नेहीजनों के साथ संबंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी। नए काम का शुभारंभ करने के लिए समय शुभ है।

धनु- आप का दिन मिश्रित फलदायी है। असमंजस के कारण निर्णय लेना कठिन होगा। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से निराशा होगी।

मकर- आज दिन की शुरूआत ईश्वर स्मरण से होने के कारण मन प्रफुल्लित रहेगा। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे। नौकरी और व्यापार के स्थान पर आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ- आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। परिजनों के साथ कलह होने की संभावना है। धन के लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें। अदालती कार्यवाही में संभलकर चलें। खर्च की अधिकता रहेगी।

मीन- आज आकस्मिक धनलाभ की संभावना अधिक है। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन के या पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। नए मित्रों से भी संपर्क होगा, इसका आपको भविष्य में लाभ होगा। **मा. 579-799**

3,8,4,9-31,86,42,93,78,42,17,67

## जैविक खेती के प्रशिक्षण में स्टूडेंट्स ने तैयार किए जीवामृत उर्वरक



**जबलपुर,देशबन्धु।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जैविक कृषि आधारित स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। आयोजन में प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान समय में जैविक उत्पादों की मांग देश-विदेश में तेजी से बढ़ रही है। इस बढ़ती मांग ने युवाओं के लिए रोजगार, उद्यमिता और स्टार्टअप के अनेक अवसर प्रदान किये है। जैविक खेती केवल खेती नहीं, बल्कि कॅरियर, व्यवसाय और आत्मनिर्भरता का माध्यम है। युवा इस क्षेत्र में आगे बढ़े, जिससे समाज को स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण मिलेगा। आयोजन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी संयोजक प्रो. अरुण शुक्ला ने कहा कि जैविक खेती केवल खेती नही, बल्कि कॅरियर, व्यवसाय और आत्मनिर्भरता का माध्यम है। युवाओं को जैविक खेती अपना कर रोजगार बढ़ाना चाहिए। प्रशिक्षक डॉ. प्रज्ञा रामगिरी एवं डॉ. संज्ञा सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में युवाओं को बीज उपचार, पोषक तत्वों का प्रबंधन, कीटों से फसल का बचाव, जैविक खाद व तरल उर्वरक बनाना सिखाया।

## दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयोजित आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत महाविद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रशिक्षण' अल्पावधि स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का आज समापन किया गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने जो सामग्री बनाई थी उसकी प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि यह प्रशिक्षण दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए केवल रचनात्मक गतिविधि नही, बल्कि आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर होगें। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि कला मनुष्य की भावनाओं, विचारों और कल्पनाओं को अभिव्यक्ति करने का सबसे सुंदर माध्यम है। प्रशिक्षक कु. प्रियंका शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियो को काफ्ट रंगोली, आईसक्रीम स्टीक पॉट, मिरर डेकोरेशन, बीट बैग, बैग पेंटिग एण्ड ब्लाक, पेपर क्राफ्ट इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. सुनील देशपाण्डे के साथ महाविद्यालय के 34 दिव्यांग विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## प्रतिभाओं को हुआ सम्मान, मेडल और प्रमाण पत्र ने बढ़ाया मान

**जबलपुर,देशबन्धु।** गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में स्नेह सम्मेलन का समापन व पुरस्कार वितरण किया गया। समारोह में वर्ष भर महाविद्यालय में चलने वाली एकेडमिक्स, लिटरेचर, स्पोर्ट्स, कल्चरल और अन्य कार्यक्रमों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रीवा विवि के कुलपति डॉ. राजेन्द्र कुमार कुररिया थे। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया जाता है, तो उसे सम्मान मिलता है। प्रोत्साहन से प्रतिभाओं का विकास होता है। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शिखा सक्सेना ने कहा कि बेहतरीन परीक्षा की तैयारी करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें, साथ ही नियम पूर्वक अनुशासन से कड़ी मेहनत द्वारा परीक्षा में उत्तीर्ण होने का लक्ष्य बनाएं।



**सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन**-डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. रमेश शुक्ला के संयोजन में हिन्दी तथा अंग्रेजी विभाग के अंतर्गत हुए ग्रीटिंग कार्ड, पूजा थाल, गिफ्ट पैकिंग, विज्ञान तथा कला प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन, अंतरमहाविद्यालयीन व विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोत्तम प्रदर्शन, वार्षिक स्नेह सम्मेलन में नृत्य, नाटक, माइम तथा अन्य प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार पर प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस मौके पर डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. प्रीति पांडे, प्रभारी डॉ. वर्षा अगलावे, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. जया बाजपेयी, डॉ. राजश्री कपूर, डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. चेतना राणा अग्निहोत्री, डॉ. ओम प्रकाश साहू, डॉ. रूपाली जैन, डॉ. विनीता रतौनिया, डॉ. राजश्री कपूर का सहयोग रहा।

### एजुकेशन टूर में पाया इतिहास का ज्ञान

**जबलपुर,देशबन्धु।** पीएम केन्द्रीय विद्यालय खमरिया के प्राइमरी सेक्शन के स्टूडेंट्स को शैक्षणिक भ्रमण के लिए झोतेश्वर, गोटेगांव व पिसनहारी की मढ़िया ले जाया गया। प्राचार्य अमित श्रीवास्तव ने कहा कि एजुकेशन टूर बच्चों को नॉलेज प्रदान करने का जरिया होते हैं।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**

**श्रीमती वसुंधरा लोहकरे**- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री मनोहर लोहकरे की धर्मपत्नी श्रीमती वसुंधरा लोहकरे (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा देवी मेघवानी**- झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री अशोक मेघवानी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा देवी मेघवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. अशोक अवस्थी**- विजय नगर निवासी डॉ. अशोक अवस्थी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता ताम्रकार**- शीतलामाई निवासी श्री लालचंद ताम्रकार की धर्मपत्नी श्रीमती ममता ताम्रकार (62) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुंदर लाल शर्मा**- नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री सुंदर लाल शर्मा (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकुंद सिंह परिहार**- बुद्धू काछी का बाड़ा रांझी मानेगांव निवासी श्री मुकुंद सिंह परिहार (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम सिंह**- करमेता निवासी श्री राम सिंह (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला चौधरी**- दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री पुरूषोत्तम चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला चौधरी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में किया गया।

**श्रीमती नलिनी स्वामी**- छापर रामपुर निवासी श्री तम्बा स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती नलिनी स्वामी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीराम हरचंदानी**- पंचशील नगर नर्मदा रोड निवासी श्री हरीराम हरचंदानी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## शराब-मुर्गा पार्टी के बाद सामूहिक दुष्कर्म कर महिला की हत्या

### दोनों आरोपी गिरफ्तार, एक ने किया जहर का सेवन

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मुड़िया की नहर में एक माह पहले मिली महिला की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली। दरअसल दो युवकों ने महिला के साथ मिलकर पहले शराब और मुर्गा पार्टी की इसके बाद उसके साथ गैंगरेप किया। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ पैर पकड़कर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और लाश नहर में फेंक दी थी। पुलिस ने एक आरोपी मुकेश को धर-दबोचा, वहीं दूसरे आरोपी महेश मार्को ने गिरफ्तारी से बचने कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों ने बताया कि विगत 12 जनवरी को सूचना मिली थी कि ग्राम मुड़िया नहर के पास एक महिला का शव पड़ा हुआ है। घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने पर जानकारी लगी कि महिला के बैग को जलाया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजकर जांच शुरू की तो पता चला कि 30 वर्षीय महिला कुंडम की रहने वाली है, जो पत्नी और बच्चों के साथ पनागर के फार्म हाउस में रहकर काम करती थी। 10 जनवरी की शाम करीब 4 बजे पनागर बाजार अकेली गई थी। रात 8 बजे तक वापस नहीं आई तो महिला के पति ने गांव में रहने वाले सास, ससुर को जानकारी दी। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। 12 जनवरी को सुबह पुलिस को सूचना मिली कि महिला की लाश मुड़िया नहर के पास पड़ी है, जिसकी शिनाख्त लापता महिला के रूप में हुई। 30 वर्षीय महिला जो अर्धनग्न हालत में थी, जिसका शव मुड़िया नहर के अंदर पड़ा हुआ था। पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मौत से पहले महिला ने शराब पी थी, गले की हड्डी टूटने के कारण उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि अंतिम बार महिला मुकेश सिंह के साथ देखी गई थी। पुलिस ने मुकेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि मोनू, जो महिला का साथी था, के कहने पर वह उसे पम्प हाउस स्थित अपने कमर में ले गया था। जहां तीनों ने शराब और चिकन पार्टी की, इसके बाद मोनू ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। बाद में जब मुकेश ने भी दुष्कर्म करने की कोशिश की तो महिला शोर मचाने लगी। इस पर उसने जबरदस्ती महिला के साथ दुष्कर्म किया। महिला ने कहा कि वह घर जाकर परिवार वालों को दोनों के नाम बता देगी, इतना सुनते ही मुकेश और मोनू ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और घर से करीब 200 मीटर दूर नहर में शव फेंक दिया। पुलिस के डर से दोनों ने मिलकर महिला का बैग, साड़ी और चप्पल जला दिए।

**गिरफ्तारी से बचने पिया कीटनाशक**-पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुकेश को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस दूसरे आरोपी मोनू उर्फ महेश मार्को की तलाश में जुट गई। 12 फरवरी की रात पनागर थाना पुलिस ने उसे पकड़कर थाने लाया, जहां उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस तुरंत उसे पनागर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां उसने बताया कि पुलिस को घर की ओर आते देख पकड़े जाने के डर से उसने घर में रखी खेत में चारा नष्ट करने वाली कीटनाशक दवा पी ली थी। आरोपी मोनू उर्फ महेश मार्को को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रेत रॉयल्टी की फर्जी रसीद-कट्टा छपवाकर शासन को लगाया लाखों का चूना

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेत का अवैध गोरखधंधा करने वालों ने पुलिस को चकमा देने खनिज विभाग की रेत रॉयल्टी की फर्जी रसीद-कट्टा छपवाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली वालों को एक-एक हजार में बेचकर रेत के अवैध उत्खनन करने की अनुमति दे दी, जिससे शासन को लाखों रुपये की चपत लगने का अनुमान है। खनिज अधिकारी की शिकायत पर मझगवां पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



### ट्रैक्टर-ट्रॉली वालों को एक हजार में रसीद देकर धड़ल्ले से हो रहा था अवैध उत्खनन

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ खनिज अधिकारी अशोक कुमार राय ने प्रतिवेदन पेश किया, जिसमें बताया गया कि विगत 12 फरवरी की दोपहर व्हाट्सएप पर भंडरा खदान से संबंधित एक पर्ची की फोटो प्राप्त हुई, जिसमें क्रमांक 50 बुक नम्बर 32 लेख है, जो 10 फरवरी को महिन्द्रा क्रमांक एमपी 20 एबी 6240 हेतु जारी की गई है, जिसमें खदान जाने का समय 4-5 बजे तथा खदान से आने का समय 5 बजे लेख है। गाड़ी मालिक का नाम सिद्धू पटैल लिखा गया है, जो 3 घन मीटर हेतु जारी किया गया है, पर्ची का अवलोकन में पाया गया कि पर्ची वैध नहीं है तथा खनिज विभाग से जारी नहीं की गई है। उन्हें जानकारी मिली कि सिहोरा तहसील अंतर्गत हिरण नदी के भंडराघाट से रेत के लिए यह पर्ची शैलेन्द्र पटेल निवासी ग्राम खिरहनी द्वारा पैसा लेकर वाहन महिन्द्रा क्रमांक एमपी 20 एबी 6240 के वाहन स्वामी सिद्धू पटेल को रेत परिवहन के लिए दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि थाना मझगवां पुलिस द्वारा वाहन क्रमांक एमपी 20 एबी 6240 रेत खनिज के अवैध परिवहन में पाए जाने पर जब्त किया गया है। उपरोक्त वर्णित अवैध पर्ची शैलेन्द्र पटेल निवासी ग्राम खिरहनी द्वारा जारी करते हुए धोखाधड़ी की गई है। दौरान शिकायत जांच साक्षियों के कथन लेख किए गए, जिन्होंने अपने कथनों में बताया कि सचिन पटेल निवासी खिरहनी और शैलेन्द्र उर्फ शैलू पटेल ने मिलकर फर्जी तरीके से रेत की रॉयल्टी की रसीद कट्टा छपवाकर शासन की रेत निकलवा कर शासन एवं ट्रैक्टर वालों के साथ धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर वालों से ट्रॉली में रेत ले जाने का 1-1 हजार रुपये लेकर रसीद काटकर देकर अवैध लाभ कमा रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने सचिन पटेल व शैलेन्द्र उर्फ शैलू पटेल निवासी खिरहनी कलां के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। फाइल फोटो।

## करंट लगने से हुई मजदूर की मौत, मकान मालिक पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोराबाजार थाना क्षेत्रांतर्गत बिलहरी बजरंग नगर में बारिश के मौसम में छत पर तिरपाल डालते वक्त करंट लगने से हुई मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुभाष सोनी उम्र 40 वर्ष व गोविंद कोल निवासी लखराम मोहल्ला खितौला विगत 1 जुलाई 2025 को बिलहरी बजरंग कॉलोनी में निंदर कौर के यहां काम पर गए थे। उनके मकान के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। घर के ऊपर शीट पर तिरपाल बिछाने के दौरान हल्का-हल्का पानी बरस रहा था, जिनसे सुभाष सोनी ने करंट लगने की आशंका व्यक्त की, लेकिन मकान मालिक ने कहा कि कुछ ही देर का काम है, कर दो। जैसे ही वे दोनों तिरपाल लोहे का पाइप नीचे रख रहे थे, उसी दौरान पाइप बिजली लाइन से टकरा गया और करंट लगने से सुभाष सोनी बुरी तरह झुलस गया, जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया।

चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत सुभाष सोनी उम्र 40 वर्ष निवासी लखराम मोहल्ला खितौला को मृत घोषित कर दिया। मकान मालिक निंदर कौर द्वारा बिना किसी सुरक्षा उपकरण के उपेक्षापूर्ण कार्य कराया गया, जिस पर पुलिस ने उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## रुपये न देने पर युवक पर डंडे से हमला

**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलबाग पुलिस ने बताया कि गलगला टोरिया निवासी हर्ष खनौटिया बीती देर रात अपने घर के पास प्रताप किराना के बाजू वाली गली में खड़ा था। उसी समय मोन्टी उर्फ प्रिंस सोनकर पहुंचा और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपये मांगने लगा। उसने रुपये देने से मना किया तो आरोपी ने डंडे से हमला कर उसके सिर में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## वनरक्षक से अभद्रता और जान से मारने की धमकी

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय कार्य में बाधा डालने और एक वनरक्षक को जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, बरगी वन परिक्षेत्र में पदस्थ वनरक्षक राहुल गुलाटी (40 वर्ष), निवासी आदर्श कॉलोनी अधारताल ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने बताया कि विगत 5 फरवरी को उनकी ड्यूटी ग्राम चरगवां की बीट तिखारी (कम्पार्टमेंट ओ-455) में चल रहे प्लांटेशन कार्य में थी।

सुबह करीब 11 बजे जब प्लांटेशन का काम चल रहा था, तब तिखारी निवासी गोलू और मेहतू उनके साथ काम कर रहे थे। इसी दौरान तीन व्यक्ति वहां पहुंचे। उनमें से एक व्यक्ति ने अपना नाम राजू मसराम बताया। आरोपी राजू ने वनरक्षक के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और आरोप लगाया कि राहुल ने किसी व्यक्ति को मारा है। राहुल ने जब इसका प्रतिवाद किया और कहा कि वह अभी ही ड्यूटी पर आया है और उसने ऐसा कुछ नहीं किया, तो आरोपी भड़क गया।

बातचीत के दौरान आरोपी राजू मसराम ने वनरक्षक की कॉलर पकड़ ली। मौके पर मौजूद कर्मचारियों गोलू और मेहतू ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इसके बाद, आरोपी राजू मसराम ने वनरक्षक को जान से खत्म करने की धमकी देते हुए कहा कि कहीं मिला तो जान से खत्म कर दूंगा। वनरक्षक के कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा उत्पन्न करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में, बरगी पुलिस ने राहुल गुलाटी की रिपोर्ट पर आरोपी राजू मसराम के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।



## स्कूल से बंक मारकर मेला घूमने गई किशोरी दस्तयाब, पुलिस ने मां को सौंपा

**जबलपुर, देशबन्धु।** लॉर्डगंज थाना पुलिस ने एक 16 वर्षीय किशोरी को लापता होने के चंद घंटों के भीतर ही दस्तयाब कर लिया है। किशोरी स्कूल से बंक मारकर मेला घूमने गई थी और देर होने के डर से रात भर रेलवे स्टेशन पर छिपी रही।

पुलिस ने किशोरी को सुरक्षित उसकी मां के सुपुर्द कर दिया है। लॉर्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि 13 फरवरी को एक 37 वर्षीय महिला ने बताया कि उसका बड़ा बेटा शाम को जब उसकी 16 वर्षीय बेटी को लेने स्कूल पहुंचा तो पता चला कि वह स्कूल नहीं आई थी। परिजनों द्वारा तलाश करने पर भी किशोरी का कहीं पता नहीं चला, जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने गुमशुदा किशोरी की शीघ्र दस्तयाबी के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए किशोरी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत और पतासाजी करते हुए किशोरी को ढूंढ निकाला। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि वह स्कूल नहीं गई थी और मेला घूमने चली गई थी। मेला घूमने में देर हो जाने के कारण उसे डर लगा कि घर जाने पर डांट पड़ेगी, इसलिए वह पूरी रात रेलवे स्टेशन पर रुकी रही। किशोरी को सुरक्षित ढूंढ़कर पुलिस ने उसे उसकी माँ के हवाले कर दिया है, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है।

## किसान के घर से बिक्री के रुपये ले गए चोर

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसान के घर से बिक्री की धनराशि अज्ञात चोरों द्वारा चुराने की वारदात सामने आई है। प्राप्त जानकरी के अनुसार थाना शहपुरा में 14 फरवरी की दोपहर में मयूर सिंह राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी कैथरा शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह किसान है। उसके पिताजी तीन भाई हैं, उसके चाचा दक्षिण भारत के रामेश्वरम् मंदिर में दर्शन के लिए गए हैं। 13 फरवरी की रात को उसके भाई रोहित सिंह लगभग एक बजे खेत से आया। जहां उसने देखा कि चाचा पूरन सिंह के कमरे और एक अन्य कमरे दोनों के दरवाजे खुले थे, चाचा वाले कमरे का ताला टूटा था। जिसके बाद रोहित ने मयूर को फोन करके बुलाया, उसने जाकर देखा की कमरे में रखे आलमारी का ताला टूटा था, जिसमें रखे पैसे नहीं थे, कितने रुपयों की चोरी हुई है, यह चाचा के आने पर पता चल सकेगा। उसने बाजू वाले कमरे की आलमारी चैक की तो पता चला कि मटर बेचने के 63 हजार रुपये रखे थे, जो गायब थे, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामला विवेचना में लिया है।

## गांजा पीने के लिए रुपए मांगे, मना करने पर बका से हमला

**जबलपुर, देशबन्धु।** गौर चौकी क्षेत्र में पैसे न देने पर एक युवक द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने गांजा खरीदने के लिए रुपए मांगे थे और मना करने पर गाली-गलौज करते हुए बका से वार कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटियाघाट निवासी श्रीराम चक्रवर्ती (36 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 फरवरी की सुबह 9 बजे वह अपने घर के आंगन में बैठा था, तभी वहां रितिक उर्फ संदीप मलिक आया और गांजा पीने के लिए 200 रुपए की मांग करने लगा। जब श्रीराम ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी रितिक गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपने पास रखे बका श्रीराम के बाएं पैर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी रितिक उर्फ संदीप मलिक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति छीनने का आदेश किया निरस्त

### मां के शपथपत्रों से जुड़ा मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने अनुकंपा नियुक्ति छीनने का आदेश अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता लवकुशनगर छतरपुर निवासी राकेश अहिरवार को राहत मिल गई।

याचिकाकर्ता का पक्ष अधिवक्ता प्रवीण वर्मा व ज्योति वर्मा ने रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पिता नारायण प्रसाद अहिरवार सहायक ग्रेड-3 के पद पर जनपद पंचायत में पदस्थ थे। उनके तीन पुत्र हैं, सबसे बड़ा याचिकाकर्ता, उसके बाद महेंद्र कुमार और सबसे छोटा दिलीप अहिरवार। बड़ा पुत्र होने के नाते याचिकाकर्ता ने अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन किया। मां पुष्पा देवी अहिरवार ने उसके पक्ष में शपथपत्र दिया। 20 नवंबर 2024 को समिति गठित कर आवेदन पर विचार किया गया। जांच प्रतिवेदन पर गौर करने के बाद सीईओ ने 30 जनवरी 2025 को याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र माना। इसी के साथ 28 फरवरी 2025 को अनुकंपा नियुक्ति दे दी गई, लेकिन सबसे छोटे भाई दिलीप अहिरवार ने याचिका दायर कर बड़े भाई की अनुकंपा नियुक्ति निरस्त करने और खुद को नियुक्ति देने की मांग की। इसके लिए मां का अंगूठा लगा, दूसरा शपथपत्र पेश किया था। न्यायालय ने उसके पक्ष में आदेश पारित कर दिया, जिसके बाद बड़े भाई ने अपनी नियुक्ति निरस्त करने को चुनौती दी, जिसमें तर्क दिया था कि छोटे भाई ने कोर्ट को असत्य तथ्य के जरिए भ्रमित कर राहत पाई है। इसकी तस्दीक के लिए मां का नया शपथ पत्र पेश कर दिया, जिसके बाद न्यायालय ने उक्त जानकारी को अभिलेख पर लेकर पूर्व आदेश निरस्त कर दिया।




### सांस्कृतिक एवं पारंपरिक न्यायवाद का सशक्त माध्यम ही मध्यस्थता है : मुख्य न्यायाधीश

### शिवपुरी में अधिवक्ता की हत्या से आक्रोश

**जबलपुर, देशबन्धु।** शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की हत्या से अधिवक्ता समुदाय आक्रोशित हो गया है। मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के वाइस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने मध्य प्रदेश शासन से अविलंब एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। साथ ही मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी पर बल दिया है। ऐसा न किए जाने पर राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर दूसरी ओर से मप्र जूनियर लायर्स एसोसिएशन ने भी आपात बैठक आहूत की। अपूर्व त्रिवेदी, भानु अग्रवाल, अभिजीत सिंह मरावी, अरविंद सिंह चौहान, आनंद शुक्ला, सुशील मिश्रा व शुभम पाटकर ने वकीलों पर हमलों की निंदा की है।

## रज्जाक के मामले में अब 16 मार्च को होगी सुनवाई

### सरकार की आपत्ति याचिका सुनवाई योग्य नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक को लेकर दायर याचिका में सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने याचिका पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि जब हिरासत का आधार ही स्पष्ट नहीं है तो इसे कैसे चुनौती दी जा सकती है। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी की पीठ ने मामले में आवेदक की ओर से समय की राहत चाहने पर अगली सुनवाई 16 मार्च को निर्धारित की है।

सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह और शासकीय अधिवक्ता मानस मणि वर्मा ने कोर्ट को बताया कि रज्जाक की पत्नी सबीना बेगम ने पहले हिरासत के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसे 8 जुलाई 2025 को वापस ले लिया गया था। अब नई याचिका में हिरासत का ठोस आधार नहीं बताया गया है, इसलिए यह सुनने योग्य नहीं है। सरकार ने यह भी कहा कि राहत के लिए आरोपी को नियमित जमानत आवेदन देना चाहिए, न कि इस तरह की याचिका, जिसमें आरोप लगाया गया है कि व्यवसायिक प्रतिद्वंद्विता के चलते रज्जाक पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई और यह कार्रवाई पूर्व मंत्री व विधायक संजय पाठक के इशारे पर हुई। हाईकोर्ट के निर्देश पर 31 अक्टूबर को विधायक का नाम सार्वजनिक होने के बाद उन्हें नोटिस जारी किया गया था। हालांकि संजय पाठक ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा है कि उनका इस कार्रवाई से कोई संबंध नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट मोहम्मद अली और अधिवक्ता शारिक अकील फारूकी ने सरकार की आपत्तियों पर जवाब देने के लिए समय मांगा। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को निर्धारित की है।

## नर्मदा, परियट व गौर नदी से पांच सौ मीटर के भीतर की डेयरियां कब हटेंगी

### एनजीटी में याचिका के जरिए कार्रवाई की अंतरिम मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में एक जनहित याचिका के जरिए नर्मदा, परियट व गौर नदी से 500 मीटर के भीतर की डेयरियों को हटाने के दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। जनहित याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे का कहना है कि अनिवार्य नीति के अनुसार नदियों से 500 मीटर दूरी पर डेयरियां नहीं होना चाहिए।

जनहित याचिकाकर्ता के वकील प्रभात यादव के अनुसार 28 जनवरी 2026 को एनजीटी ने 9 वर्ष पूर्व के आदेश का सख्त रूप से पालन करने के निर्देश दिए थे। डेयरियों के अपशिष्ट से नर्मदा जल प्रदूषित होने से बचाव के लिए डेयरियां हटाकर नई जगहों पर शिफ्ट करने को कहा गया था। एनजीटी के अनुसार नर्मदा के किनारे 25, परियट के किनारे 40 तथा गौर के किनारे 12 डेयरियां पाई गई हैं, लेकिन 9 वर्ष बीत जाने के बावजूद न तो डेयरी हटाई गईं और न ही उन्हें डेयरी स्टेट खमरिया में शिफ्ट किया गया है, जबकि डेयरी स्टेट का उद्घाटन 24 फरवरी 2022 में हो चुका है। सात वर्ष पूर्व नर्मदा सेवा यात्रा मिशन के तहत राज्य शासन ने स्वयं माना है कि परियट, गौर व नर्मदा नदी के किनारों में स्थापित डेयरियों से नर्मदा प्रदूषित हुई हैं। अधिवक्ता प्रभात यादव व तरुण रावत ने मांग की है कि एनजीटी स्वयं समिति का गठन कर जांच करें कि नर्मदा सेवा यात्रा मिशन ने नर्मदा, गौर व परियट को संरक्षित व प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में अब तक कितना कार्य हुआ है। उन्होंने एनजीटी से प्रार्थना की है कि डेयरी स्टेट खमरिया में जाने के लिए नोटिस जारी करने के बावजूद डेयरियों के संचालकों ने वहां पर डेयरियां स्थापित नहीं कीं, अतः उनके विरुद्ध अपराधिक मामले पंजीबद्ध कराएं।

## अंतर्जातीय विवाह करने वाले दंपति की सुरक्षा सुनिश्चित करें

### हाईकोर्ट ने भोपाल एसपी को दिए निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने राजधानी भोपाल में अंतर्जातीय विवाह करने वाले दंपति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिए हैं।

न्यायालय अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के आधार पर पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह इस तरह के मामलों में गंभीरता बरतें। दरअसल याचिकाकर्ता दंपति में पत्नी की आयु 23 वर्ष और पति की आयु 19 वर्ष है। दोनों क्रमशः यादव व कुशवाहा समाज से आते हैं, इसीलिए जातिवादी सोच के अलावा आयु में विभेद के आधार पर दोनों पक्षों की ओर से विरोध किया जा रहा है। 9 जनवरी 2026 को हिंदू विवाह संस्थानम समिति, भोपाल में हिंदू रीति-रिवाजों के साथ शादी के बाद से ही दोनों का जीवन व स्वतंत्रता पर खतरा मंडरा रहा है, जिस पर सुरक्षा की मांग को लेकर पुलिस को शिकायत सौंपी थी, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि पति-पत्नी, दोनों वयस्क हैं, जिसकी तस्दीक विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र और शैक्षणिक दस्तावेजों से हो रही है। चूंकि दोनों वयस्क हैं और अपनी मर्जी से विवाह किया है, अतः जीवन-साथी चुनने का विरोध अनुचित है। ऐसा करना संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार के उल्लंघन की परिधि में आता है। सुनवाई के पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिए।



## नागा घाटी में दुर्घटना को रोकने के लिए बनाए गए स्थाई स्पीड ब्रेकर

**बरेला, देशबन्धु।** शारदा मंदिर के निकट नागा घाटी में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और बेलगाम वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए एनएचएआई द्वारा स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, जिसके कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में रोक लगाई जा सके। स्थानीय ग्राम पंचायत रिछाई के सरपंच आशीष शुक्ला ने बताया कि उन्होंने एनएचएआई को नागा घाटी में हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए घाटी में विश्वविद्यालय के समीप दो-तीन जगह स्पीड ब्रेकर बनाने हेतु सुझाव दिए थे, जिस पर एनएचएआई के रिंग रोड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृतलाल साहू द्वारा सुझावों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए स्पीड ब्रेकर बनाने के साथ ही घाटी पर ब्लिंकर लगाए गए हैं। इसके कारण आने वाले वाहनों को दूर से ही यह समझ में आ जाता है कि घाटी में टर्निंग पॉइंट पर वाहनों की गति कम करना है। ज्ञात हो कि नागा घाटी में आए दिन दुर्घटनाओं की खबर आती रहती है। यह स्थान दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात हो चुका है। इस संबंध में श्री साहू ने बताया कि हाईवे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नेशनल हाईवे द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 07 मार्च तक

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन दिनांक 07 फरवरी से 07 मार्च तक किया जाना है। किसान अपनी फसल का नि:शुल्क पंजीयन सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र में एवं सशुल्क एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर जाकर अपनी उपज का पंजीयन करा सकतें है। उन्होंने बताया कि सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के पंजीयन केवल सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र द्वारा किये जावेगें, सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के सिकमी अनुबंध 12 फरवरी के पूर्व का होने पर ही मान्य किया जावेगा।

## लूट गैंग का पर्दाफाश : 2 नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार

● युवक से मारपीट कर लूटी थी नकदी और गाड़ी



**रीवा देशबन्धु।** पुलिस ने लुटेरों की गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो नाबालिक सहित कुल छः आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई गैंग ने जिले के लाल गांव पुलिस चौकी क्षेत्र में एक शख्स के साथ मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के करीब एक माह बाद पुलिस ने ना सिर्फ लूट की वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया, बल्कि लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा भी कर दिया है।

दरअसल यह सफलता पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा गठित की गई एसआईटी टीम और लालगांव पुलिस चौकी सहित बैकुंठपुर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली है। एसपी ने जिले के हाईवे मार्गो में होने वाली लूट की घटनाओं में शामिल बदमाशों की पतासाजी के लिए एसआईटी टीम गठित की है, जिसमें जिले के कई थानो के प्रभारी को शामिल किया गया है।

बताया गया की उक्त टीम द्वारा बीते माह 9 जनवरी को लालगांव चौकी क्षेत्र में स्थित क्योटी पुलिया में राजगढ़ निवासी राम मनोरथ शुक्ला के साथ मारपीट कर लूट करने वाली गैंग को पकड़ा गया है। पीड़ित राममनोरथ शुक्ला 9 फरवरी को क्योटी घूमने गए थे, तभी क्योटी पुलिया के पास आधा दर्जन बदमाशों ने रास्ता रोक कर उनके साथ न सिर्फ मारपीट की बल्कि जेब में रखे नगदी रुपए सहित मोबाइल और बाइक लूट कर फरार हो गए थे। मामले में फिलहाल लालगांव चौकी पुलिस और बैकुंठपुर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए बदमाशों की पताशाजी कर वारदात में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमे दो नाबालिक भी शामिल है। फिलहाल पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और बाइक बरामद कर ली गई है जबकि लूटे गए पैसे आरोपियों ने खर्च होना बताया है।

## सार-समाचार

### ईसाई महासंघ ने अतुल जोसफ राष्ट्रीय सचिव नियुक्त



**शहपुरा/जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर ईसाई महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव (प्रशासन) रंजन नायर एवं संगठन की कोर कमेटी की सर्वसम्मत सहमति से अतुल जोसफ को ईसाई महासंघ का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा के साथ ही संगठन एवं मसीह समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव अतुल जोसफ को संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों, धर्मगुरुओं एवं समाजसेवियों ने शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं एकजुट बनाने की अपील की है। इस अवसर पर ईसाई महासंघ के प्रभाकर तिर्की, हनी जॉन, राजेश सेल्वराज, फादर आनंद मुतुंगल, बिशप राजेश चौधरी, एड. मंजू पिल्लै, एड. अल्बर्ट एंथोनी, सैम्युएल जेम्स सहित अनेक मसीह समाज के प्रबुद्धजनों ने बधाई संदेश प्रेषित किए। सभी ने आशा व्यक्त की कि अतुल जोसफ के नेतृत्व में ईसाई महासंघ संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक समरसता एवं अल्पसंख्यक हितों की रक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

### मशीन में अटका एटीएम कार्ड खाते से निकले हजारों रुपए



**सतना, देशबन्धु।** जिले के रामपुर बाघेलान क्षेत्र के रहने वाले बुजुर्ग का एटीएम कार्ड मशीन में अटक गया, जो काफी कोशिश के बाद भी नहीं निकला लेकिन खाते से पैसे निकल गए जो उनके हाथ नहीं लगे। खाते से लगातार पैसे निकलने से हैरान परेशान होकर बुजुर्ग ने थाना अमरपाटन में शिकायत की है। रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोखम के रहने वाले राजकेशर प्रसाद तिवारी पिता राजकरण प्रसाद तिवारी का पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। 9 फरवरी को राजकेशर प्रसाद अमरपाटन गए थे, वहां उन्होंने सतना रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से पैसा निकालना चाहा लेकिन उनका एटीएम कार्ड मशीन में अटक गया। पुलिस को राजकेशर प्रसाद ने बताया कि काफी कोशिश करने के बाद भी कार्ड नहीं निकला लेकिन बाद में उनके बैंक खाता से एक एक कर 45310, 5000, 10000, 10000 रुपए निकल गए। राजकेशर प्रसाद तिवारी ने कार्रवाई करने के लिए अमरपाटन थाना पुलिस से आग्रह किया है।

### तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर मकान में घुसा

**सिवनी, देशबन्धु ।** तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क से नीचे गिर गया। सिवनी के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 44 पर बम्होड़ी ग्राम के पास एक सड़क हादसा हुआ। छिंदवाड़ा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने पहले एक ऑटो को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर एक मकान में जा घुसा।

इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना शनिवार दोपहर की है।

**टक्कर से गड्ढे में गिरा ऑटो** - जानकारी के अनुसार, यह डम्फर बम्होड़ी ग्राम के पास पहुंचा और सड़क किनारे खड़े एक ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो सड़क से एक गड्ढे में जा गिरा। ऑटो में चार स्कूली बच्चे सवार थे, वे सुरक्षित बच गए। ऑटो को टक्कर मारने के बाद डंपर चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और सीधे एक मकान में जा घुसा। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे।


**डंपर चालक हिरासत में** - प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह क्षेत्र दिनभर वाहनों की आवाजाही वाला है, और यदि उस समय अन्य राहगीर या वाहन होते तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली और लखनवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है और वाहन जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में तेज गति को दुर्घटना का संभावित कारण माना जा रहा है।

### आशा मरावी का निधन



**पनागर, देशबन्धु।** गुरुनानक वार्ड प्रेम सिटी निवासी जिला न्यायाधीश उदय सिंह मरावी की धर्मपत्नी एवं एड. ओंकार मरावी की माताजी आशा मरावी का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट में संपन्न हुआ।

## महाशिवरात्रि : भूतनाथ धाम में विविध कार्यक्रम आयोजित




**बरेला, देशबन्धु।** देवाधिदेव महादेव के महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर स्थित भूतनाथ धाम बड़े शंकर जी में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 14 फरवरी को आयोजन समिति द्वारा शिव विवाह हेतु मंडप का निर्माण किया गया है। रविवार को हल्दी की रस्म के साथ बारात, भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया है। कल रामायण पाठ का समापन एवं हवन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भूतनाथ धाम समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस अवसर पर नगर के सभी शिवालयों और शिव मंदिरों में भी विशेष पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया है।

**तिलंगवा में शिव महापुराण कथा आज से**

**पाटन, देशबन्धु।** ग्राम तिलंगवा में शिवभक्तों के लिए आस्था और भक्ति से परिपूर्ण शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन आज से होने जा रहा है। भगवान भोलेनाथ की कृपा से आज से प्रारंभ हुई कथा में प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों का वाचन होगा। कथा के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करेंगे। कथावाचक पं. राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा (रीवा वालों) द्वारा शिव महिमा, शिव विवाह, गणेश जन्म, पार्वती जन्म, त्रिपुरारी लीला सहित विविध प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक प्रवचन होगा। आयोजन के अंतर्गत मंगलवार 24 फरवरी को हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। आयोजनकर्ता ठाकुर पूरन सिंह (पूजा बब्बा), अवध सिंह, भीकम सिंह, तान सिंह, घनश्याम सिंह, नेक नारायण सिंह, यज्ञ नारायण सिंह सहित समस्त ठाकुर परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। आयोजक परिवार ने सभी धर्मप्रेमियों से कथा श्रवण एवं भंडारे में सहभागिता का आग्रह किया है।

### मां खेरमाई मंदिर रिमझा में भक्तिमय आयोजन की धूम



**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन जनपद पंचयात के रिमझा ग्राम में स्थित माँ खेरमाई मंदिर में 13 से 16 फरवरी तक चार दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। माँ भगवती की असीम कृपा से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम इस वर्ष भी श्रद्धा, आस्था और भक्ति के वातावरण में संपन्न होगा।


कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार 13 फरवरी से रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ, जो शनिवार 14 फरवरी तक चला। आज पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगा। इसी दिन अभिषेक पूजन प्रात: 9 बजे से तथा पूर्णाहुति हवन प्रात: 11 बजे से संपन्न होगा। धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में कल विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रसादी ग्रहण करेंगे। आयोजक सरपंच रुकमणि भगवान सिंह ठाकुर ग्राम पंचायत रिमझा सहित समस्त ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। कार्यक्रम स्थल ग्राम रिमझा, तहसील पाटन में रहेगा। बताया जाता है कि पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह का माहौल है और मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर होने को तैयार है।

### महाशिवरात्रि पर संतों के सान्निध्य में चारों पहर होगा श्रीरुद्राभिषेक



पाटन, देशबन्धु। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पाटन नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर होने जा रहा है। दुर्गा कुंड, वाराणसी के प्रतिष्ठित संत धर्मसंघ पीठाधीश्वर ब्रह्मचारी शंकरदेव चैतन्य महाराज इन दिनों पाटन प्रवास पर हैं। उनके सान्निध्य में दुर्गा मंदिर, नाग तलाब पाटन में प्रतिदिन प्रात: श्री स्फटिक शिवलिंग का भव्य रुद्राभिषेक किया जा रहा है, जो आज महाशिवरात्रि महापर्व तक निरंतर जारी रहेगा। धर्मसंघ पाटन के अध्यक्ष पं. राजाराम त्रिपाठी एवं महामंत्री ठाकुर रणधीर सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि की रात्रि में चारों पहर विशेष श्रीरुद्राभिषेक संपन्न होंगे। इस अवसर पर महाराज श्री के पास उपलब्ध विभिन्न रत्नों से निर्मित दुर्लभ शिवलिंगों के दर्शन भी श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे। महाशिवरात्रि पर रात्रि जागरण कर भगवान शिव की उपासना को अत्यंत फलदायी बताया गया है। ठाकुर कृष्ण शेखर सिंह, केके त्रिपाठी, आकाश अग्रवाल, सोनू नामदेव सहित अन्य धर्मप्रेमियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल



**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर शनिवार को आमाडांड मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 25 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। घटना में बाइक सवार दो अन्य युवक घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर 100 डायल और रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम फुलकोना निवासी महावीर चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र दीपक चौधरी के रूप में हुई है। घायलों में रिंकू चौधरी और एक अन्य युवक शामिल हैं। दीपक चौधरी अपने पिता महावीर चौधरी और कुछ दोस्तों के साथ छत्तीसगढ़ के ग्राम चलचली में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

समारोह के बाद दीपक और उनके दो साथी बाइक से अपने गांव फुलकोना लौट रहे थे, जबकि उनके पिता उनके साथ नहीं लौटे। आमाडांड मार्ग पर पहुंचते ही उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक सवार गिर गए। बाइक चला रहे दीपक चौधरी को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद अन्य दोनों घायल युवक बिना किसी को बताए अपने घर चले गए थे। पुलिस को आशंका है कि युवक शराब के नशे में हो सकते थे। पुलिस दोनों घायल युवकों से पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## नाबालिग अपहृता किशोरी को वेंकटनगर पुलिस ने केरल से किया दस्तयाब

अनूपपुर, देशबन्धु । थाना वेंकटनगर पुलिस ने 17 वर्षीय अपहृता नाबालिग किशोरी को केरल के इडुक्की जिले से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को ग्राम सिंघौरा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 17 वर्ष 1 माह की नाबालिग नातनी के अचानक घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट थाना जैतहरी अंतर्गत वेंकटनगर में दर्ज कराई थी।

इस पर पुलिस द्वारा धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी अमर वर्मा के नेतृत्व में गुमशुदा बालिका की खोज के लिए विशेष अभियान चलाया गया। वेंकटनगर पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से अपहृता की लोकेशन ट्रेस की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने किशोरी को 11 फरवरी को उड्डुमबनचोला, जिला इडुक्की (केरल) से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया और उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## 50 करोड़ से बढ़ेगी रानीपुर टाइगर रिजर्व की निगरानी

### बाघों के संरक्षण और आवास की सुरक्षा को मिलेगी मजबूती



**चित्रकूट, देशबन्धु।** रानीपुर बाघ संरक्षण फाउंडेशन को सरकार ने अपने बजट में 50 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। यह वित्तीय प्रविधान बाघों के संरक्षण और उनके आवास की सुरक्षा को मजबूती देने में अहम साबित होगा। फाउंडेशन के कोष में जमा इस धनराशि से मिलने वाले ब्याज का 20 से 30 प्रतिशत राशि सीधे रानीपुर टाइगर रिजर्व की निगरानी और संरक्षण कार्यों पर खर्च किया जाएगा। उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व में निगरानी तंत्र और संसाधनों को मजबूत किया जाएगा। वन बल के आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके तहत आधुनिक गश्ती वाहन, संचार उपकरण, वाच टावर और नियमित प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी। अंग्रेजों के जमाने की बनी पुरानी व जर्जर चौकियों की मरम्मत कर पेट्रोलिंग को सक्षम बनाया जाएगा। उनका मानना है कि यह पहल न केवल बाघ संरक्षण में मदद करेगी, बल्कि इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा देगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व की स्थापना वर्ष 2023 में में हुई थी यह प्रदेश का चौथा टाइगर रिजर्व है। रानीपुर बाघ संरक्षण फाउंडेशन विशेष कार्पस फंड के तहत रिजर्व के संरक्षण कार्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। राज्य सरकार का यह कदम चित्रकूट में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में बड़ा प्रोत्साहन साबित होगा।

## एक और घोटाला, जिम्मेदारों ने डकारे स्कूलों की मरम्मत के 28 लाख

### फर्जी बिलों के सहारे ठेकेदार को किया गया था भुगतान




**रीवा देशबन्धु।** जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के भीतर भ्रष्टाचार की एक ऐसी परत खुली है, जिसने पूरे प्रशासनिक महकमे को हिला कर रख दिया है। स्कूलों की मरम्मत और रंगाई-पुताई के लिए आए सरकारी बजट को अधिकारियों और ठेकेदारों ने मिलकर कुबेर का खजाना समझ लिया। आलम यह रहा कि स्कूलों में एक ईंट तक नहीं लगी, लेकिन कागजों पर फर्जी बिल लगाकर 28 लाख 38 हजार 229 रुपए का भुगतान कर दिया गया। अब इस मामले में कमिश्नर ने सख्त रुख अपनाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी समेत 6 जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस थमा दिया है। दरअसल लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्कूलों के कायाकल्प के लिए बजट जारी किया गया था, जिसमे रीवा को कुल 55 लाख रुपए आवंटित हुए थे जिसके बाद भ्रष्टाचार की पटकथा यहीं से शुरू हुई। आरोप है की 20 सितंबर 2025 को तत्कालीन डीईओ ने बिना किसी भौतिक सत्यापन के ठेकेदार सत्यव्रत तिवारी को 28 लाख से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया। जांच में पाया गया कि कई स्कूलों में काम या तो अधूरा था या हुआ ही नहीं था, लेकिन फर्जी पूर्णता प्रमाण पत्र तैयार कर सरकारी खजाना खाली कर दिया गया। जब घोटाले की शिकायत कमिश्नर तक पहुँची, तो लोक शिक्षण ने एक विशेष जांच कमेटी बनाई। चौकाने वाले तथ्य सा घोटाले की राशि 6 विद्यालयों के फर्जी कार्यों के नाम पर निकाली गई थी।

## बीजेपी ने बांग्लादेश चुनाव में जीती एक सीट, सोशल मीडिया पर खूब वायरल, क्या है हकीकत

बांग्लादेश के संसदीय चुनाव में बीएनपी ने बहुमत हासिल किया है। लेकिन अगर हम आपसे बताएं कि बांग्लादेश में एक सीट बीजेपी ने भी जीती है तो आपको कैसा लगेगा? निश्चित तौर पर आप चौंक जाएंगे, लेकिन इसमें एक ट्विस्ट है। असल में यह भारत की सत्ताधारी बीजेपी नहीं है। यह बांग्लादेश जातीय पार्टी है, जिसका शॉर्ट फॉर्म बीजेपी होता है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब कमेंट्स हो रहे हैं, जहां बांग्लादेश की बीजेपी को भारत की बीजेपी समझा जा रहा है अब यह भी जान लेते हैं कि बांग्लादेश के चुनाव में वहां की बीजेपी का कैसा रहा। भारत में तो बीजेपी कई साल से सत्ता में हैं। लेकिन इसके उलट बांग्लादेश की बीजेपी मात्र एक ही सीट जीतने में कामयाब रही। बीजेपी वहां पर तारिक रहमान की बीएनपी की सहयोगी पार्टी है। बीएनपी ने शुक्रवार को बांग्लादेश में 209 सीटें जीतकर करीब दो दशक बाद सत्ता में वापसी की है। तारिक रहमान बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बीएनपी के सहयोगी दलों, बीजेपी और अन्य ने चार सीटें जीती हैं। इसके साथ इस गठबंधन की कुल सीटों की संख्या 212 हो गई है।

# मोदी स्टाइल में तारिक रहमान ने की 'चाय पर चर्चा', राहुल की भी नकल

बांग्लादेश में हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों में तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की शानदार जीत के पीछे केवल घरेलू मुद्दे ही नहीं, बल्कि भारतीय राजनीतिक प्रचार शैलियों का भी गहरा प्रभाव देखने को मिला है। बांग्लादेश और भारत के वर्तमान द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण रहे हैं, लेकिन बीएनपी द्वारा अपनाई गई चुनावी रणनीतियां भारत के चुनाव अभियानों से प्रेरित थीं।

बीएनपी की प्रचार रणनीति में भारतीय जनता पार्टी बीएनपी और कांग्रेस दोनों के सफल अभियानों की झलक मिली। बीएनपी के चुनाव अभियान को भारतीय सोशल मीडिया और जमीनी गतिविधियों की कड़ी निगरानी के बाद आकार दिया गया था।

**'चाय पर चर्चा' से 'चायेर अड्डा'**- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के सफल अभियान 'चाय पर चर्चा' की तर्ज पर,बीएनपी ने बांग्लादेश में चायेर अड्डा (चाय पर बातचीत) का आयोजन किया। यह विचार तारिक रहमान की बेटी, जैमा रहमान द्वारा लाया गया था। देश भर में



विशेष रूप से युवाओं के साथ, अनौपचारिक बातचीत करना और उनसे फीडबैक प्राप्त करना।

भारत में यह अभियान मणिशंकर अय्यर की चायवाला वाली टिप्पणी के जवाब में शुरू हुआ था, जो बेहद सफल रहा। बांग्लादेश में भी तारिक रहमान को विपक्षी दल द्वारा बाहरीऔर अनुभवहीन नेता कहे जाने के बाद इस अनौपचारिक संवाद ने युवाओं से जुड़ने में मदद की।

**मुझे सर नहीं, भाई कहो**- दूसरा महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम तारिक रहमान को एक सहज और अनौपचारिक नेता के रूप में पेश करना था, जो सत्ता के मद में चूर नहीं है। 4 करोड़ से अधिक पहली बार वोट देने वाले युवा से जुड़ने में उन्हें सफलता मिली। पार्टी ने मुझे सर नहीं, भाई कहो का नारा अपनाया, जो भारत में राहुल गांधी द्वारा छात्रों के साथ बातचीत के दौरान अपनाए गए इसी तरह के दृष्टिकोण की याद दिलाता है। इसका उद्देश्य मतदाताओं के साथ सीधे और भावनात्मक रूप से जुड़ना था।

**रील बनाने की प्रतियोगिता**- युवाओं को लुभाने के लिए, पार्टी ने रील-मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। बांग्लादेश में उभरते हुए YouTubers और कंटेंट क्रिएटर्स को अपने विचारों और सुझावों के साथ रील बनाने के लिए आमंत्रित किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उनकी रीलों को बीएनपी के आधिकारिक हैंडल से भी शेयर किया गया।

तारिक रहमान के सामने चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। जमात-ए-इस्लामी के मजबूत प्रदर्शन (77 सीटें) ने उनके लिए भविष्य में राह मुश्किल कर दी है।

# 1200 हत्याएं, 13 बलात्कार, बांग्लादेश के चुनाव में एक से एक अपराधियों की चमक गई किस्मत

**ढाका।** बांग्लादेश में कराए गए 13वें आम चुनाव में तारिक रहमान की अगुआई में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। इनमें से कई ऐसे उम्मीदवारों ने भी जीत दर्ज की है जिनपर कभी आतंकवाद का ठप्पा लगा हुआ था। ऐसे दो प्रत्याशी बीएनपी से और एक जमात-ए-इस्लामी से है। शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले इनमें से एक को फांसी की सजा सुना दी गई थी। हालांकि जब शेख हसीना की सरकार गिरी और मोहम्मद यूनुस की अगुआई में अंतरिम सरकार गठित की गई तो उनकी सजा भी माफ करदी गई। बीएनपी नेता लुफ्तोज्जमान बाबर और अब्दुस सलाम पिंटू दोनों ही बीएनपी के नेता हैं जिनपर गंभीर आरोप थे। वहीं जमात-ए-इस्लामी नेता अजहरुल इस्लाम पर आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप थे।

दिसंबर 2004 में ही बांग्लादेश के हाई कोर्ट ने तारिक रहमान, लुत्फोज्जमान बाबर औ अन्य आरोपियों को 2021 के ग्रैनेड कांड मामले में बरी कर दिया था। उनपर शेख हसीना पर ग्रैनेड अटैक करवाने का आरोप था। इस हमले में कम से कम 24 लोग मारे गए थे। वहीं शेख हसीना की जान किसी तरह बच गई थी। लुत्फोज्जमान बाबर ने इस बार 1.6 लाख वोटों से चुनाव जीता है। उनकी ही पार्टी के अब्दुल सलाम पिंटू पर भारत विरोधी संगठन से संपर्क रखने का आरोप था। बाबर के बरी होने के एक साल बाद पिंटू को भी कोर्ट से राहत मिल गई। पिंटू पर पाकिस्तानी आतंकी संगठन हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी से जुड़े रहने का भी आरोप था। इस संगठन पर यूपी के वाराणसी में 2006 में बम ब्लास्ट करवाने और 2007 में अजमेर शरीफ की दरगाह में और दिल्ली में 2011 का बम ब्लास्ट करवाने का आरोप है।

## आज का इतिहास

1564- खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म। उन्होंने ही बताया कि पृथ्वी सूर्य के चक्कर लगाती है। सूर्य पृथ्वी के चक्कर नहीं लगाता।
1798- फ्रांस ने रोम पर कब्जा कर उसे गणराज्य घोषित किया।
1869 - मशहूर उर्दू शायर मिर्जा गालिब का निधन।
1903 - मॉरिस मिख्टॉम ने खुद के बनाए दो साफ्ट टॉय 'टैडी' के नाम से बाजार में उतारे।
1906: ब्रिटेन की लेबर पार्टी का गठन।
1942: द्वितीय विश्व युद्ध में सिंगापुर का पतन हुआ। जापानी सेनाओं के हमले पर ब्रिटिश जनरल आर्थर पेरसिवल ने समर्पण कर दिया। लगभग 80,000 भारतीय, ब्रिटिश और ऑस्ट्रेलियाई सैनिक युद्ध-बंदी थे।
1944: ब्रिटेन के सैकड़ों विमानों ने बर्लिन पर बमबारी की।
1948- झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पर खूब लड़ी मर्दानी कविता लिखने वाली कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान का निधन।
1961- बेल्जियम का एक विमान ब्रसेल्स हवाई अड्डे पर उतरने से कुछ देर पहले दुर्घटनाग्रस्त। मरने वाले 73 लोगों में अमेरिका की फिगर स्केटिंग टीम के 17 सदस्य भी थे।

## सुडोकू 7184

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 7 | 5 | | |
| | | | | | 8 | | 4 | 3 |
| | | | 4 | | 5 | | | 8 |
| 1 | | 4 | | | | | 9 | 6 |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| 6 | 3 | | | | | 2 | | 5 |
| 9 | | | 5 | | 4 | | | |
| 2 | 4 | | 3 | | | | | |
| | | 5 | 6 | 9 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## कुलगाम में ड्रग तस्कर की 1.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को एक ड्रग तस्कर की संपत्ति कुर्क कर दी है। पुलिस के अनुसार कुलगाम जिले में अटैच की गई प्रॉपर्टी की कुल कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपए है। पुलिस ने बताया कि मणिगाम गांव में छह दुकानें, पांच गोदाम, एक टिन शेड और एक चबूतरा अटैच किए गए हैं। यह संपत्ति मोहम्मद अशरफ खांडे की है, जो निपोरा, कुलगाम का रहने वाला है और काजीगुंड पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में आता है। उसके पिता का नाम अहमद खांडे है।

## कर्नाटक में ओडिशा के 34 श्रमिक मुक्त

**बागलकोट।** कर्नाटक में बागलकोट जिला प्रशासन ने इलकल तालुक में बंधुआ बनाकर रखे गए ओडिशा के 34 प्रवासी मजदूरों को बचाव अभियान के तहत मुक्त करा लिया है। अधिकारियों ने बताया कि इन श्रमिकों को कथित तौर पर तस्करी कर लाया गया था और एक ईंट भट्ठे पर बंदी बनाकर उनसे जबरन काम कराया जा रहा था। जिला प्रशासन को इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई की गई। बचाव अभियान जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर संकलापुर गांव में स्थित एक ईंट भट्ठे पर चलाया गया।

## हजारीबाग में जंगली हाथियों ने ली छह व्यक्तियों की जान

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के चूरचू प्रखंड के गोंदवार गांव में बीती रात हाथियों ने 6 व्यक्तियों की जान ले ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चार व्यक्ति एक ही परिवार के रहने वाले हैं। पूरा परिवार रात में सोया हुआ था और अचानक पांच हाथियों का झुंड घर पर धावा बोल दिया। घर पर सो रहे हैं एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत घटना स्थल पर हो गई है। विकास कुमार उज्वल, डी एफ ओ, पूर्वी वन प्रमंडल, हजारीबाग ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह हाथी का झुंड बोकारो और रामगढ़ के सिमाने पर बीते रात था।

## तेलंगाना में 223 पंचायत सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने 223 पंचायत सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है, जो पूर्ववर्ती सरकार के आदेश पर पिछले दो सालों से अंतर जिला प्रतिनियुक्ति पर दूर-दराज के इलाकों में काम कर रहे थे। पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य सचिव एन.श्रीधर ने इस बारे में आदेश जारी किए। यह फैसला पिछली सरकार के आदेश 317 से प्रभावित कर्मचारियों की मुश्किलों को दूर करने के लिए लिया गया है। पंचायत राज मंत्री दानसारी अनसूया सीतक्का ने इस फैसले को आसान बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# गुनाह कबूलने के बाद निखिल गुप्ता को होगी कितने साल की सजा, अमेरिका की क्या है डिमांड?

इस पूरी साजिश के केंद्र में भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व अधिकारी विकास यादव का नाम भी उछला है। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि यादव ने ही पन्नू की हत्या के समन्वय के लिए गुप्ता को भर्ती किया था। गुनाह कबूलने के बाद निखिल गुप्ता को होगी कितने साल की सजा, अमेरिका की क्या है डिमांड खालिस्तानी आतंकवादी और अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश वाले मामले में एक बड़ा नाटकीय मोड़ आया है। इस मामले के मुख्य आरोपी 54 साल के भारतीय नागरिक



निखिल गुप्ता ने शुक्रवार को अमेरिकी अदालत के समक्ष अपना गुनाह कबूल कर लिया है। यह कदम उनके पिछले रुख से बिल्कुल उलट है। जून 2024 में चेक गणराज्य से प्रत्यर्पण के बाद से वे लगातार खुद को निर्दोष बता रहे थे। निखिल गुप्ता ने अमेरिकी मजिस्ट्रेट जज सारा नेटबर्न के समक्ष तीन गंभीर आरोपों में अपना दोष स्वीकार किया है। उनके खिलाफ सुपारी देकर हत्या कराने, हत्या की साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने का आरोप है।

### 'ख्वाजा आसिफ भी बाथरूम में न गिर जाएं'

# पाक रक्षामंत्री के बयान पर क्यों पाकी पत्रकार ने कही ये बात?

**इस्लामाद।** आरजू काजमी ने कहा कि सुना है कि जनरल कमर बाजवा साहब कुछ बताने वाले थे, लेकिन कुछ बताने से पहले वह बाथरूम में गिर गए। ये भी खबर है कि उनके पास कुछ सीक्रेट्स थे। पाकिस्तान में इस वक्त पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान को लेकर काफी हंगामा मचा हुआ है। उन्होंने भरी संसद में ये कह दिया कि अमेरिका ने पाकिस्तान को अफगानिस्तान के खिलाफ टॉयलेट पेपर की तरह इस्तेमाल किया और फिर फेंक दिया। उनका कहना है कि अमेरिका का साथ देना पाकिस्तान को भारी पड़ा, जिसका खामियाजा वह आज तक भुगत रहा है। पाकिस्तान में आए दिन हो रहे हमलों को लेकर उन्होंने यह बात कही है। पाकिस्तानी जर्नलिस्ट आरजू काजमी ने उनके बयानों को सही ठहराया है और कहा कि पाकिस्तान ने डॉलर्स लेकर अमेरिका के लिए काम किया है, कोई दहशतगर्दी के खिलाफ जंग नहीं लड़ी, जिसका हम क्रेडिट लेते रहते हैं।

आरजू काजमी ने मजाकिया अंदाज में ख्वाजा आसिफ को यह सलाह भी दी है कि वह बाथरूम न जाएं और पानी से बचें क्योंकि ऐसा बयान देने के बाद वह भी बाथरूम में गिर सकते हैं। पाकिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा को बाथरूम में स्लिप होने से सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इस हादसे को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं, इस घटना को बेहद शक के साथ देखा जा रहा है। आरजू काजमी ने कहा कि ऐसा न हो कि ख्वाजा आसिफ भी जनरल कमर बाजवा की तरह बाथरूम में गिर जाएं। ख्वाजा आसिफ को आजकल ऐसे बयान देने के बाद एहतियात करनी चाहिए। ऐसा बयान देने के बाद कोई भी बाथरूम में गिर सकता है।


**जनरल बाजवा के बाथरूम में गिरने पर क्यों हो रहा शक?**- आरजू काजमी ने कहा कि सुना है कि जनरल कमर बाजवा साहब कुछ बताने वाले थे, लेकिन कुछ बताने से पहले वह बाथरूम में गिर गए। ये भी खबर है कि उनके पास कुछ सीक्रेट्स थे, जो वह लोगों को बताने वाले थे और वह पहले ही बाथरूम में स्लिप होकर गिर गए।

उन्होंने इस हादसे को लेकर कहा, 'कोई भी आम इंसान अगर गिरेगा बाथरूम में, तो उसका सिर एक बार लगेगा, या तो बेसिन से लगेगा, या दीवार से लगेगा या दरवाजे से लगेगा। एक बार लगेगा और गंभीर चोट लग जाएगी, ये समझ आता है। पर उनका सिर तीन बार लगा है और तीन गंभीर चोटें उनको आई हैं। तो तीन बार चोटें लगी हैं न उससे थोड़ा सा शक हो रहा है।'

**डॉलर्स लेकर अमेरिका के लिए काम करता रहा है पाकिस्तान, आरजू काजमी ने कहा**- पाक रक्षा मंत्री के बयान पर आरजू काजमी ने कहा, 'मुझे लगता है कि ख्वाजा आसिफ सच बोल रहे हैं।' आरजू काजमी ने कहा, 'हमने कोई दहशतरगर्दी की जंग नहीं लड़ी, हमने पैसे पकड़े थे और अपने लोगों को मरने के लिए छोड़ दिया। ये जो हम क्रेडिट लेते हैं कि हम टेररिज्म का शिकार हो गए क्योंकि हमने वॉर ऑफ टेररिज्म में हिस्सा लिया था, ऐसा नहीं है हमने कोई हिस्सा नहीं लिया था। हमने अमेरिका की मदद की थी। अमेरिका को जमीन चाहिए थी, जहां से वो अफगानिस्तान पर अटैक कर सके और हमने पैसा पकड़ा और जिया उल हक के समय से ही हम अफगान वॉर का हिस्सा बने। ये बात तो कई बार हुई है और अब तो पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने ये बात बोली है। अगर वह ये बात कह रहे हैं तो उनकी बात से कैसे इनकार किया जाएगा।'

**ख्वाजा आसिफ के बयानों पर क्या बोलीं आरजू काजमी?**- आरजू काजमी ने यह भी कहा कि इससे पहले भी कई बार हमने देखा है, ऑपरेशन सिंदूर से पहले भी ख्वाजा आसिफ ने पार्लियामेंट में खड़े होकर ऐसी बातें कही हैं, सेना के बारे में बातें की हैं, फौज के बारे में भी बातें की हैं कि कोई जंग नहीं जीती। ये तमाम चीजें वह बोलते रहे हैं, कोई पहली बार नहीं है। मुझे हैरत भी हो गई कि उन्हें डिफेंस मिनिस्टर बना दिया गया। लग तो ये रहा था कि कोई इस तरह से बात करेगा तो उसको खास पॉजिशन पर नहीं रखा जाएगा, लेकिन उन्हें डिफेंस मिनिस्टर भी बनाया गया।

## वर्ग पहेली 7184



**बायें से दायें:-**

१. छत्तीसगढ़ राज्य का एक जिला
३. गणेश
५. पूर्ति करने की क्रिया
६. वह व्यक्ति या संस्था जिसे राजकीय पत्र प्रदान किया गया हो
७. एक तरह का फूल जिसमें रात को ही सुगंध होती है
९. व्यापार
१०. रविवार
१२. नेपाली पहाड़ी मजदूर
१३. मुख्य,प्रधान, मुखिया
१४. संदर्भ, प्रसंग, प्रतिपादन, निर्माण
१६. एक प्रकार का ज्योतिष विद्या
१८. रोकने वाला, रुकावट डालने वाला
२०. अतिरिक्त (उर्दू)
२१. गणेश
२३. दीपक, सूर्य. तिमिर हर

**ऊपर से नीचे:-**

१. यात्रियों-पथिकों के नि:शुल्क ठहरने,रुकने की जगह
२. उसके बाद
३. वह शासन व्यवस्था जिसमें चुने हुए प्रतिनिधि शासन संचालित करते हैं
४. दृश्य (उर्दू)
५. नाव खेने की डांडी
८. अर्द्धविक्षिप्त (उर्दू)
१०. तलबगार, इच्छा रखने वाला
११. हाथी, निवारण
१२. किरीट, मुकुट शिरोभूषण
१३. इंतजाम, व्यवस्था
१४. सराहा गया
१५. कहावत, कहानी (उर्दू)
१७. सहायता (उर्दू)
१८. बंद करना, मना करना, रुकावट डालना
१९. दाग, धब्बा
२२. बचाव करने की क्रिया

### वर्ग पहेली-7183

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मो | रा | २ र | जी | ■ | ■ | ३ रू | का | ४ व | ट |
| ल | ■ | क | ■ | ५ उ | त्कृ | ष्ट | ■ | ह | ■ |
| ६ भा | ट | क | ■ | क | ■ | ७ ज | ल | म | ८ य |
| व | ■ | म | ■ | ९ सा | कि | न | ■ | ■ | था |
| ■ | १० ज | ल | ११ से | ना | ■ | ■ | १२ वि | प्ल | व |
| ■ | र्ज | ■ | व | ■ | १३ ध | म | नी | ■ | त |
| १४ आ | र | १५ क्ष | क | ■ | व | ■ | १६ त | १७ था | ■ |
| वे | ■ | म | ■ | १८ क | ल | १९ गी | ■ | ति | ■ |
| २० द | क्ष | ता | ■ | र्म | ■ | २१ द | र | का | २२ र |
| क | ■ | ■ | २३ मु | ठ | भे | ड़ | ■ | ■ | स |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

**लापरवाही** माता वैष्णो देवी के भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक आई सामने

# गुफा के अंदर पहुंचा चश्मे वाला कैमरा, वीडियो हुआ वायरल

**जम्मू, 1 (देशबन्धु)। माता वैष्णो देवी के भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। 'शिखा' नाम की एक कंटेंट क्रिएटर ने अति सुरक्षा वाले वैष्णो देवी के गर्भगृह, पवित्र गुफा, प्राचीन गुफा, अटका आरती स्थल व चरणामृत स्थल जैसे क्षेत्रों की वीडियो व तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर साझा कर दीं। वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहे है। जानकारी के लिए सुरक्षा कारणों से भवन के अंदर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर पूर्ण प्रतिबंध हैं।**

वीडियो प्रसारित होने के बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने इस संदर्भ में मामला दर्ज करवाया है। कहने को कटड़ा में स्थित माता वैष्णो देवी का भवन देश के सबसे सुरक्षित और संवेदनशील धार्मिक स्थलों में से एक है। लेकिन हाल ही में एक कंटेंट क्रिएटर ने इस अभेद्य किले जैसी सुरक्षा को चुनौती दे दी है। शिखा नाम की एक कंटेंट क्रिएटर ने माता वैष्णो देवी भवन के अंदर का वीडियो शूट किया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह वीडियो किसी



मोबाइल से नहीं, बल्कि एक आधुनिक कैमरा वाले चश्मे से बनाया गया है। इस घटना ने श्राइन बोर्ड और जम्मू कश्मीर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस गंभीर चूक पर प्रतिक्रिया देते हुए माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाया है। बोर्ड ने साफ कहा है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस जांच शुरू हो चुकी है। श्राइन बोर्ड इस बात की भी जांच कर रहा है कि क्या इस

- **सुरक्षा कारणों से भवन के अंदर फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी पर है पूरी तरह से प्रतिबंध**
- **वीडियो प्रसारित होने के बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने मामला दर्ज करवाया**

हरकत में बोर्ड के किसी कर्मचारी की मिलीभगत थी। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि यदि कोई कर्मचारी इसमें संलिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। याद रहे माता वैष्णो देवी की पवित्र तीनों पिंडियों के दर्शन के लिए प्रधानमंत्री से लेकर देश के बड़े से बड़े दिग्गज नेता और फिल्मी हस्तियां पहुंचती हैं। लेकिन सुरक्षा और मर्यादा के नियमों के कारण किसी को भी भवन के अंदर मोबाइल या कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं होती। श्राइन बोर्ड के सख्त निर्देशों के मुताबिक भवन परिसर में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद एक आम कंटेंट क्रिएटर का कैमरा लेकर वहां तक पहुंच जाना यह बताता है कि चेकिंग के दौरान कितनी बड़ी लापरवाही हुई है।




# भारत के धुरंधर पाक को पस्त कर दबदबा बनाए रखने को मुस्तैद

## भारत ने टी-20 विश्व कप में अब तक हुए आठ में सात मैच जीते, जबकि पाकिस्तान मात्र एक

■ पाक स्पिनर तारिक का तोड़ हैं भारत के हार्दिक व शिवम दुबे

■ भारत को साहिबजादा फरहान से चौकस रहना होगा

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 14 फरवरी (देशबन्धु)। पाकिस्तान का भारत के खिलाफ आईसीसी टी 20क्रिकेट विश्व कप मैच के बहिष्कार का 'नाटक' खत्म हो चुका है। सूर्य कुमार यादव की अगुआई में भारत के धुरंधर अब पाकिस्तान को रविवार को कोलंबो के प्रेमदास स्टेडियम की धीमी पिच पर ग्रुप ए मैच में भी पूरी तरह फोकस हो पस्त कर अपना दबदबा बनाए रखने को मुस्तैद हैं। भारत ने दोनों देशों के बीच टी 20 विश्व कप में अब तक हुए आठ में सात मैच जीते जबकि पाकिस्तान मात्र एक बार दुबई में केवल 2021 के संस्करण में जीत पाया है। भारत ने एशिया के साथ वैश्विक मंच पर पाकिस्तान के खिलाफ अपना दबदबा जारी रखा है। भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को बीते बरस टी 20 एशिया में ग्रुप मैच में सात विकेट, सुपर 4 में छह विकेट और फाइनल में पांच विकेट से



रविवार का मैच : भारत बनाम पाकिस्तान ( कोलंबो, शाम 7 बजे से )।

शिकस्त सहित उससे तीनों मैच जीत खिताब जीता था। भारत ने पाकिस्तान से अपने पिछले पांचों मैच जीते हैं और इसका उसे बेशक मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा। दोनों टीमों ने मौजूदा टी 20 विश्व कप में ग्रुप ए में शुरू के अपने अपने दो -दो मैच जीते हैं लेकिन भारत अपनी बेहतर नेट रन रेट के चलते शीर्ष पर है।

भारत के कप्तान सूर्य, इशान किशन,तिलक वर्मा और खासतौर पर हार्दिक पांडया और शिवम दुबे की की कोशिश 'संदिग्ध' गेंदबाजी को लेकर सुर्खियों में रहे पाकिस्तान द्वारा अपनी तुरुप के इक्के बताए जा रहे ऑफ स्पिनर उस्मान तारीक को अपने जेहन पर हावी होने की बजाय अपनी नैसर्गिक बल्लेबाजी करने की होगी। हकीकत यह है कि भारत के पास हार्दिक व शिवम दुबे पाकिस्तान मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक का तोड़ हैं। भारत रविवार को पाकिस्तान को भी हरा अपना अजेयक्रम जारी रख कर जीत की हैट्रिक के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रह सुपर 8 में स्थान बनाने को बेताब है। उस्मान तारिक सहित पाकिस्तान स्पिनरों को उसकी तुरुप का इक्का बताने और उनसे निपटने के बीच कोई दुनिया के नंबर 1 टी 20 गेंदबाज भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के बेहद कंजूस और सटीक स्पिनर अक्षर पटेल की चर्चा की चर्चा ही नहीं कर रहा। भारत के पास भी वरुण और अक्षर के साथ कुलदीप यादव और यदि आखिर में अभिषेक शर्मा मैच फिट होने के चलते नहीं खेल पाते हैं तो फिर बजाय संजू सैमसन के वाशिंगटन सुंदर के रूप में चौथा स्पिन विकल्प भी है। वरुण, अक्षर के साथ कुलदीप यादव को उतार भारत पलटवार कर तीन स्पिनरों को उतार कर उसे उसके ही दांव में उलझा सकता है।

रविवार को पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक और बीते बरस एशिया कप में दो अर्द्धशतकों सहित 155 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान से भारत को चौकस रहना होगा। पाकिस्तान की सबसे बड़ी दिक्कत है उसकी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान( दो मैच, कुल 120 रन) को छोड़ उसका शीर्षक्रम और मध्यक्रम बुरी तरह लड़खड़ाया दिखा।

इसका अंदाज इसी बात से लग सकता है नीदरलैंड द्वारा पहले मैच में जीत के लिए 148 रन का पीछा करने में ही पाकिस्तान को जिस तरह पसीना आ गया और तीन गेंद के बाकी रहते मात्र तीन विकेट से जीत पाया। ऐसे में फरहान सस्ते में आउट हो गए तो फिर पाकिस्तान की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह सकती है। पाकिस्तान ने अपने शुरू के दोनों मैच कोलंबो में खेले है और करीब एक पखवाड़े से श्रीलंका में है।

### दिल तो नहीं मिलेंगे, क्या हाथ मिलाएंगे कप्तान

भारत ने बीते बरस जब टी-20 एशिया कप जीतने के बाद पीसीबी और एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था वह जिस तरह 'ट्रॉफी' लेकर भाग गए उससे उनकी खूब जग हंसाई हुई। भारत को एशिया जीतने की यह ट्रॉफी आज तक नहीं मिली है। भारत के कप्तान सूर्य कुमार यादव ने तब पाकिस्तान कप्तान सलमाग आगा से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दोनों कप्तान रविवार को कोलंबो में मैच से पहले हाथ मिलाते हैं या नहीं। हाथ मिले या न मिले लेकिन पाकिस्तान की ओछी हरकतों के चलते एक बात तो साफ है कि भारत का दिल तो उससे नहीं मिलेगा। इसकी कड़वाहट रविवार को भी दिख सकती है। ऐसे में कप्तान सूर्य कुमार यादव का अपने भारतीय धुरंधरों के मंत्र इस बेहद तनावपूर्ण मुकाबले के लिए संदेश धैर्य धर एकाग्र होकर खेलने का होगा। पाकिस्तान के बांग्लादेश के भारत में खेलने से इनकार करने और अपने सभी मैच श्रीलंका में कराए जाने पर अड़े रहने पर आईसीसी ने मौजूदा आईसीसी टी 20 विश्व कप से उसे बाहर कर दिया था। इससे बड़ा मजाक और क्या हो सकता है कि बांग्लादेश के समर्थन में उसने केवल भारत के खिलाफ न खेलने बहाना बनाया।

### पाकिस्तान को इस बार हराना आसान नहीं होगा: तिवारी



**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच श्रीलंका के कोलंबो में 15 फरवरी को होने वाले मैच को लेकर पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा कि इस बार पाकिस्तान को हराना आसान नहीं होगा। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा कि इंडिया साफ तौर पर फेवरेट है-इसमें कोई शक नहीं। हालांकि, इस बार पाकिस्तान को हराना आसान नहीं होगा, क्योंकि वे कड़ी टक्कर देंगे। हमारी टीम हर डिपार्टमेंट में बहुत मजबूत दिख रही है। बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग-सभी जगह अच्छी तरह कवर हैं। चाहे ओपनिंग जोड़ी देखें, मिडिल ऑर्डर हो, स्पिनर हों या फास्ट बॉलर-इंडिया के पास हर जगह सॉलिड ऑप्शन हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि पाकिस्तान की टीम में दो-तीन खिलाड़ी भारतीय टीम को परेशान कर सकते हैं। यह पिछले मैचों की तरह एकतरफा नहीं होगा। पाकिस्तान के बारे में कोई भी टिप्पणी नहीं की जा सकती-क्योंकि, वे जीता हुआ मैच हार सकते हैं और हारा हुआ मैच जीत सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि अच्छा मैच होगा, जो टीम बेहतर खेलेगी, वही जीतेगी।

# आयरलैंड की पहली जीत, ओमान को 96 रन से हराया

कोलंबो, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सिंहली स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड, कोलंबो में टी-20 विश्व कप 2026 के ग्रुप बी का मुकाबला शनिवार को आयरलैंड और ओमान के बीच खेला गया। आयरलैंड ने शानदार खेल दिखाते हुए ओमान पर 96 रन से बड़ी जीत दर्ज की है। 236 रन के पहाड़ से लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की टीम की तरफ से सिर्फ 2 बल्लेबाज ही आयरलैंड के गेंदबाजों का मजबूती से सामना कर सके। सलामी बल्लेबाज आमिर कलीम ने 29 गेंद पर 2 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली। इसके अलावा चौथे नंबर पर आए हम्माद मिर्जा ने 37 गेंद पर 1 छक्का और 6 चौकों की मदद से 46 रन बनाए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सूफयान महमूद 10 रन बनाकर तीसरे श्रेष्ठ स्कोरर रहे। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में प्रवेश नहीं कर सका। ओमान की टीम 18 ओवर में 139 पर

■ आमिर ने 29 गेंदों से 50 रन जड़े



सिमट गई। आयरलैंड के लिए जोशुआ लिटिल ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3, मैथ्यू हम्फ्रेस ने 4 ओवर में 27 रन देकर 2, और बैकी मैकार्थी ने 3 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट लिए। जॉर्ज डॉकरेल ने 1 विकेट लिया।ध्टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड ने खराब शुरुआत के बावजूद 5 विकेट पर 235 रन बनाए थे। एक समय 64 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में फंसी आयरलैंड कप्तान लॉर्कन टकर के 51 गेंदों पर 4 छक्कों और 10 चौकों की मदद से बनाए नाबाद 94 और गारेथ डेलानी के 30 गेंदों पर 4 छक्कों और 3 चौकों की मदद से बनाए 56 रनों और इन दोनों के बीच 5वें विकेट के लिए 56 गेंदों पर हुई 101 रन की साझेदारी के दम पर आयरलैंड ने 5 विकेट पर 235 रन बनाए।

### आमिर अर्द्धशतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

कोलंबो। ओमान के अनुभवी ऑलराउंडर आमिर कलीम टी-20 वर्ल्ड कप में अर्द्धशतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने शनिवार को सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में आयरलैंड के विरुद्ध 44 साल 86 दिन की उम्र में अर्द्धशतक लगाया। 28 गेंदों में अर्द्धशतक लगाते हुए आमिर कलीम ने अपनी ही टीम के साथी मोहम्मद नदीम के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने इसी विश्व कप में श्रीलंका के विरुद्ध 43 साल और 161 दिन की उम्र में अर्द्धशतकीय पारी खेली थी। इस लिस्ट में श्रीलंकाई दिग्गज सनथ जयसूर्या तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप 2009 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 39 साल 345 दिन की उम्र में अर्द्धशतक लगाया था। आमिर हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे।

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया

**कोलकाता,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के 23वें मुकाबले में 5 विकेट से मात दी। यह टूर्नामेंट में इंग्लैंड की दूसरी जीत रही, जिसके साथ टीम ने ग्रुप-सी की प्वाइंट्स टेबल में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। ईडन गार्डन्स में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी स्कॉटलैंड की टीम 19.4 ओवरों में महज 152 रन पर सिमट गई। इस टीम को 18 के स्कोर तक 2 झटके लग चुके थे, जिसके बाद कप्तान रिची बेरिंगटन ने माइकल जोन्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 24 रन की साझेदारी की। जोन्स 20 गेंदों में 6 बाउंड्री के साथ 33 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद बेरिंगटन ने टॉम ब्रूस के साथ चौथे विकेट के लिए 41 गेंदों में 71 रन जोड़ते हुए टीम को 113 के स्कोर तक पहुंचाया। रिची बेरिंगटन ने 32 गेंदों में 2 छक्कों और 5 चौकों के साथ



■ यह टूर्नामेंट में इंग्लैंड की दूसरी जीत रही

49 रन बनाए, जबकि टॉम ब्रूस 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इनके अलावा, ओलिवर डेविडसन ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से आदिल रशीद ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि जोफ्रा आर्चर और लियाम डॉसन ने 2-2 विकेट निकाले। एक-एक विकेट जेमी ओवरटन और सैम करन ने हासिल किया। इसके जवाब में इंग्लैंड ने 18.2 ओवरों में जीत दर्ज कर ली।

## वोल्वार्ट, खाका ने दक्षिण अफ्रीका को सीरीज जिताई

**बेनोनी,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। अयाबोंगा खाका के ज़बरदस्त स्पेल और कप्तान लौरा वोल्वार्ट के 29 गेंदों पर नाबाद 40 रनों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से बाधित दूसरे टी20 में पाकिस्तान की महिला टीम को छह विकेट से हराया। मेजबान टीम ने 14 ओवर के मैच में पाकिस्तान को 9 विकेट पर 100 रन पर रोक दिया और फिर चार गेंद बाकी रहते टारगेट हासिल कर लिया, जिससे उसे तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बन गई। 101 रन का पीछा करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने तजमिन ब्रिट्स और सुने लुस की मदद से अच्छी शुरुआत की और जल्दी से 30 रन जोड़े, इससे पहले सादिया इकबाल ने लुस को पगबाधा आउट कर दिया। विकेट ने थोड़ी देर के लिए रन बनाने की रफ़्तार रोक दी, लेकिन ब्रिट्स ने बाउंड्री लगाना जारी रखा, जबकि वोल्वार्ट ने जम कर खेला, दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़कर रन रेट को कंट्रोल में रखा। पाकिस्तान ने बीच के ओवरों में ब्रिट्स और डेन वैन नीकर्क सहित कुछ विकेट लेकर वापसी की, जिससे दक्षिण अफ्रीका को आखिरी चार ओवरों में 30 रन चाहिए थे।

## कप्तानी की मुश्किलों का पता होता तो कम उम्र में कप्तान न बनता : होल्डर

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान जेसन होल्डर ने कहा है कि कप्तानी एक मुश्किल अनुभव है। अगर उन्हें इस बात की जानकारी रही होती, तो बहुत कम उम्र में उन्होंने वेस्टइंडीज की कप्तानी को स्वीकार नहीं किया होता। 23 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के कप्तान बनाए गए जेसन होल्डर ने जियोस्टार पर कहा, 'जब मैंने कप्तानी संभाली, तो मुझे नहीं पता था कि मैदान के बाहर मुझे इतना कुछ करना होगा। जब मैंने इसे स्वीकार किया, तो मैंने इसे मैदान पर प्रदर्शन और गेम के दौरान खिलाड़ियों को मैनेज करने के नजरिए से ज्यादा देखा, लेकिन उस समय कप्तानी संभालना और मैदान के बाहर की सभी चीजों, जिसमें चयन और ये सभी अलग-अलग चीजें शामिल हैं, से निपटना मुश्किल था।' उन्होंने कहा,



'हालांकि, मुझे नहीं लगता कि अगर मैं उस अनुभव से नहीं गुजरा होता, तो मैं आज वह इंसान होता जो मैं हूं। मुझे जिंदगी में इसका कोई अफसोस नहीं है, लेकिन अगर मुझे तब पता होता जो मुझे अब पता है, तो शायद मैंने उस समय यह काम नहीं किया होता। अब यह समझते हुए कि कप्तानी में क्या होता है और देश का नेतृत्व करने का क्या मतलब है, शायद मैंने अपने करियर में इतनी जल्दी यह काम नहीं किया होता।' 2016 विश्व कप कैंपेन को याद करते हुए होल्डर ने कहा, '2016 का वह कैंपेन मुश्किल था, खासकर शुरुआत में।

# नेपाल के खिलाफ वेस्ट इंडीज की नजरें लगातार जीत पर

मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में जब अपराजित वेस्टइंडीज का सामना पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप सी के हाई-स्टेक मुकाबले में नेपाल से होगा, तो रोमांच देखने को मिलेगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा। कैरेबियाई टीम जबरदस्त फॉर्म में है, उसने शुरुआती दोनों गेम जीते हैं, जिसमें टूर्नामेंट की फेवरेट टीमों में से एक इंग्लैंड पर 30 रन की शानदार जीत भी शामिल है। शेरफेन रदरफोर्ड को कोई रोक नहीं सका, उन्होंने सिर्फ़ 41 गेंदों पर 76 रन बनाए, जबकि शिमरोन हेटमायर ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच में मैच जिताने वाली 64 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के बॉलर्स ने भी गेंदबाजी का कमाल दिखाया है। रोमारियो शेफर्ड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 5/20 विकेट लिए, और गुडाकेश मोती ने इंग्लैंड के खिलाफ अहम तीन विकेट लिए। हालांकि कप्तान शाई होप और ओपनर ब्रेंडन किंग टॉप पर स्ट्रगल कर रहे हैं,



आज वेस्टइंडीज का सामना नेपाल से होगा

लेकिन मिडिल ऑर्डर और बॉलिंग अटैक ने टीम को परफेक्शन तक पहुंचाया है।

इस बीच, नेपाल अभी भी अपने पहले पॉइंट की तलाश में है। राइनोज़ इंग्लैंड के खिलाफ बहुत करीब आ गए थे, सिर्फ 4 रन से हार गए, लेकिन डेब्यू कर रही इटली ने उन्हें 10 विकेट से बुरी तरह हराया, और पूरी टीम 123 रन पर आउट हो गई। खास खिलाड़ी रोहित पौडेल और आसिफ शेख फिर से चमक सकते हैं, जबकि लेग-स्पिनर संदीप लैमिछाने स्पिन-फ्रेंडली वानखेड़े ट्रैक पर नेपाल की उम्मीद होंगे, जिसने चार मैचों में स्पिनरों को 24 विकेट दिए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर देने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**सिडनी,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। भारत अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से उत्साहित है और दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया के

■ भारत अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से है उत्साहित

पिछले ताजों में से एक हासिल कर चुका है - अब, वे पूरे आत्मविश्वास के साथ सिडनी पहुंचे हैं और उनके पास सभी फॉर्मेट की सबसे अच्छी टीम होने का दावा करने का मौका है। रविवार को सिडनी में पहला टी-20 मैच, पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में



ऑस्ट्रेलिया को चौंकाने के बाद दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पहली मुलाकात होगी, जिसमें भारत ने टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम को बाहर कर दिया था और फिर अपना पहला सीनियर महिला आईसीसी खिताब जीता था। उस जीत के बाद, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना सहित भारत की सीनियर खिलाड़ियों ने कहा कि वे एक ट्रॉफी से संतुष्ट नहीं हैं, और इसके बजाय उनकी नजर दुनिया पर राज करने पर है। ऑस्ट्रेलिया को - जो दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में दुनिया की टॉप रैंक वाली टीम बनी हुई है (महिलाओं के लिए कोई टेस्ट रैंकिंग नहीं है) - उनकी धरती पर हराना उस वर्ल्ड डॉमिनेशन' बॉक्स में एक सीरियस टिक होगा। शनिवार को सिडनी में कौर ने कहा, 'हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप जीतना उनमें से एक था, इसलिए हम सही रास्ते पर हैं। हम बस सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उम्मीद है कि जब भी हम खेलेंगे तो अपना बेस्ट देते रहेंगे। हम जानते हैं (ऑस्ट्रेलिया) बहुत मजबूत है।

हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं : हरमनप्रीत कौर

## फ्रिट्ज, शेल्टन, शापोवालोव और सिलिच सेमीफाइनल में

**डलास,** 14 फरवरी (एजेंसियां) टेलर फ्रिट्ज, बेन शेल्टन, डेनिस शापोवालोव और मारिन सिलिक ने अपने क्वार्टर-फ़ाइनल मैच जीत कर नेक्सो डलास ओपन सेमीफ़ाइनल में जगह बना ली है। टेलर फ्रिट्ज़ ने शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले और चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2), 6-4, 7-6(5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। 4-5, 30/15 पहले सेट में, फ्रिट्ज ने एक अजीब बैकहैंड फ्लिक मारा जिससे तेज दर्द हुआ और उसी गेम में फिजियो को दिखाना पड़ा। पिछले साल लगी चोटों के बारे में पूरे हफ्ते बात करने के बाद, यह एक खतरनाक नज़ारा था। फ्रिट्ज़ की चोट पर काम हुआ और उन्हें अभी भी दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन उतना तेज नहीं। फिजियो ने उन्हें कई बार देखा, जिससे उन्हें मदद मिली। फिर भी, फ्रिट्ज को कोर्डा से निपटना पड़ा, जिन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में 5/4 पर सर्व किया। लेकिन एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 15 के खिलाड़ी ने लगातार फोरहैंड गलतियां कीं, जिससे फ्रिट्ज बच निकले। टॉप सीड खिलाड़ी ने 22 एस मारे और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए। फ्रिट्ज़ का अगला मुकाबला पहले वर्ल्ड नंबर 3 मारिन सिलिच से होगा, जिन्होंने सिर्फ 78 मिनट में ब्रेकथ्रू ब्रिटन जैक पिनिंगटन जोन्स को 6-1, 6-4 से हराया।

## सार संक्षेप

### मुचोवा और म्बोको में होगा खिताबी मुकाबला

**दोहा।** चेक की कैरोलिना मुचोवा शनिवार को दोहा में ग्रीस की मारिया सकारी पर तीन सेट की जीत के साथ कतर टोटलएनर्जीज़ ओपन के फाइनल में पहुंच गईं।इस जीत ने मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि वह इस लेवल पर अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं।डब्ल्यूटीए टूर पर पिछली चार मुलाकातों में मुचोवा सकारी से कभी नहीं हारी थीं, लेकिन यह सिलसिला खतरे में दिख रहा था जब सकारी ने लगातार पांच गेम जीतकर 6-3, 2-0 की बढ़त बना ली। मुचोवा ने अपना अग्रेसिव स्टाइल जारी रखते हुए लगातार पांच गेम जीते और दूसरे सेट में 5-2 से आगे हो गईं। हालांकि सकारी ने अंतर 5-4 कर दिया, लेकिन मुचोवा ने मजबूती से सेट 6-4 से जीता और फिर तीसरा सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। यह 29 साल की खिलाड़ी के लिए सीजन का दूसरा सेमीफ़ाइनल था और साल की उनकी 11वीं जीत थी - सिर्फ़ 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको के बाद दूसरी जीत, जिन्होंने शनिवार को येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की और अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 फ़ाइनल में पहुँचीं।

### सेरुंडोलो अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** टॉप सीड और लोकल फेवरेट फ्रांसिस्को सेरुंडोलो शुक्रवार को चेक विट कोप्रिवा को 6-4, 6-3 से हराकर अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। सेरुंडोलो, जो एटीपी टूर में 19वें नंबर पर हैं, ने अपने पहले सर्व पर 74 परसेंट पॉइंट जीते और 12 में से पांच ब्रेक पॉइंट को कन्वर्ट करके ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे 38 मिनट में जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 95 कोप्रिवा ने चार डबल फॉल्ट किए और 31 अनफोर्स्ड गलतियां कीं। 27 साल के सेरुंडोलो ने कहा, 'यह एक मुश्किल मैच था। बहुत तेज़ हवा चल रही थी और ऐसे पल भी आए जब आपने बॉल मारी और पता नहीं चला कि वह कहाँ जा रही है। उसने बहुत अग्रेसिव, इंटेंस और फ्लैट, लो खेलना शुरू किया। मुझे इसकी आदत नहीं थी। मैंने अच्छा नहीं खेला और मुझे अनकम्फर्टेबल महसूस हुआ, इसलिए मैं जीतकर बहुत खुश हूँ। '

### साथियान ने बनाई मेंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जगह

**चेन्नई।** डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2026 में चौथी सीड हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने मिक्स्ड डबल्स फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं, साथियान जी. ने अपने पहले मेंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में देसाई और घोरपड़े ने ऑल-इंडियन मिक्स्ड डबल्स सेमीफाइनल में पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए वाइल्ड कार्ड पायस जैन और सिंड्रेला दास को 3-0 (11-9, 11-6, 11-9) से शिकस्त दी। अब उनका सामना रोमानिया के दूसरे सीड एडुआर्ड इओनेस्कु और बर्नाडिट स्जोक्स से होगा।इससे पहले, साथियान ने मेंस सिंगल्स में भारत की उम्मीदों को जीवित रखा। वह 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इओनेस्कु को 3-2 (9-11, 11-3, 10-12, 11-7, 11-5) से हराकर आगे बढ़े।

SENSEX BSE 82626.76 ▼1048.16 NSE 25471.10 ▼ 336.10 MCX Gold 156200 ▲305 silver 244999 ▲8564



# अर्थ जगत

**सोना चमका, चांदी की चमक पड़ी फीकी**

**नई दिल्ली।** 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन-डे पर घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली है, जबकि चांदी में हल्की कमजोरी बनी हुई है। अंतर्राष्ट्रीय संकेतों और निवेशकों की खरीदारी के चलते सोने के भाव में सुधार हुआ है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,57,900 रुपए और 22 कैरेट 1,44,750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना करीब 1,57,750 रुपए और 22 कैरेट 1,44,600 रुपए प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड 1,55,770 रुपए और 22 कैरेट 1,44,600 रुपए प्रति 10 ग्राम है।



## बदल गए यूपीआई के बड़े नियम, क्या हुआ बदलाव

*नई दिल्ली। 14 फरवरी 2026 से यूपीआई यूजर्स के लिए कई नए नियम लागू हो गए हैं। एनपीसीआई ने ये बदलाव यूपीआई सिस्टम को तेज, सुरक्षित और बैंक सर्वर पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए किए हैं। आज देश में लोग गूगल-पे, फोन-पे और पेटीएम जैसे ऐप्स से रोजाना पेमेंट करते हैं, इसलिए ये नए नियम आम यूजर्स और व्यापारियों दोनों पर लागू होंगे।*





**बैलेंस चेक की नई लिमिट–** अब हर यूपीआई ऐप पर एक दिन में सिर्फ 50 बार बैंक अकाउंट बैलेंस चेक किया जा सकेगा। अगर कोई व्यक्ति दो ऐप्स इस्तेमाल करता है तो कुल-मिलाकर 100 बार बैलेंस चेक कर पाएगा। इससे बैंक सर्वर पर अनावश्यक लोड कम होगा और ट्रांजेक्शन ज्यादा स्मूथ रहेंगे।

**अकाउंट डिटेल्स देखने पर भी सीमा–** लिंक्ड बैंक अकाउंट की डिटेल्स देखने के लिए लिस्ट अकाउंट एपीआई की रिक्वेस्ट अब हर ऐप में दिन में सिर्फ 25 बार ही हो सकेगी।

यह नियम सिस्टम पर बढ़ते दबाव को कम करने और यूपीआई की स्पीड बेहतर बनाए रखने के लिए लागू किया गया है। आम यूजर्स पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि ज्यादातर लोग इतनी बार अकाउंट डिटेल्स चेक नहीं करते।

**क्रेडिट लाइन से पेमेंट का नया फीचर–** अगस्त 2026 से यूपीआई पर प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट लाइन से पेमेंट और पैसे निकालने की सुविधा शुरू होगी। फरवरी से इसकी तैयारी से जुड़े कुछ नियम लागू किए गए हैं। यह सुविधा क्रेडिट कार्ड जैसी होगी, लेकिन बिना फिजिकल कार्ड के, **जिससे छोटे लोन और डिजिटल पेमेंट्स और आसान हो जाएंगे।**

**क्यों किए गए ये बदलाव?–** यूपीआई पर हर दिन लाखों करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन होते हैं। फेल ट्रांजेक्शन कम करने, फ्रॉड रोकने और सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए ये नए नियम लागू किए गए हैं। इससे यूजर्स को ज्यादा सुरक्षित और तेज डिजिटल पेमेंट अनुभव मिलेगा।

## भारत के गोल्ड रिजर्व में बड़ी गिरावट, आरबीआई के आंकड़ों ने चौंकाया

*नई दिल्ली। देश के विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा जारी ताजा डेटा के मुताबिक सिर्फ एक हफ्ते में भारत के गोल्ड रिजर्व में 14 अरब डॉलर से ज्यादा की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जिसे रुपए में देखें तो करीब 1.28 लाख करोड़ रुपए का सोना कम हुआ है।*



हालांकि इसी दौरान फॉरेन करेंसी असेट्स में 7.5 अरब डॉलर से ज्यादा की बढ़ोत्तरी भी हुई, लेकिन गोल्ड होल्डिंग में तेज कमी के चलते कुल विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 6.7 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिली है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में भारत का कुल फॉरेक्स रिजर्व 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। लगातार चार हफ्तों की बढ़ोत्तरी के बाद यह पहली गिरावट है और इसी के साथ भंडार अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गया है। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, भंडार 14.361 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर लाइफ टाइम हाई 723.774 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया था।

**गोल्ड रिजर्व में बड़ी कमी**

इस सप्ताह गोल्ड रिजर्व में तेज गिरावट दर्ज की गई। आंकड़ों के मुताबिक सोने का भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह इसमें 14.595 अरब डॉलर की बढ़ोत्तरी हुई थी और उससे पहले चार हफ्तों तक लगातार तेजी देखने को मिली थी।

**करेंसी असेट्स में बढ़ोत्तरी**

फॉरेन करेंसी असेट्स, जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा होते हैं, 7.661 अरब डॉलर बढ़कर 570.053 अरब डॉलर हो गए। इसमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का असर शामिल होता है।

## अब प्रतिस्पर्धी दाम पर मिलेगा क्रूड ऑयल : पीयूष गोयल



*नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता देश की ऊर्जा जरूरतों को भी शामिल करेगा और इससे भारत को कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर हासिल करने में मदद मिलेगी। गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है।*

**500 अरब डॉलर में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जरूरतें शामिल–** उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 500 अरब डॉलर के व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी भारत की ऊर्जा जरूरतें भी शामिल होंगी। गोयल ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और इसकी ऊर्जा मांग प्रतिवर्ष लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। आयात बढ़ाने और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या अधिक होने से कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्राप्त किया जा सकेगा। भारत और अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति की घोषणा की थी, जिसके तहत कई वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती कर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा।

समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला पर आयात शुल्क खत्म कर देगा या उसमें कटौती करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान में करीब 14 करोड़ टन इस्पात का वार्षिक उत्पादन करता है और आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की उम्मीद है। इसके लिए देश को इस्पात निर्माण में प्रयुक्त विशेष कोयला कोकिंग कोल की जरूरत होगी, जिसका आयात फिलहाल लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपए का है और इसके तीन लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत कोकिंग कोल के आयात के लिए दो-तीन देशों पर निर्भर है और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धी मूल्य और आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गोयल ने कहा कि अमेरिका बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और वितरण से जुड़े उत्पादों में मजबूत है और भारत इन क्षेत्रों में अधिक पहुंच चाहता है, ताकि

## आरबीआई की बड़ी कार्रवाई, कई बैंक-एनबीएफसी पर लगाया लाखों का जुर्माना

*नई दिल्ल। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामकीय निर्देशों का पालन न करने के मामले में कई बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है।*

केंद्रीय बैंक ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 32.50 लाख रुपए, डीसीबी बैंक पर 29.60 लाख रुपए और सीएसबी पर 63.60 लाख रुपए का दंड लगाया है। इसके अलावा नवी फिनसर्व पर 3.80 लाख रुपए और आईआईएफएल फाइनेंस पर 5.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई के मुताबिक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़े डेटा को क्रेडिट सूचना कंपनियों के साथ साझा नहीं किया और कुछ खातों में वास्तविक लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित करने में कमी पाई गई। सीएसबी बैंक पर इसलिए कार्रवाई हुई, क्योंकि उसने बैंक प्रतिनिधियों के साथ निर्धारित दायरे से बाहर गतिविधियां करवाईं और कुछ बचत खातों पर शुल्क लगाने से पहले ग्राहकों को स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

वहीं डीसीबी बैंक के मामले में पाया गया कि कुछ गैर-कृषि गोल्ड लोन खातों में निर्धारित लोन-टू-वैल्यू अनुपात को ऋण अवधि के दौरान बनाए नहीं रखा गया। आईआईएफएल फाइनेंस पुनर्गठन के दौरान कुछ खातों को सही तरीके से एनपीए के रूप में वर्गीकृत करने में विफल रहा। सके अलावा नवी फिनसर्व पर आरोप है कि उसने बकाया ऋण की वसूली के दौरान ग्राहकों से अनुचित समय पर संपर्क किया और संदेश भेजने में तय आचार संहिता का पालन नहीं किया। आरबीआई ने कहा कि इन सभी मामलों में नियामकीय मानकों के उल्लंघन के कारण संबंधित संस्थानों पर मौद्रिक दंड लगाया गया है।

## वैलेंटाइन डे के चलते ई-कॉमर्स बिक्री 60 प्रतिशत तक बढ़ी, फूल-चॉकलेट की मांग में भी उछाल

*नई दिल्ली। वैलेंटाइन डे के चलते ई-कॉमर्स और गिफ्टिंग प्लेटफॉर्म पर बिक्री एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 60 प्रतिशत तक बढ़ी।*

इस साल ग्राहक फूल, चॉकलेट, व्यक्तिगत सामान और अनुभव को बेहतर करने वाले गिफ्ट पर खूब खर्च किया। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि इस वृद्धि को डिजिटल प्लेटफॉर्म, टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में क्विक डिलिवरी की पहुंच, प्रीमियम उत्पादों की मांग और आक्रामक प्रचार-प्रसार से रफ्तार मिल रही है।

फ्लिपकार्ट के उपाध्यक्ष (वृद्धि एवं मार्केटिंग) प्रतीक शेट्टी ने कहा, इस सीजन में वैलेंटाइन डे से संबंधित श्रेणियों में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 58 प्रतिशत की वृद्धि दिखी है। साथ ही ग्राहकों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो जबरदस्त तालमेल के साथ-साथ नए ग्राहकों की भागीदारी को दर्शाती है। शेट्टी ने कहा कि जहां तक मांग की बात है तो केक एवं पेस्ट्री में 7.7 गुना, नमकीन में 6.6 गुना, कुकीज एवं बिस्किट में 6.5 गुना, चॉकलेट में 6 गुना और हाईलाइटर जैसे सौंदर्य उत्पाद में 2.7 गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। एमेजॉन इंडिया के उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्लेटफॉर्म पर प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा, वैलेंटाइन डे साल के एक महत्वपूर्ण गिफ्टिंग अवसर के रूप में विकसित हो रहा है। इस दौरान हम



चॉकलेट, ताजे फूल, फ्रेगरेंस, ज्वैलरी, ब्यूटी, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और गिफ्ट कार्ड जैसी श्रेणियों में दमदार वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह विशेष अवसरों को मनाने के लिए ग्राहकों के बीच बढ़ते उत्साह को दर्शाता है, जहां प्रीमियम और क्यूरेटेड गिफ्टिंग विकल्पों के प्रति रुझान बढ़ रहा है। सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (सॉस) प्लेटफॉर्म यूनिकॉमर्स के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 1 से 10 फरवरी के बीच क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म, मार्केटप्लेस और ब्रांड वेबसाइटों पर 1.5 करोड़ से अधिक ऑर्डर प्रॉसेस किए गए। साल 2023 की समान अवधि के मुकाबले ई-कॉमर्स की मात्रात्मक बिक्री में लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ऑर्डर की मात्रा में 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्विगी इंस्टामार्ट के प्रवक्ता ने कहा, हमने इस साल वैलेंटाइन गिफ्टिंग में भारी वृद्धि देखी है जहां ज्वैलरी, ग्रीटिंग कार्ड एवं खिलौने जैसी प्रमुख श्रेणियों में पिछले साल के मुकाबले 10 गुना तक वृद्धि हुई है। इससे प्रीमियम उत्पादों की ओर ग्राहकों के झुकाव और क्यूरेटेड हैंपर्स के प्रति आकर्षण जैसे बदलाव का पता चलता है।

## सेंट्रल बैंक ने किया राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान का आयोजन

*जबलपुर, देशबन्धु। 13 फरवरी को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा संस्कृत थिएटर, भंवरताल गार्डन, जबलपुर में राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पीके मिश्रा, कुलपति, जेएनकेवीवी रहे।*


कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित कुमार, डीजीएम, केंद्रीय कार्यालय मुंबई द्वारा की गई। इस अवसर पर कुमार ने राइस मिल एवं दाल मिल उद्योग हेतु फूड क्लस्टर प्रोडक्ट का विशेष शुभारंभ (लॉन्च) किया। मंचासीन विशिष्ट अतिथियों में अविनाश कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर; डॉ. अमित शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,



जेएनकेवीवी, तथा अतुल कुमार श्रीवास्तव, डीन, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में रवि अमरावंशी, उपसंचालक कृषि; डॉ. नेहा पटेल, उपसंचालक उद्यानिकी; डॉ. दीपक शिव,विभाग प्रमुख पशु चिकित्सा विभाग, सुश्री अंजुला झा, जिला परियोजना प्रबंधक (एनआरएलएम), अपूर्व गुप्ता, डीडीए, नाबार्ड; एनएल मेहरा, सहायक अभियंता, अमित झा सहित अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 400 से अधिक कृषकों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं बैंक सखियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर 25 करोड़ से अधिक के कृषि एवं संबद्ध ऋण स्वीकृत एवं वितरित किए गए। विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति एवं वितरण पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. पीके मिश्रा ने वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया तथा बैंक एवं विश्वविद्यालय के समन्वय को किसानों के हित में उपयोगी बताया। मंच संचालन दीपक गौतम, मुख्य प्रबंधक एवं अभ्यदा अग्निहोत्री ने किया।

## इंडिगो की बढ़ी मुश्किलें, जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले में लगा 1.27 करोड़ का भारी जुर्माना

*नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइन पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले में 1.27 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है, जिसे कंपनी ने त्रुटिपूर्ण बताते हुए चुनौती देने का फैसला किया है। यह जुर्माना जुलाई 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए है और कंपनी को अपने पक्ष में मजबूत दलीलें होने का विश्वास है।*



इंडिगो पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित 1.27 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। एयरलाइन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इंडिगो ने कहा है कि वह इस आदेश को चुनौती देगी। बीएसई को दी गई जानकारी में, एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने कहा कि उसे जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित नोटिस मिला है। साथ ही, मुंबई के बांद्रा स्थित संयुक्त राज्य कर आयुक्त कार्यालय (अपील) ने ब्याज और जुर्माने के साथ राशि वसूलने का आदेश भी भेजा है। कंपनी का मानना है कि अधिकारियों द्वारा पारित आदेश त्रुटिपूर्ण है और उसका पक्ष मजबूत है। कुल 1.27 करोड़ रुपए का जुर्माना जुलाई 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए है।

## कई राज्यों के रेरा प्राधिकरण प्रकाशित नहीं कर रहे वार्षिक रिपोर्ट : एफपीसीई

*नई दिल्ली। रियल एस्टेट डेस्क देशभर के घर खरीदारों के प्रमुख संगठन फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स ने शुक्रवार को एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। संगठन का आरोप है कि अधिकांश राज्यों के रियल एस्टेट नियामक (रेरा) अपने वैधानिक दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जिससे रेरा कानून का मूल उद्देश्य ही खतरे में पड़ गया है।*

एफपीसीई ने एक बयान में रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 (रेरा) की धारा 78 के उल्लंघन की तरफ इशारा किया। संगठन ने कहा, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के स्पष्ट वैधानिक दायित्वों और बार-बार के निर्देशों के बावजूद देशभर में 75 प्रतिशत से अधिक राज्य रेरा प्राधिकरणों ने या तो कभी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है





या उनका प्रकाशन बंद कर दिया है या वे अद्यतन नहीं हैं। एफपीसीई ने मंत्रालय से सभी रेरा प्राधिकरणों को निर्धारित प्रारूप में वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए नए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया।

संगठन ने मंत्रालय से आग्रह किया कि वह राज्य सरकारों को अधिनियम की धारा 82 और 83 के तहत शक्तियों का उपयोग करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहे। एफपीसीई के अध्यक्ष अभय उपाध्याय ने कहा कि जब तक पुख्ता डेटा यह साबित न कर दे कि रेरा लागू होने के बाद घरों का कब्जा मिलने और कार्यप्रणाली की निष्पक्षता में बेहतरी आई है, तब तक सफलता के सभी दावे खोखले एवं बेबुनियाद हैं।

उन्होंने कहा, निर्दोष घर खरीदारों के साथ छल किया जा रहा है और इस बार इसके लिए रेरा का सहारा लिया जा रहा है। बिल्डरों के लिए यह कानून अब महज एक ऐसा प्रमाण-पत्र बन गया है, जिसकी आड़ में वे बिना किसी जवाबदेही के अपनी परियोजनाएं बेच रहे हैं।

एफपीसीई ने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और गोवा ने रेरा के लागू होने के बाद से एक भी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है। वहीं, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना जैसे नौ अन्यों ने रिपोर्ट प्रकाशित करना शुरू किया था, लेकिन अब इसे बंद कर दिया है।


**मुद्रा बाजार**

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 90. 64 |
| एक यूरो | 107. 90 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 124. 16 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 64. 35 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 124 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 134 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-144नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 88 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**सराफा बाजार**

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-159100 चांदी -255500

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन 159100 चांदी -255500

**दाल- चावल भाव**

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 10000-11000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 12500-13000, एकस्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7000-7200 चना दाल मार्का 7400-7500, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7200-7500, उड़द छिलका 8500-9000, फाइन 9500-10000, उड़द धुली 9000-10000, फाइन 11000-11500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9800-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10000, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3400, बेस्ट 3400-3500, बीपीटी चालू 3500-4000,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5800-6000, जेजेएल चालू 5500-5800, फाइन 6100-6200, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3200-3300, बेस्ट 3800-4000, मोगरा- 4200-4800, दुबार- 5000-5500, तिबार- 5500-6000, बासमती 8500-9000, बेस्ट 10000-10500 पोहा- 4500-4600, फाइन 5000-5200, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 8000-8200 रु.।

**लोहा भाव**

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 5600, 8 एम एम 5380, 10 एम एम 52 60,12 एम एम, 5200 एवं 16 एम 52 00 रु.। तार- 72 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

### महाकाल दर्शन के बाद खाटू श्याम जाते समय हादसा

# जबलपुर के पांच श्रद्धालुओं की सड़क दुर्घटना में मौत







**जबलपुर/जयपुर, देशबन्धु।** शहर के पांच श्रद्धालुओं की खाटू श्याम के दर्शन के लिये जाते समय कार दुर्घटना में मौत हो गई। कोटा-जयपुर नेशनल हाइवे 52 के चाकसू क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे ये हादसा घटित हुआ।

बताया जा रहा है कि कार चालक को झपकी लगी और कार एक ट्रक में जा घुसी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गये और उसमें बैठे पांचों लोग फंस गये। घटना के बाद हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई। राहगीरों ने तत्काल चाकसू पुलिस थाने में सूचना दी। मौके पर पुलिस ने मोर्चा संभालते हुये तुरंत एम्बुलेंस बुलाई और कार में फंसे लोगों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहीं क्रेन से दुर्घटना ग्रस्त कार को हटवाया।

चाकसू थाना प्रभारी मनोहर लाल मेघवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण कार ट्रेलर में जा टकराई। टक्कर के बाद मौके पर ही महिला सहित चार लोगों ने दम तोड़ दिया, जबकि एक युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया जांच में मृतक मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी हैं। जिसमें रेशमा श्रीवास्तव 55, पीयूष राय, राहुल रजक, ड्राइवर अनुराग 25 और शानू शामिल हैं। र

राहुल रजक खेरमाई मंदिर क्षेत्र का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार सभी श्रद्धालु 12 फरवरी को उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर महादेव के दर्शन के लिए निकले थे।

13 फरवरी को दर्शन के बाद वे खाटूश्यामजी (सीकर) के दर्शन के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान जयपुर के चाकसू इलाके में यह दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार सभी शवों को चाकसू उपजिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

## मृतक कटंगी रोड और सदर निवासी

जानकारी के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाले पांचों लोग कटंगी रोड व मदर टेरेसा क्षेत्र के रहने वाले थे। आपस में परिचित होने के कारण धार्मिक यात्रा पर निकले थे। पीयूष राय, राहुल रजक, और अनुराग मदर टेरेसा के निवासी थी। जबकि रेशमा श्रीवास्तव कटंगी रोड स्थित नक्षत्र नगर में निवास करती थी। परिजनों ने बताया कि अनुराग पीयूष अविवाहित था। वहीं अनुराग की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। सभी ने उज्जैन महाकाल दर्शन करने का प्लान बनाया था। उज्जैन में दर्शन के बाद सभी खाटू श्याम दर्शन के लिये निकले थे और हादसे का शिकार हो गये।

## रेशमा का भतीजा है शानू

वहीं बताया जा रहा है कि मृतकों में शानू, रेशमा श्रीवास्तव के भाई का बेटा है। जो सदर क्षेत्र में रहता था। वह भी इस यात्रा में शामिल था। हादसे में वह भी काल के गाल में समा गया। कटंगी रोड नक्षत्र नगर, करमेता और सदर क्षेत्र में घटना की खबर मिलते ही शोक की लहर है। मृतकों के परिजन घटना स्थल चाकसू क्षेत्र के लिये रवाना हो चुके हैं, और मृतकों के शवों को जबलपुर लाने के लिये प्रयासरत हैं। सारी कार्यवाहियों के बाद सभी शव उनके परिजनों को सौंप दिये जाएंगे।

# बीकानेर स्वीट्स की मिठाई खाने से 18 बीमार, एक गंभीर

### घटना से मचा हड़कंप, जांच के लिये भेजे सैंपल



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों में किस तरह की अंधेरगर्दी चल रही है इसका ताजा उदाहरण सामने आया है। बुधवार को भेड़ाघाट चौराहे पर स्थित बीकानेर स्वीट्स से खरीदी गई मिठाई खाते ही परिवार के करीब 18 लोग बीमार पड़ गए। तबीयत बिगड़ने पर कुछ को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जबकि इनमें से चार लोग विक्टोरिया अस्पताल में इलाज कराने के लिए पहुंचे जबकि एक सदस्य की हालत गंभीर होने पर उसे नागपुर रेफर किया गया है।

सूत्रों का कहना है कि बुधवार को भेड़ाघाट स्थित पटेल परिवार निवास पर सुहागलों का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। सुहागलों के कार्यक्रम में उक्त खरीदी गई मिठाई के साथ अन्य व्यंजन भी थे। जिन्हें खाने के कुछ समय बाद एक के बाद सबकी तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पीड़ित परिवार के रिश्तेदार रोहित पटेल ने बताया कि बीमार लोगों में दो पुरुष है, शेष बच्चे और महिलाएं हैं उनका कहना है कि फिलहाल सभी लोगों का इलाज करवाया जा रहा है। इसके साथ ही भेड़ाघाट थाना पुलिस को भी सूचना दी गई है।

## एक नागपुर रेफर

निजी अस्पताल में भर्ती एक मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे नागपुर रेफर किया गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन सर्तक हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि मिठाई खाने से फूड पॉजनिंग की घटना हुई है,हालांकि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। दूसरी ओर एक महिला से बात करने पर उसने बताया कि उसने और उसके बेटे ने भी मिठाई खायी थी लेकिन उसे कुछ नहीं हुआ है।

## उल्टी-दस्त के बाद बिगड़ी हालात

विक्टोरिया जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी का कहना है कि डायरिया के चार मरीज आए थे। जिसमें दो महिलाएं व दो बच्चे शामिल हैं। शनिवार को एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा प्रशासन छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान बीकानेर स्वीटस से पिस्ता, बर्फी का नमूने लेकर भोपाल की प्रयोगशाला में भेजा गया है। जिला खाद्य प्रशासन विभाग के प्रभारी देवेन्द्र दुबे ने बताया कि बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान परिवार के सदस्यों ने मिठाई व अन्य व्यंजन खिलाए जाने के बाद फुड प्वाइंजनिंग जैसे लक्षण परिलक्षित होने के बाद उनका उपचार कराया गया है। संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा।





**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 120
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 130
छोटा ब्रॉयलर - रु. 140
मो.- 9039925999

**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 144
मुर्गा मीडियम - रु. 134
मुर्गा बड़ा - रु. 124
मुर्गा जम्बो - रु. 124
मो.-9039925000, 9425800409


## अब पथरिया स्टेशन पर विंध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन रुकेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** गाड़ी संख्या 11272/11271 भोपाल-इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन के पथरिया रेलवे स्टेशन पर ठहराव के शुभारंभ समारोह का आयोजन शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि योगेश चौधरी, रेल प्रशासन से सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य रेल कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस अतिरिक्त ठहराव से क्षेत्रीय यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।























